**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 41.0 | 28.0 |
| जमशेदपुर | 40.8 | 25.2 |
| डालटनगंज | 40.5 | 23.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार






चुनावी समर 2024

मंगलवार 16 अप्रैल 2024 चैत्र शुक्ल 08 , संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 8

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


## मोदी की मणिपुर पर बोलने और वहां जाने की हिम्मत नहीं: जयराम



मणिपुर में पिछले एक साल से हो रही हिंसा पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका पर सवाल उठाया. उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मणिपुर एक साल से जल रही है. वहां हिंसा हो रही है. लेकिन प्रधानमंत्री ना तो अब तक मणिपुर गए हैं और ना ही इस घटना को लेकर कुछ बोला है. मणिपुर जाने या वहां घट रही घटनाओं पर बोलने की उनमें हिम्मत नहीं है. ना ही मुख्यमंत्री से बात की और ना ही राज्यों राजनीतिक दलों से कोई बातचीत की. सिर्फ अविश्वास प्रस्ताव के दौरान ही थोड़ा बोला. मैं उत्तर पूर्वी राज्यों में था. लोगों ने बताया कि उन्हें कोई उम्मीद नहीं है कि प्रधानमंत्री मणिपुर आएंगे. प्रधानमंत्री तमिलनाडु जाते हैं, केरल जाते हैं, कर्नाटक जाते हैं, असम में जाते हैं. लेकिन मणिपुर या मिजोरम जाने की हिम्मत नहीं है. अब मणिपुर में चुनाव के दो दिन ही बाकी है. एक साल से वहां हिंसा जारी है. हजारों लोग मारे गए हैं. हजारों परिवार बेघर हो गए. कल भी गृह मंत्री अमित शाह के दौरे के बाद दो लोग मारे गए. लेकिन प्रधानमंत्री मणिपुर को लगातार नजरअंदाज करते रहें है.

## देश में एक नेता का बयान थोपा जा रहा: राहुल गांधी



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर देश में एक नेता का विचार थोपने का आरोप लगाया और कहा कि यह देश के लोगों का अपमान है. उन्होंने कहा, भारत फूलों के गुलदस्ते की तरह है और हर एक का सम्मान किया जाना चाहिए क्योंकि यह पूरे गुलदस्ते की सुंदरता को बढ़ाता है. भारत में केवल एक ही नेता होना चाहिए, यह विचार प्रत्येक युवा भारतीय का अपमान है. राहुल ने सवाल किया कि भारत में एक से अधिक नेता क्यों नहीं हो सकते? दावा किया कि यही विचारधारा कांग्रेस और भाजपा के बीच का मुख्य अंतर है. कांग्रेस देश के लोगों की बात सुनना चाहती है और उनकी आस्था, भाषा, धर्म, संस्कृति से प्यार व उनका सम्मान करना चाहती है. राहुल ने कहा, हमें आरएसएस की विचारधारा की वजह से अंग्रेजों से आजादी नहीं मिली. हम चाहते हैं कि भारत पर उसके अपने ही लोगों का शासन हो. वायनाड से फिर से चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे राहुल लोकसभा चुनाव की तारीख की घोषणा के बाद दूसरी बार निर्वाचन क्षेत्र पहुंचे हैं. केरल की 20 लोकसभा सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा.

## मछली खानेवालों को हिंदू विरोधी कह रहे पीएम: अभिषेक बनर्जी



लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच सियासत में मछली और मटन चर्चा में हैं. पीएम नरेंद्र मोदी के विपक्षी नेताओं के सावन और नवरात्र में नॉनवेज खाने के आरोपों पर अब विपक्षी नेता इस पर पलटवार कर रहे हैं. टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने मछली खाने वाले बयान को लेकर पीएम मोदी पर निशाना साधा. उन्होंने कहा, हम मछली खाते हैं, लेकिन पीएम कहते हैं कि मछली खाने वाले हिंदू विरोधी हैं. मोदी जी मछली खाने पर बंगाल के लोगों को हिंदू विरोधी कह रहे हैं. भाजपा न सिर्फ हमारे वोट चाहती है, बल्कि वो चाहती है कि हम यह तय करें कि किसे वोट देना है, किसे प्यार करना है और किसकी पूजा करनी है. अभिषेक बनर्जी डायमंड हार्बर से टीएमसी के उम्मीदवार हैं. फिलहाल बीजेपी ने यहां से कोई प्रत्याशी घोषित नहीं किया है. हाल ही में बनर्जी ने इस पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि अगर भाजपा के पास उम्मीदवार नहीं हैं तो गृह मंत्री अमित शाह डायमंड हार्बर से चुनाव लड़ सकते हैं. भाजपा के लिए सबसे अच्छा उम्मीदवार ईडी, सीबीआई निदेशक होंगे.

## संविधान बदलने वालों की आंखें निकाल लेंगे गरीब लोग: लालू



बिहार के पूर्व सीएम और राजद के सुप्रीमो लालू यादव ने पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार पर जम कर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि भाजपा में काफी घबराहट है. ये लोग यह मानकर बैठे हैं कि वो (भाजपा) हार रहे हैं. जनता का मनोबल गिराने के लिए 400 पार का नारा दे रहे हैं. लगातार इनकी पार्टी के नेता खुलेआम बोल रहे हैं कि हम (भाजपा) संविधान को बदल देंगे. यह संविधान अंबेडकर ने बनाया है. जो भी इसे बदलने की कोशिश करेगा, देश के गरीब, दलित और पिछड़े उनकी आंखें निकाल लेंगे. लालू प्रसाद ने कहा कि भाजपा को तल्ख लहजे में कहा कि खबरदार अगर इस तरह का साहस किया, तो देश की जनता माफ नहीं करेगी. लालू ने कहा कि देश में अपना शासन लाना चाहते हैं. तानाशाही लाना चाहते हैं. संविधान बदलने का मतलब लोकतंत्र को बदलना है. लोकतंत्र बदलने का मतलब है कि यह लोग देश में जनतंत्र नहीं चाहते. लोकतंत्र खत्म करके देश में तानाशाही लाना चाहते हैं. 2024 में एनडीए को बहुमत आने के सवाल पर लालू प्रसाद ने कहा कि बहुमत आने की कोई उम्मीद नहीं है.

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 68,600 |
| चांदी (किलो) | 88,000 |

## ब्रीफ खबरें

### केजरीवाल को कोर्ट से लगा दोहरा झटका

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को सोमवार को दो झटके लगे. पहला सुप्रीम कोर्ट से मिला. उसके बाद दिल्ली की एक अदालत ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दीं. सुप्रीम कोर्ट से केजरीवाल को राहत नहीं मिली. मामले में अगली सुनवाई 29 के बाद होगी. केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी कर 24 तक जवाब मांगा है. वहीं राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली सीएम की न्यायिक हिरासत बढ़ा कर 23 अप्रैल कर दी है. अब केजरीवाल को और 8 दिन तिहाड़ जेल में बिताने होंगे.

### मिडिल ईस्ट में तनाव से शेयर बाजार धड़ाम

**मुंबई।** शेयर बाजार में सोमवार को बड़ी गिरावट दर्ज की गई. ईरान द्वारा इज़राइल पर हमले के बाद मिडिल ईस्ट में तनाव के बीच निवेशकों की घबराहट बढ़ने से बाजार में गिरावट आई. 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 900 से ज्यादा अंकों की गिरावट लेकर 73,315.16 पर खुला. अंत में यह 845.12 अंक या 1.14% की गिरावट से 73,399.78 पर बंद हुआ.नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ़्टी-50 भी 246.90 या 1.1% की गिरावट के साथ 22,272.50 पर बंद हुई. 50 कंपनियों में से 44 के शेयर गिरो, जबकि केवल 6 शेयर हरे निशान में बंद हुए.

### कल रामलला का अभिषेक करेंगी सूर्य की किरणें

**अयोध्या।** रामनवमी के दिन बुधवार को रामलला भक्तों को 19 घंटे दर्शन देंगे. राम जन्मोत्सव के दिन सुबह 3:30 बजे से ही भक्त दर्शन के लिए लाइन में लग सकेंगे. रात 11 बजे तक श्रृंगार, राग-भोग व दर्शन साथ-साथ चलते रहेंगे. जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि बताया कि बुधवार को दोपहर 12 बज कर 16 मिनट पर सूर्य की किरणें रामलला का अभिषेक करेंगी. यह क्षण देखने के लिए सभी लोग लालायित हैं.

## सिर्फ आपके लिए : चुनाव के दौर में देश को लेकर क्या सोचते हैं, पढ़ें दो खास लोगों के इंटरव्यू

# कितना भी जोर लगा लें, मोदी 230 सीट से आगे नहीं बढ़ेंगे

जाने-माने अर्थशास्त्री और सामाजिक टिप्पणीकार डॉ. परकला प्रभाकर ने दि वायर को दिये एक साक्षात्कार में करन थापर से कहा कि नरेंद्र मोदी शासन अर्थव्यवस्था और अन्य चीजों को संभालने में बेहद अक्षम साबित हुआ है, हालांकि वह लोगों के बीच विभाजनकारी भावनाओं को भड़काने में बहुत सक्षम हैं. द वायर के लिए करन थापर के साथ एक इंटरव्यू में देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पति डॉ. परकला प्रभाकर ने साफ शब्दों में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तानाशाह प्रवृत्ति के हैं और उनकी सरकार यदि फिर वापस आयी, तो यह देश के लिए बहुत घातक साबित होगा. मोदी सरकार देश की अर्थव्यवस्था और अन्य चीजों को संभालने में बेहद अक्षम रही है. डॉ. प्रभाकर ने इस पर एक किताब ' द क्रुक्ड टिम्बर ऑफ न्यू इंडियाः एसेज ऑन ए रिपब्लिक इन क्राइसिस' भी लिखी है. **पढ़िए डॉ परकला प्रभाकर के इंटरव्यू का संपादित अंश...**

**Q. डॉ परकला... नरेंद्र मोदी दावा कर रहे हैं कि चुनाव में भाजपा 370 सीटें और एनडीए 400 के पार रहेगी... जबकि हाल के दिनों में आपने कई इंटरव्यू में दावा किया है कि भाजपा इस बार 220-230 सीटों के लिए संघर्ष करेगी. आप इस बारे में क्या कहेंगे?**

**डॉ. परकला:** धन्यवाद. नरेंद्र मोदी का 370 और 400 पार का नारा बेहद चालाकी भरा है. भाजपा और मोदी ने ऐसा कह कर डिबेट की लाइन बदल दी है. अगर वो लोग ऐसा न कहते तो देश की जनता सोचती कि मोदी और भाजपा इस बार चुनाव में जीतेंगे कि नहीं. सारी डिबेट इस पर आ जाती. लेकिन मोदी ने बड़ी चालाकी से 370 और 400 का नारा देकर नैरेटिव बदल दिया. इससे डिबेट शिफ्ट होकर इस बात पर आ गयी है कि मोदी 370 और एनडीए 400 सीटें जीतेंगे या नहीं. जबकि मेरा अनुमान है कि मोदी और भाजपा इस बार 220-230 सीटें जीतने के लिए भी संघर्ष कर रहे हैं. अब मैं अपने अनुमान पर आता हूं. 2014 के चुनाव पर. उस समय भाजपा की लोकप्रियता चरम पर थी. देश के लोग कथित घोटालों और लुंज-पुंज तत्कालीन सरकार से काफी नाराज थे. गरीब, मध्यम वर्ग भ्रष्टाचार से त्रस्त था. पूरे देश में लोगों में भारी नाराजगी थी. मोदी और गुजरात मॉडल के साथ एक मजबूत नेता की जोरदार मार्केटिंग से आकर्षित होकर लोग भाजपा की तरफ गये. तब देश में इनकी बड़ी लहर खड़ी हो गयी थी. फिर भी 22-24 प्रतिशत वोट ही भाजपा को मिले थे. मैं इसमें एनडीए की बात नहीं कर रहा, भाजपा की बात कर रहा हूं. वहीं 2019 में पुलवामा-बालाकोट जैसी घटनाएं इसमें जुड़ गयीं. इससे भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ कर 38-39 प्रतिशत पर आ गया, जिससे सरकार में मोदी की वापसी हुई. अब मौजूदा समय की बात करूं, तो देश में पिछले 10 सालों में अर्थव्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है. आम आदमी बेरोजगारी और महंगाई से त्रस्त है. इस सरकार के घोटाले भी उभर कर सामने आ गये हैं. इलेक्टोरल बॉण्ड के रूप में हजारों करोड़ के घोटाले हुए हैं. लोग अनुमान ही नहीं लगा पा रहे कि यह कितना बड़ा घोटाला है. अब तक मोदी सरकार जिस ईमानदारी के धरातल पर खड़ी थी, वह ढह चुका है. लोगों की समझ में धीरे-धीरे सबकुछ आने लगा है. ऐसे में मोदी के पक्ष में कुछ नहीं जा रहा.



### और क्या-क्या कहा डॉ प्रभाकर ने

- *पीएम नरेंद्र मोदी तानाशाह प्रवृत्ति के, किसी की सुनते ही नहीं*
- ***भाजपा और नरेंद्र मोदी सिर्फ दिवास्वप्न ही देख रहे हैं.***
- *देश में पिछले 10 सालों में अर्थव्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है, किसी को चिंता नहीं*
- ***आम आदमी गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई से त्रस्त है***
- *इलेक्टोरल बॉण्ड के रूप में हजारों करोड़ के घोटाले हुए हैं*

**Q. नरेंद्र मोदी ने तो 370 सीट ही कहा था, अब तो भाजपा के लोग कह रहे हैं अकेले 450 से ज्यादा सीटें जीतने जा रहे हैं. आप क्या कहेंगे?**

**डॉ. परकला:** असंभव, यह तो देखिए कि भाजपा कितनी सीटों पर लड़ रही है. 2019 में भाजपा ने जो सीटें जीतीं थीं, वो उसका उच्चतम स्कोर था. अब उस तक पहुंचना भी मुश्किल है. मुझे लगता है कि भाजपा और मोदी दिवास्वप्न देख रहे हैं.

**Q. भाजपा का दावा है कि इस बार उसका स्ट्राइक रेट 82 प्रतिशत रहेगा?**

**डॉ. परकला:** यह असंभव है. आप देखिए कि इस देश में क्या चल रहा है. ऐसे में यह सोचा भी नहीं जा सकता.

**Q. जैसा कि आप कह रहे हैं कि मोदी 220-230 सीटों पर ही सिमट जाएंगे. इसका मतलब उत्तर भारत में भाजपा बहुत सारी सीट हार जाएगी?**

**डॉ परकला:** देखिए यूपी, राजस्थान, बिहार, गुजरात, एमपी, बिहार ही भाजपा का कोर एरिया है. यहां तो मोदी पहले ही अधिकतम सीटें जीत चुके हैं. अब मंदिर का कोई असर नहीं है. इन इलाकों में मोदी पहले की जीती सीटों में 50-60 हारने जा रहे हैं. ऐसा कई बड़े सर्वे भी बता रहे हैं.

**Q. आप कह रहे हैं कि भाजपा उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, गुजरात और राजस्थान में पहले के मुकाबले 50-60 सीटें हारेगी?**

**डॉ. परकला:** जी बिल्कुल, मेरा तो यही अनुमान है.

**Q. दक्षिण भारत में इस बार मोदी की क्या परफार्मेंस रहेगी. पिछली बार 2019 में भाजपा ने 129 में से मात्र 29 सीटें जीती थीं?**

**डॉ. परकला:** जी, कर्नाटक में भाजपा ने 29 में 26 सीटें जीती थीं. विपक्ष को मात्र तीन सीटें मिली थीं. अकेले कर्नाटक में ही भाजपा ने अच्छा प्रदर्शन किया था. इसके अलावा तेलंगाना से तीन सीटें मिली थीं. इस बार आंध्रप्रदेश में तेलुगुदेशम पार्टी से गठबंधन के चलते भाजपा को थोड़ी राहत मिल सकती है. लेकिन कर्नाटक में भाजपा को भारी नुकसान होने जा रहा है. इस तरह भाजपा को दक्षिण भारत में भी सीटें कम मिलेंगी. कुल मिला कर 60-70 सीटों का नुकसान होने जा रहा है.

-शेष पेज 7 पर

# कोई भी डरे नहीं, मेरे फैसले डराने-दबाने के लिए नहीं हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनके पास देश के लिए बड़ी योजनाएं हैं. ऐसे में किसी को भी डरने की जरूरत नहीं है. उनके निर्णय किसी को डराने और दबाने के लिए नहीं हैं. वे देश के समग्र विकास के लिए हैं. पीएम मोदी ने ये बातें समाचार एजेंसी एएनआई को दिए एक इंटरव्यू के दौरान कहीं. सोमवार को प्रसारित इंटरव्यू के दौरान पीएम कहते नजर आए- देश के युवाओं के एसपिरेशंस (आकांक्षाओं) को मैं बिगाड़ना नहीं चाहता. मैं नहीं मानता हूं कि मैंने सब कुछ कर लिया है. अभी बहुत कुछ है, जो मुझे करना है. जो हुआ है वह ट्रेलर है. मैं बहुत अधिक करना चाहता हूं. सरकार द्वारा जेल भेजे जाने के विपक्षी दलों के आरोपों का खंडन करते हुए मोदी ने कहा कि ईडी द्वारा दर्ज किए गए ज्यादातर केस उन व्यक्तियों और ऐसी संस्थाओं के खिलाफ हैं, जिनका राजनीति से कोई संबंध नहीं है. **पीएम नरेंद्र मोदी ने साफ कर दिया कि उन्होंने अपने तीसरे कार्यकाल की तैयारी शुरू कर ली है...**

**सनातन विरोधियों पर वार करते हुए इंदिरा के रुद्राक्ष का जिक्र किया**

**पीएम मोदी** से सवाल किया गया कि वो सनातन पर हाल ही में दिए विवादित बयानों पर क्या सोचते हैं. इस का जवाब देते हुए मोदी ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा, मैं इस सवाल को जरा अलग तरीके से देखता हूं. मैं इसको लेकर कांग्रेस से सवाल करता हूं. जो कांग्रेस, जिसके साथ कभी महात्मा गांधी का नाम जुड़ा हुआ था. जो कांग्रेस जिसकी नेता इंदिरा गांधी गले में रुद्राक्ष की माला पहन कर घूमती थीं. सवाल कांग्रेस से है कि उनकी क्या मजबूरी है. सनातन के खिलाफ जहर उगलने वालों के साथ तुम क्यों बैठे हो? क्या तुम्हारी राजनीति अधूरी रह जाएगी क्या? पीएम मोदी ने कहा, ये कांग्रेस की सोच में कौन-सी विकृति आ रही है, ये चिंता का विषय है. डीएमके का तो जन्म शायद इस नफरत के कारण हुआ होगा. धीरे-धीरे उनके नफरत के खेल को लोग स्वीकार नहीं कर रहे हैं. इसलिए वो नए-नए तौर तरीके अपना कर बोल रहे हैं. ऐसे में सवाल उनसे नहीं है, कांग्रेस से है कि क्या कांग्रेस ने अपना मूल कैरेक्टर गवां दिया है क्या? सनातन के मुद्दे पर कांग्रेस पर हमला बोलने के साथ ही पीएम मोदी ने संविधान में सनातन से प्रेरित पेंटिंग्स के इस्तेमाल का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा, संविधान सभा में ज्यादातर लोग गांधीवादी थे और कांग्रेस की विचारधारा से जुड़े हुए लोग थे. जब संविधान बना, उसके हर पेज पर जो पेंटिंग हैं, वो सनातन से ही प्रेरित हैं. संविधान में सनातन का गौरवपूर्ण हिस्सा है और आज जो लोग सनातन को गालियां दे रहे हैं आप (कांग्रेस) उनके साथ मंच साझा कर रहे हैं.

**एक झटके में गरीबी मिटा दूंगा पर राहुल को लपेटा**

**इंटरव्यू में** पीएम मोदी कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर भी हमलावर होते हुए दिखे. बोले- दुर्भाग्य से हमारे यहां शब्दों के प्रति कोई जिम्मेदारी ही नहीं है. मैंने एक नेता को कहते हुए सुना एक झटके में मैं गरीबी हटा दूंगा. जिन्हें पांच से छह दशक तक देश पर राज करने को मिला और वे कहते हैं कि मैं एक झटके में गरीबी हटा दूंगा, उन्हें सुन कर लोग सोचते हैं कि ये क्या बोल रहे हैं. उनकी दादी ने भी बहुत साल पहले गरीबी हटाओ का नारा दिया था, गरीबी दूर हुई क्या? हर काम में समय लगता है, लेकिन कांग्रेस के जादूगर छड़ी घुमा कर गरीबी दूर करने की बात कह रहे हैं. हम प्राण जाए पर वचन न जाए की महान परंपरा से निकले हैं. नेताओं को जिम्मेदारी लेनी चाहिए. आज हम जो कहते हैं उस पर लोगों को भरोसा है. मोदी की गारंटी पर लोगों को भरोसा है.



### और क्या-क्या कहा प्रधानमंत्री ने

- *तकलीफ होती है, जब देखता हूं कांग्रेस सनातन विरोधी हो गई*
- ***ये कांग्रेस की सोच में कौन-सी विकृति आ गई है***
- *अब तो डॉ. भीमराव अंबेडकर भी आ जाएं, तो संविधान बदलने की ताकत किसी में नहीं*
- ***लोकतंत्र में चुनाव को किसी को हल्के में नहीं लेना चाहिए***
- *इलेक्टोरल बॉण्ड को लेकर भविष्य में पछताएंगे विपक्ष के लोग*

**राम का जिक्र कर विविधता को बताया देश की ताकत**

**उत्तर-दक्षिण** के कथित विभाजन पर पीएम मोदी ने बताया, भारत को टुकड़ों में देखना भारत के प्रति नासमझी का परिणाम है. अगर आप हिंदुस्तान में देखें तो प्रभु राम के नाम से जुड़े हुए गांव सबसे ज्यादा कहां है? तो वो तमिलनाडु में हैं. अब आप इसको कैसे अलग कर सकते हैं. विविधता हमारी ताकत है, हमें इसका जश्न मनाना चाहिए.कांग्रेस के आरोप पर कि 400 पार से संविधान रद्द हो जाएगा... पर प्रधानमंत्री मोदी ने बताया, जो व्यक्ति यूएन में जाकर दुनिया की सबसे पुरानी भाषा तमिल भाषा का गुणगान करता है, किस आधार पर उस व्यक्ति पर आप ऐसे आरोप कैसे लगा सकते हैं? समस्या उनमें (विपक्ष) है, वे देश को एक ही सांचे में ढालना चाहते हैं. हम विविधता की पूजा करते हैं. हम इसका जश्न मनाते हैं.

**चुनाव पर क्या बोले पीएम मोदी**

**पीएम मोदी** ये भी बोले- 2047 में देश की आजादी के 100 साल पूरे होंगे. ऐसे जो माइलस्टोन (मील के पत्थर) होते हैं, वे लोगों में उत्साह भरते हैं. इस 25 साल का सर्वाधिक उपयोग कैसे करें. भारत की आजादी के 100 साल भारत में एक प्रेरणा जगनी चाहिए. दूसरा है 2024, चुनाव का क्रम है. वह आया हुआ क्रम है. ये दूसरी चीज है. लोकतंत्र में चुनाव को हल्के में नहीं लेना चाहिए. इसे उत्सव के रूप में मनाना चाहिए. चुनाव का माहौल अगर हम लोकोत्सव में बदल दें, तो यह संस्कार बन जाएगा. लोकतंत्र हमारी रगों में और हमारे संस्कार में होना चाहिए.

**गुजरात में था तब से इस दिशा में कर रहा काम, अब लागू किया**

**एएनआई की** से पीएम ने मोदी ने कहा- मैं आज यह सब कर रहा हूं ऐसा नहीं है. मैं जब गुजरात में था, तब भी मैं इस दिशा में काम कर रहा था. कांग्रेस और भाजपा का कार्यकाल, उनका पांच से छह दशक का काल मेरा 10 साल का काम...मुझे 10 साल में दो साल तो कोविड की लड़ाई में जाना पड़ा. सर्वसमावेशी विकास की बात करें तो मुझे अगले कार्यकाल में गति भी बढ़ानी है और स्केल भी बढ़ाना है. दुर्भाग्य से पहले की राजनीतिक शक्ति परिवार को मजबूत बनाने में लगती थी.


-शेष पेज 07 पर

## खुशखबरी आईएमडी ने जारी किया अनुमान, ला नीना प्रभाव के चलते सामान्य से बेहतर रहेगा मॉनसून

# इस साल जम कर बरसेंगे बादल, अच्छी होगी फसल

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

देश में इस साल मॉनसून सामान्य से बेहतर रह सकता है. मौसम विभाग का कहना है कि इस साल पूरे देश में औसतन 87 सेंटीमीटर तक बारिश हो सकती है. ला नीना प्रभाव के चलते इस साल देश में मॉनसून अच्छा रहेगा. अगस्त-सितंबर में अच्छी बारिश होने का अनुमान है. भारत मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में सोमवार को बताया कि इस साल मॉनसून के दौरान पूरे देश में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना है. आईएमडी के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने यहां पत्रकार वार्ता में कहा कि पूरे देश में 2024 दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के तहत एक जून से 30 सितंबर के बीच मॉनसून ऋतुनिष्ठ वर्षा दीर्घावधि औसत (एलपीए) का 106 फीसदी होने की संभावना है. उन्होंने कहा कि अगर ऋतुनिष्ठ वर्षा के दीर्घावधि औसत की 96 फीसदी से 104 फीसदी के बीच बारिश होती है तो वो सामान्य होती है. आईएमडी प्रमुख ने कहा कि 106 फीसदी बारिश सामान्य से अधिक की श्रेणी में आती है और अगर दीर्घावधि औसत की 105 फीसदी से 110 फीसदी के बीच बारिश होती है, तो इसे सामान्य से अधिक माना जाता है. महापात्र ने कहा कि पूरे देश में ऋतुनिष्ठ वर्षा का दीर्घावधि औसत 87 सेंटीमीटर है.



### सामान्य से बेहतर रहेगा मॉनसून

भारतीय मौसम विभाग के प्रमुख ने बताया कि साल 1951 से लेकर 2023 तक का डाटा देखने से पता चलता है कि देश में नौ बार मॉनसून सामान्य से बेहतर रहा है. ला नीना प्रभाव के चलते ही ऐसा हुआ. पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने कहा कि 1971 से 2020 तक के बारिश के आंकड़ों के अनुसार, हमने नया दीर्घकालिक औसत और सामान्य पेश किया है. इस सामान्य के अनुसार, 1 जून से 30 सितंबर तक पूरे देश की कुल वर्षा का औसत 87 सेमी होगा. देश में चार महीनों तक (जून से सितंबर तक) सामान्य से ज्यादा बारिश होगी और 106 प्रतिशत तक होगी. जलवायु विज्ञानियों का कहना है कि बारिश के दिनों में कमी आ रही है, जबकि भारी बारिश की घटनाएं बढ़ रही हैं. इसके चलते ही बाढ़ और सूखे की समस्या देखने को मिल रही है.

### अल नीनो प्रभाव के चलते बीते साल कम हुई बारिश

अभी देश में अल नीनो प्रभाव का असर है, लेकिन अगस्त-सितंबर में इसके ला नीना प्रभाव में बदलने का अनुमान है. उत्तरी गोलार्द्ध में बर्फबारी भी कम हुई है और ये परिस्थिति भारत में दक्षिण पश्चिम मॉनसून के पक्ष में है. अल नीनो प्रभाव के चलते साल 2023 में भारत में 820 मिमी बारिश हुई थी, जो कि सामान्य से कम थी. यह दीर्घ अवधि के औसत 868.6 मिमी से भी कम थी. साल 2023 से पहले चार वर्षों में मॉनसून के दौरान भारत में सामान्य और सामान्य से बेहतर बारिश दर्ज की गई थी .अल नीनो प्रभाव में मध्य प्रशांत महासागर की सतह का पानी गर्म होता है, इसके चलते मॉनसूनी हवाएं कमजोर होती हैं और भारत में सूखे के हालात पैदा होते हैं. ला नीना प्रभाव में पूर्व से पश्चिम की तरफ हवाएं तेज हो जाती हैं, जिससे समुद्र की सतह का गर्म पानी पश्चिम की तरफ चला जाता है. इसके चलते समुद्र का ठंडा पानी ऊपर सतह पर आ जाता है, जिससे पूर्वी प्रशांत महासागर क्षेत्र में समुद्र की सतह का तापमान सामान्य से अधिक ठंडा हो जाता है. भारत में 70 फीसदी बारिश दक्षिण पश्चिमी मॉनसून के चलते ही होती है. मॉनसूनी बारिश देश के कृषि क्षेत्र के लिए बेहद अहम है और देश की कुल जीडीपी में कृषि क्षेत्र का योगदान 14 प्रतिशत है. इससे साफ है कि अच्छा मॉनसून देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी शुभ संकेत है.


# लैंड स्कैम केस में पूर्व सीएम हेमंत ने मांगी बेल, आज सुनवाई


**विनीत उपाध्याय। रांची**

लैंड स्कैम केस में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी जमानत के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है. याचिका पर कोर्ट मंगलवार को सुनवाई करेगा.इस केस के प्रमुख आरोपी पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं. बता दें कि हेमंत सोरेन को इस्तीफा देने के बाद मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार कर लिया गया था. ईडी ने लैंड स्कैम से जुड़े मामले में सात घंटे से ज्यादा देर तक हुई पूछताछ के बाद हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था. इस केस में मोहम्मद सद्दाम को मिलाकर तीन गिरफ़्तारी हो चुकी है.ईडी हेमंत से जुड़े लैंड स्कैम केस में प्रॉसिक्यूशन कम्प्लेन दायर कर चुकी है. जिसपर कोर्ट ने संज्ञान भी ले लिया है.

### आर्किटेक्ट विनोद सिंह ने भी मांगी अग्रिम जमानत

लैंड स्कैम केस में ही हेमंत सोरेन के सहयोगी आर्किटेक्ट विनोद सिंह ने अपनी अग्रिम जमानत के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. विनोद सिंह ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से पीएमएलए की विशेष कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है. उनकी याचिका पर भी कोर्ट मंगलवार को सुनवाई करेगा.




## लोहरदगा में सबसे कम 58 हेक्टेयर और दुमका में सबसे अधिक 18,382 हेक्टेयर है चारागाह की जमीन

# झारखंड में सिर्फ एक लाख 13 हजार 620 हेक्टेयर स्थायी चारागाह भूमि

**रवि भारती। रांची**

झारखंड में स्थायी चारागाह की जमीन सिर्फ एक लाख 13 हजार 620 हेक्टेयर रह गई है. इसमें लोहरदगा में सबसे कम 58 हेक्टेयर ही स्थायी चारागाह की जमीन है. सांख्यिकी निदेशालय की रिर्पोट में इसका खुलासा हुआ है. रिर्पोट के मुताबिक सिर्फ दुमका, जामताड़ा, देवघर और गिरिडीह में ही 10 हजार हेक्टेयर से अधिक स्थायी चारागाह की जमीन है. दुमका में सबसे अधिक 18,382 हेक्टेयर, जामताड़ा में 14,242 हेक्टेयर, गिरिडीह में 12,897 हेक्टेयर और देवघर में 11,084 हेक्टेयर स्थायी चारागाह की जमीन है.

छह जिलों में 30 हजार हेक्टेयर से अधिक है बंजर भूमि

पशिचमी सिंहभूम में सबसे अधिक 55,181 हे. भूमि बंजर

### छह जिलों में 2000 हेक्टेयर से भी कम भूमि

राज्य के छह जिलों में 2000 हेक्टेयर से भी कम स्थायी चारागाह की जमीन है. इनमें रांची, खूंटी, गुमला, लातेहार, कोडरमा और धनबाद जिले शामिल हैं. रांची में 1899 हेक्टेयर, खूंटी में 1256 हेक्टेयर, गुमला में 1147 हेक्टेयर, लातेहार में 1324 हेक्टेयर, कोडरमा में 1812 हेक्टेयर और धनबाद में सिर्फ 482 हेक्टेयर स्थायी चारागाह के लिए जमीन उपलब्ध है.



### 5 लाख 71 हजार 878 हेक्टेयर है बंजर भूमि

राज्य में पांच लाख 71 हजार 878 हेक्टेयर भूमि बंजर है. रिर्पोट के मुताबिक, पश्चिमी सिंहभूम में सबसे अधिक 55,181 हेक्टेयर भूमि बंजर हो गई है. वहीं पूर्वी सिंहभूम में 46,763 हेक्टेयर भूमि बंजर हो गई है. इसके अलावा रांची में 38,535 हेक्टेयर, गुमला में 38134 हेक्टेयर, सिमडेगा में 24069 हेक्टेयर, लातेहार में 25,365 हेक्टेयर और गढ़वा में 26497 हेक्टेयर भूमि बंजर है.

---

**ब्रीफ खबरें**

### सिया का गठन, बालू संकट से मिलेगी राहत

**रांची।** राजधानी रांची समेत झारखंड के ज्यादातर जिलों में नदी घाटों से बालू का उठाव नहीं होने के कारण विगत वर्षों से बालू संकट बना हुआ है. इस कारण गृह से लेकर अन्य निर्माण कार्य प्रभावित हैं. बालू संकट के बीच राहत की खबर आई है. राज्यस्तरीय पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण (सिया) का गठन हो गया है. अब बालू घाटों के संचालन के लिए इंवायरमेंटल क्लीयरेंस जारी हो सकेगा. इससे बालू कारोबारियों के साथ आमलोगों को भी राहत मिलने की उम्मीद है. राज्य में नवंबर माह से सिया के अस्तिव में नहीं होने के कारण घाटों का टेंडर और बालू का उठाव प्रभावित था.

### मई के पहले सप्ताह में जारी होगा परिणाम

**रांची।** सीबीएसई 10वीं और 12वीं परीक्षा का परिणाम मई के पहले सप्ताह में जारी होगा. छह मई से 11 मई के बीच 10वीं का परिणाम जारी होने की संभावना है. जानकारी के मुताबिक, पांच मई को नीट की परीक्षा के बाद 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम जारी हो सकते हैं. सीबीएसई के 10वीं और 12वीं परीक्षा में लगभग 38 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे. इसमें 10वीं के 21 लाख और 12वीं के 17 लाख विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी. बता दें कि 10वीं की परीक्षा 15 फरवरी से 13 मार्च और 12वीं की परीक्षा 15 फरवरी से दो अप्रैल तक हुई थी.

### आपत्तिजनक बयान केस में मरांडी को राहत

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके पारिवारिक सदस्यों के खिलाफ बयानबाजी मामले में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को हाईकोर्ट से राहत मिली है. हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ अगली सुनवाई तक किसी भी पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है. साथ ही अदालत ने इस केस के शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया है. बाबूलाल मरांडी पर एक यूट्यूब चैनल में दिए बयान पर आपत्ति जताते हुए 25 अगस्त 2023 को सिमडेगा थाना में कांड संख्या 104/2023 दर्ज किया गया था. कोर्ट के न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई. उनकी ओर से सीनियर एडवोकेट अजित कुमार और अधिवक्ता और प्रशांत पल्लव ने बहस की.

---

## झारखंड की पांच आदिवासी आरक्षित सीटों पर होगी अग्नि परीक्षा

# चार बड़े आदिवासी नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर

**लोकसभा चुनाव**

- खूंटी से खुद चुनाव मैदान में हैं केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा
- चंपाई, बाबूलाल व रामेश्वर उरांव पर भी बड़ा दारोमदार

**कौशल आनंद। रांची**

झारखंड में लोकसभा चुनाव चार चरणों में होना है. इस कड़ी में चौथे चरण में 13 मई, को चार लोकसभा सीटों पर मतदान होगा. वहीं, पांचवे चरण में 20 मई को तीन, छठे चरण में 25 मई को चार और सातवें चरण में एक जून को तीन लोस सीटों पर वोट डाले जाएंगे. झारखंड की 14 लोस सीटों में पांच आदिवासी आरक्षित सीटों पर जीत दर्ज करने के लिए चार बड़े आदिवासी नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर है. इन आदिवासी आरक्षित सीटों में सिंहभूम, खूंटी व लोहरदगा में 13 मई और राजमहल व दुमका में एक जून को मतदान होगा. वहीं, चार जून को सभी सीटों पर मतगणना और फिर परिणाम घोषित होंगे. अब झारखंड की पांच आदिवासी आरक्षित सीटों की बात करें, तो पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद गठबंधन की तरफ से इन आदिवासी सीटों को निकालने की पूरी जवाबदेही कोल्हान टाइगर कहे जानेवाले मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन पर ही टिकी है. वहीं, एनडीए (भाजपा) की तरफ से खुद खूंटी से प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा हैं. इसके अलावा अन्य आदिवासी नेताओं में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एवं मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव की प्रतिष्ठा भी जुड़ी है.



### तीन आदिवासी सीटों पर बाबूलाल की बड़ी जवाबदेही

बाबूलाल मरांडी की बात करें, तो एक संथाली नेता होने के कारण उनकी सबसे अधिक जवाबदेही दुमका और राजमहल सीट जीत कर भाजपा की झोली में डालने की होगी. राजमहल सीट पर फिलहाल झामुमो का कब्जा है. पिछले चुनाव में बाबूलाल मरांडी यूपीए में थे, मगर इस बार एनडीए में होने के कारण दुमका सीट पर पुन: वापसी की चुनौती रहेगी. इसके अतिरिक्त लोहरदगा, खूंटी और सिंहभूम सीट को लेकर पर भी बाबूलाल पर दबाव रहेगा. सिंहभूम सीट कांग्रेस की रही है. वहां की सांसद गीता कोड़ा इस बार पाला बदल कर भाजपा के टिकट पर अपना भाग्य आजमा रही हैं. गीता कोड़ा को कांग्रेस से तोड़ कर भाजपा के पाले में लाने में बाबूलाल मरांडी की अहम भूमिका बतायी जाती है.

### हेमंत के जेल में होने के कारण चंपाई पर बड़ी जिम्मेदारी

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन फिलहाल जेल में हैं. झामुमो ने गैर हो समुदाय की प्रत्याशी जोबा मांझी को सिंहभूम से उतार दिया है, जिसका विरोध भी हो रहा है. ऐसे में न केवल सिंहभूम सीट को 'इंडिया' गठबंधन में वापस लाना, बल्कि अन्य चार अन्य आदिवासी सीट क्रमश: खूंटी, लोहरदगा, दुमका और राजमहल को लेकर भी मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अतिरिक्त जवाबदेही होगी.

### अर्जुन मुंडा के समक्ष खुद की साख बचाने की चुनौती

खूंटी के वर्तमान सांसद, पूर्व सीएम ओर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा भी राज्य के बड़े आदिवासी चेहरा हैं. पहले तो मुंडा पर खुद की सीट बचाने की चुनौती होगी. गत चुनाव में काफी कम अंतर से विवादों के बीच उनकी जीत हुई थी. खूंटी का चुनाव झारखंड में पहले चरण में 13 मई को होगा. इसके बाद मुंडा पर चाईबासा और लोहरदगा सीट भी जितवाने ककी बड़ी जवाबदेही होगी.

### झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर कब-कब मतदान

| चरण | मतदान तिथि | लोकसभा सीट |
|---|---|---|
| चौथा चरण | 13 मई | सिंहभूम (एसटी), खूंटी (एसटी), लोहरदगा (एसटी), पलामू (एसएसी) |
| पांचवा चरण | 20 मई | चतरा, कोडरमा, हजारीबाग |
| छठा चरण | 25 मई | गिरिडीह, धनबाद, रांची, जमशेदपुर |
| सातवां चरण | एक जून | राजमहल (एसटी), दुमका (एसटी), गोड्डा |

### सुखदेव भगत, रामेश्वर उरांव के बीच कटुता जगजाहिर

लोहरदगा सीट पर कांग्रेस आलकमान ने सुखदेव भगत को मैदान में उतार कर लड़ाई को बहुत ही दिलचस्प बना दिया है. इस सीट पर पूर्व में लोहरदगा से सांसद और वर्तमान में लोहरदगा से विधायक और झारखंड सरकार में मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव की भूमिका काफी अहम होगी. सुखदेव भगत और डॉ रामेश्वर उरांव के संबंधों में कटुता जगजाहिर है. गत विधानसभा चुनाव में सुखदेव भगत कांग्रेस का दामन छोड़ भाजपा में चले गए थे. उस समय डॉ रामेश्वर उरांव ही प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष थे. यह भी कहा जाता है कि दोनों के बीच बढ़ी तल्खी के कारण ही सुखदेव भगत ने कांग्रेस छोड़ दिया था. ऐसे में दोनों नेताओं के बीच आलाकमान कैसे आपसी सामंजस्य बैठाता है, यह देखना काफी दिलचस्प होगा.

---

# न्याय उलगुलान रैली के लिए गठबंधन दलों की बनी समिति

**विशेष संवाददाता। रांची**

उलगुलान न्याय महारैली की सफलता के लिए इंडिया गठबंधन के दलों ने आपसी समन्वय के तहत विभिन्न प्रकार की समितियों का गठन किया है. जिसमें आयोजन समिति, स्वागत समिति और मीडिया समिति का गठन किया गया है. झामुमो द्वारा समिति में शामिल पदाधिकारियों और नेताओं के नाम जारी कर दिए गए हैं. जिसमें सभी गठबंधन दलों के मंत्री, सांसद, विधायक व पार्टी पदाधिकारियों को शामिल किया गया है.

**आयोजन समिति में मंत्री से लेकर विधायक हैं शामिल :** मंत्री बैजनाथ राम, दीपक बिरुआ, बेबी देवी, हफीजुल हसन, मिथिलेश ठाकुर, बादल पत्रलेख, विधायक विकास सिंह मुंडा, राजेश कच्छप, पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद, आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान, विनोद कुमार पांडेय, फागू बेसरा, सुप्रियो भट्टाचार्य,नंद किशोर मेहता, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, रवींद्र सिंह, अजय नाथ शाहदेव, अमूल्य नीरज खलखो, मानस सिन्हा, , गौतम सागर राणा, रंजन कुमार, कुमार वरुण, सुदामा खलखो, नरेंद्र चौबे, सौरभ श्रीवास्तव आदि शामिल हैं.

### स्वागत समिति में मंत्री-विधायक भी शामिल किये गये

स्वागत समिति में मंत्री दीपक बीरुआ, हफीजुल हसन, मिथिलेश ठाकुर, बन्ना गुप्ता, सांसद सरफराज अहमद, विजय हांसदा, महुआ माजी, विधायक सविता महतो, सुदिव्य कुमार सोनू, हिंदू न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, राजू गिरि, अनवर अहमद अंसारी, विनय सिन्हा दीपू, मंजूर अंसारी, गुंजन सिंह, तनवीर आलम, अभिलाष साहू, अभीजित राज, केदार पासवान, अनिता यादव, आबिद अली, शुभेंदू सेन, समर सिन्हा, डीएन सिंह, अजय भगत शामिल हैं.

### प्रेस-मीडिया समिति में ये हैं शामिल

प्रेस–मीडिया समिति में सुप्रियो भट्टाचार्य, मनोज कुमार पांडेय, राकेश सिन्हा, सतीश पाल मुंजनी, कैलाश यादव, विनोद लहरी, सईद अख्तर, ओंकार नाथ जायसवाल शामिल हैं.

## सुदेश महतो संग वाजपेयी ने बनाई रणनीति

**संवाददाता। रांची**

भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के बीच लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी 14 सीटों एवं गांडेय उपचुनाव पर जीत सुनिश्चित करने की रणनीति को लेकर चर्चा हुई. इस मुलाकात और चर्चा में आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने चुनाव के सभी पहलु पर बेहतर तरीके से अपना पक्ष रखा और समीकरणों को अपने पक्ष में करने के अपने अनुभव बताए. चर्चा के दौरान सहमति बनी कि चुनावों को लेकर दोनों दलों का संयुक्त निर्णय सामने आएगा. साथ ही समन्वय स्थापित कर मजबूती से चुनाव लड़ा जाएगा और एनडीए की जीत तय करने के लिए साझा रणनीति और कार्यक्रमों के साथ चुनावी मुहिम तेज की जाएगी. सभी बातों को केंद्र में रखकर दोनों नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि अबकी बार 400 पार के संकल्प को साकार करना ही मूल लक्ष्य है. उक्त बैठक आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के कांके रोड, रांची स्थित आवास पर हुई.

---

## खूंटी गैंगरेप के दोषी को बेल देने से हाईकोर्ट का इनकार

**रांची ।** खूंटी में वर्ष 2018 में हुए चर्चित कोचांग सामूहिक दुष्कर्म मामले के सजायाफ्ता जुनास मुंडा को बेल देने से हाईकोर्ट ने इनकार कर दिया है. सोमवार को हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आर मुखोपाध्याय और जस्टिस दीपक रौशन की खंडपीठ ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी है. जुनास मुंडा ने अपनी कस्टडी को आधार बताते हुए जमानत मांगी थी, लेकिन अदालत ने उसकी अर्जी ठुकरा दी. बता दें कि खूंटी सिविल कोर्ट ने 17 मई 2019 को जुनास मुंडा को सामूहिक दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. सामूहिक दुष्कर्म का यह मामला साल 2018 जून महीने का है. इस केस से जुड़े अन्य दोषी भी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं.

## हेमंत को लेकर हाईकोर्ट में दायर हैबियस कॉर्पस वापस

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली प्रवास के दौरान अचानक गायब हो जाने की खबरें आने के बाद दायर हेबियस कॉर्पस पर सोमवार को सुनवाई हुई. इस दौरान सरकार की ओर से याचिका खारिज करने की मांग की गयी. वहीं प्रार्थी की ओर से याचिका वापस लेने का आग्रह किया गया. इसके बाद न्यायाधीश जस्टिस रोंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस दीपक रौशन की बेंच ने याचिका वापस लेने का निर्देश दिया. राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने पक्ष रखा. बता दें कि झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार ने इस संबंध में हेबियस कॉर्पस दायर की थी.

---

## संकल्प पत्र केवल भाजपा का नहीं बल्कि यह देशवासियों का संकल्प पत्र

# मोदी की गारंटी पर देश की जनता को है पूरा भरोसा: बाबूलाल मरांडी

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि बीजेपी द्वारा जारी संकल्प पत्र केवल पार्टी का नहीं बल्कि यह देशवासियों को संकल्प पत्र है. पूरे देश ने माना है कि मोदी की गारंटी, गारंटी को पूरा करने की गारंटी है. देश की जनता स्वीकार करती है कि नरेंद्र मोदी और भाजपा जो कहती है उसे पूरा करती है. बात यहां विश्वसनीयता की है. मोदी ने जो कहा, सो किया. देश में विपक्षी पाटियां पूरी तरह अविश्वसनीय हो चुकी हैं. मोदी की गारंटी पर जनता को पूरा भरोसा है. संकल्प पत्र के लिए 15 लाख लोगों का सुझाव पूरे देश से आया जिसमें नमो एप से 4 लाख और 10 लाख लोगों ने वीडियो बनाकर सुझाव देने का काम किया. यह अपने आप में बड़ी बात है. मरांडी सोमवार को मारू टावर में प्रदेश स्तरीय मीडिया सेंटर में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि मरांडी ने कहा कि जनसंघ काल से लेकर जो मुद्दे भाजपा ने उठाया, आज जब अवसर मिला तो उन सभी मुद्दों को पार्टी ने पूरा करने का काम किया. इससे पहले मारू टावर में प्रदेश स्तरीय मीडिया सेंटर का उद्घाटन बाबूलाल मरांडी और लक्ष्मीकांत वाजपेई ने किया.



### पीएम ने असंभव काम को संभव कर दिखाया

मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री न ने असंभव कार्य को संभव कर दिखाया है. इसमें काश्मीर से 370 समाप्त करना, राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करना मुख्य रूप से शामिल है. देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प मोदी जी ने लिया है. 2014 से 2019 और 2019 से 2024 यानि दो कार्यकाल के 10 वर्षो में मोदी ने देश व गरीबों के उत्थान के लिए जो काम किया है वह उल्लेखनीय और कल्पना से परे है. भ्रष्टाचार के खिलाफ ठोस कदम तो मोदी सरकार की प्राथमिकता में है ही. भ्रष्टाचारियों को सजा दिलाने के अलावा उनसे पाई पाई वसूलना मोदी सरकार की गारंटी है.

### विपक्ष पूरी तरह से हताश और निराश

गीता कोड़ा पर हमला प्रकरण में मरांडी ने कहा कि विपक्ष पूरी तरह हताश और निराश हो चुका है. अपनी हार स्वीकार कर ली है इसलिए भाजपा के उम्मीदवारों को रोका जा रहा है. संबंधित एसपी और डीजी से बात कर गीता कोड़ा को समुचित सुरक्षा मुहैया कराने और दोषियों पर केस कराने की बात कही है. प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि लोकसभा चुनाव के क्रम में मोदी की गांरटी 2024 के रूप में पार्टी का संकल्प पत्र प्रकाशित हुआ है. प्रेस वार्ता में प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई, आदित्य साहू, मनोज सिंह, शिवपूजन पाठक, प्रतुल शाहदेव आदि मौजूद थे.

---

**अच्छी पहल**

## देशभर में नौवीं व 10वीं कक्षा के छात्रों के लिए बूटकैंप का आयोजन कर रहा सीबीएसई

# बूटकैंप में विद्यार्थी सीखेंगे नवाचार व उद्यमिता कौशल के गुर

**संवाददाता। रांची**

सीबीएसई बोर्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) विषय पर बूटकैंप आयोजित करने जा रहा है. ये बूटकैंप विशेष रूप से नौवीं और 10वीं कक्षा में पढ़ाई करनेवाले छात्रों के लिए है. बूटकैंप में विद्यार्थियों को एआई के अलावा नवाचार, डिजाइनिंग एवं उद्यमिता कौशल की जानकारी दी जाएगी. इसके साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता और कॅरियर के बारे में भी बताया जाएगा. आठ अप्रैल से शुरू हुआ ऑनलाइन बूटकैंप 18 जून तक चलेगा.



फाइल फोटो

- आठ अप्रैल से शुरू हो चुका है पहला चरण, 23 अप्रैल तक चलेगा
- एआई की उपयोगिता और कॅरियर की दी जाएगी जानकारी

### तीन चरणों में होगा बूटकैंप

| | |
|---|---|
| पहला चरण | आठ अप्रैल से 23 अप्रैल |
| दूसरा चरण | छह मई से 21 मई |
| तीसरा चरण | तीन जून से 18 जून |

### प्रत्येक बैच में 120 से 150 छात्र ले सकेंगे भाग

बूटकैंप में भाग लेने के लिए छात्रों को कोई शुल्क का भुगतान नहीं करना होगा. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में रूचि रखने वाले छात्र स्कूल प्रबंधन के माध्यम से बूटकैंप में भाग ले सकते हैं. इसके लिए स्कूल प्रबंधन छात्रों का ऑनलाइन पंजीयन करेगा. कैंप का आयोजन तीन चरणों में होगा. प्रत्येक बैच में 120 से 150 छात्रों की संख्या निर्धारित की गई है. बूट कैंप में चयनित छात्रों को सीबीएसई द्वारा ई–मेल किया जाएगा.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | मंगलवार 16 अप्रैल 2024 ● चैत्र शुक्ल 08 , संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 8 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

### लातेहार, चाईबासा और चतरा जिले में सीआरपीएफ और जिला पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## बरवाडीह के लोहरा जंगल से प्लांट किये गये आठ आईईडी बम बरामद

संवाददाता। लातेहार

सीआरपीएफ ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए नक्सलियों के मंसूबे पर पानी फेर दिया है. सीआरपीएफ जवानों ने पुलिस को क्षति पहुंचाने की नीयत से प्लांट कर रखे गये आठ आईईडी को बरामद किया है. जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ की 11वीं बटालियन को सूत्रों के माध्यम से जानकारी मिली कि बरवाडीह थाना क्षेत्र के मोरवाई ग्राम के पास लोहरा जंगल में कोई संदिग्ध वस्तु देखी गयी है.

लातेहार एसपी से इस सूचना की पुष्टि होने के बाद बटालियन के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी के निर्देश पर जांच शुरू हुई. इस क्रम में ई/11 कंपनी के द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कनौजिया के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस के साथ लोहरा जंगल में सर्च आपरेशन चलाया गया. इस दौरान जंगल के एक पहाड़ी के नीचे आठ अलग-अलग कंटेनर में रखा संदिग्ध सामान दिखा. इसके बाद सर्तकता बरतते हुए बटालियन के डॉग स्क्वायड टीम ने जब उन संदिग्ध वस्तुओं की जांच की, तो पता चला कि यह आईईडी है. पुलिस को क्षति पहुंचाने की नीयत से इसे एक सीरीज कर तारों से जोड़ा गया था. प्रत्येक कंटेनर का वजन तकरीबन डेढ़ किलोग्राम था. इसके बाद जवानों ने इलाके की घेराबंदी कर उक्त मार्ग पर आम लोगों की आवाजाही बंद करायी. इसके बाद बटालियन के बम निरोधक दस्ता ने आठों आईईडी को जंगल में ही निष्क्रिय कर दिया.



**बड़ी उपलब्धि**

- सीरीज में जुड़े थे सभी आईईडी हर बम का वजन डेढ़ किलो
- बम निरोधक दस्ता ने जंगल में ही बमों को निष्क्रिय किया

### हुसीपी के आसपास जंगली-पहाड़ी क्षेत्र से बरामदगी

## दो केन समेत भारी मात्रा में विस्फोट मिले

**किरीबुरु।** नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे सर्च अभियान के दौरान चाईबासा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस व सीआरपीएफ के संयुक्त अभियान में भारी तादाद में तीर बम, आइईडी, प्रिंटर आदि समान बरामद किये गये हैं. इस संबंध में चाईबासा एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि सोमवार को अभियान के दौरान टोंटो थाना क्षेत्र अंतर्गत वनग्राम हुसीपी के आसपास जंगली-पहाड़ी क्षेत्र से पुराने नक्सली डंप से भारी मात्रा में विस्फोटक व अन्य समान बरामद किये गये हैं. उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि भाकपा माओवादी नक्सली संगठन का शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है. इसे लेकर चाईबासा पुलिस, कोबरा की तीन बटालियन, झारखंड जगुआर एवं सीआरपीएफ की नौ बटालियन की एक संयुक्त दल गठित कर लगातार अभियान चलाया रहा है.

**बरामद समान :** दो प्रिंटर, मल्टी डीवीडी राइटर, लाल बैनर कपड़ा, पांच पैकेट में कुल पांच किलो अमोनियम नाइट्रेट, 50 पैकेट एमसील, एमसील का पांच बड़ा पैकेट (कुल 25 किलो), नौ नॉन इलेक्ट्रिक कमर्शियल डेटोनेटर, एक किलो सल्फर पाउडर, दो किलो गन पाउडर, पांच लीटर क्षमता का भरा हुआ एक केन, 20 लीटर क्षमता का गन पाउडर से भरा हुआ एक केन, एक किलो लोहे के टुकड़े, 10 सिरिंज, 21 तीर बम, दो लीटर पेट्रोल आदि बरामद हुए हैं.

## टीपीसी के चार उग्रवादी गिरफ्तार

**चतरा।** पुलिस ने टीपीसी उग्रवादी संगठन के चार समर्थकों को गिरफ्तार किया है. इनके पास से हथियार व कारतूस भी बरामद किये गये हैं. एसपी विकास पांडेय ने सोमवार को जानकारी दी कि टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया था. पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा की टीम ने कार्रवाई करते हुए चार टीपीसी समर्थकों को गिरफ्तार किया है. पूर्व के कई मामलों में भी पुलिस को इनकी तलाश थी. उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कोयलांचल समेत आसपास के जिलों में कोयला व्यवसाइयों, ठेकेदारों व विकास योजना से जुड़े लोगों को डरा धमकाकर लेवी व रंगदारी की वसूलते थे.

- पुलिस ने हथियार व कारतूस बरामद किये

### मुखिया पुत्र को जान से मारने की धमकी

**मेदिनीनगर।** जिले के पाटन थाना क्षेत्र के सगुना मुखिया मंजू देवी के पुत्र रंजीत सिंह को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के नाम पर जान से मारने की धमकी दी गयी है. जानकारी के मुताबिक, 9771062409 मोबाइल नंबर से फोन कर टाइगर के नाम से लेवी की मांग की गयी है. लेवी नहीं देने पर मुखिया पुत्र को जान से मार देने की धमकी दी है. धमकी से मुखिया का परिवार दहशत में है.

**वासंतिक नवरात्र**

**अष्टमं महागौरी**



श्वेते वृषे समारूढा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेव-प्रमोद-दा॥

नवरात्र के आठवें दिन भगवती दुर्गा के आठवें विग्रह के रूप में महागौरी की उपासना का विधान है. इनका वर्ण पूर्णतः गौर है. इनके सभी आभूषण और वस्त्र श्वेत हैं. इसलिए इन्हें श्वेतांबरा कहा गया. इनकी चार भुजाएं हैं, जिनमें अभय मुद्रा, त्रिशूल, डमरू और वर मुद्रा धारण करती हैं. माता महागौरी श्वेत वृषभ पर आरूढ हैं, इसलिए इन्हें वृषारूढा कहा गया. इनकी मुद्रा पूरी तरह शांत है. पति रूप में शिव को प्राप्त करने के लिए महागौरी ने कठोर तपस्या की थी. इससे इनका शरीर काला पड़ गया, परन्तु तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने इनके शरीर को गंगा के पवित्र जल से धोकर कान्तिमय बना दिया. उनका रूप गौर वर्ण का हो गया. इसीलिए यह महागौरी कहलाईं. यह अमोघ फलदायिनी हैं और इनकी पूजा से भक्तों के तमाम कल्मष धुल जाते हैं. पूर्वसंचित पाप भी नष्ट हो जाते हैं. महागौरी का पूजन-अर्चन, उपासना-आराधना कल्याणकारी है. इनकी कृपा से अलौकिक सिद्धियां भी प्राप्त होती हैं.

-डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### सरयू राय ने धनबाद के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर फिर साधा निशाना, कहा-

## मेरे पास है बेनामी संपत्तियों का ब्योरा


संवाददाता। धनबाद

- ढुल्लू के पास आय से अधिक अचल संपत्तियों का ठोस प्रमाण भी मौजूद
- भाजपा नेताओं से कहा- मुझे सलाह देनेवाले सत्यता की जांच कर लें

जमशेदपुर पूर्वी से निर्दलीय विधायक सरयू राय ने भाजपा नेताओं को नसीहत दी है. उन्होंने भाजपा के उन नेताओं पर निशाना साधा है, जिन्होंने राय को अपना ज्ञान अपने पास ही रखने की सलाह दी है. राय ने कहा है कि उन्हें इन विवरणों की वस्तुस्थिति एवं सत्यता की जांच अपने सूत्रों से करा लेनी चाहिए. उसके बाद इस बारे में अपनी प्रतिक्रिया देनी चाहिए कि प्रधानमंत्री की घोषणा की कसौटी पर भाजपा के ऐसे उम्मीदवार खरा उतरते हैं या नहीं? एक तरह से देखें, तो सरयू राय का यह बयान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा ढुल्लू का बचाव करने पर सामने आया है. दरअसल, बीते दिनों बाबूलाल ने ढुल्लू महतो का बचाव करते हुए सरयू राय को ही ज्ञानी बताते हुए उन पर निशाना साधा था.

**ढुल्लू के पुत्र पर बेनामी संपत्ति अर्जित करने का आरोप :** विधायक सरयू राय ने भाजपा के धनबाद लोकसभा से प्रत्याशी ढुल्लू महतो और उनके बेटे प्रशांत पर बेनामी संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया है. उन्होंने सोमवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि ढुल्लू के सुपुत्र प्रशांत कुमार द्वारा खरीदी गई करीब 2.06 करोड़ रुपये की जमीन का ब्योरा उन्होंने 10 अप्रैल को सार्वजनिक किया था. सरयू के अनुसार, प्रशांत कुमार द्वारा इसके अतिरिक्त गोविंदपुर अंचल के तुमादाहा मौजा में खाता संख्या-83, 97 और 110 के करीब 11 प्लॉट खरीदने का प्रमाण सामने आया है. इसका कुल क्षेत्रफल एक एकड़ 49 डिसमिल है. गोविंदपुर अंचल में जमीन खरीदने के लिए सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम दर के अनुसार, इन भूखंडों की कीमत 50 लाख रुपये से अधिक आंकी जा रही है. सरयू राय ने इस जमाबंदी में दिये गये लगान का ब्योरा भी जारी किया है.





### सरयू के आरोपों पर बाबूलाल ने किया था बचाव

ढुल्लू महतो को लेकर चल रहे सियासी घमासान के बीच बीते दिनों प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ढुल्लू का बचाव करने नजर आए थे. बीते दिनों राय द्वारा ढुल्लू महतो पर दिए गए बयान पर सफाई देते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा था कि सरयू राय ज्ञानी हैं, हम तो उतना जानते भी नहीं हैं. उन्होंने कहा था कि किसी के ऊपर केस दर्ज होने से वह अपराधी नहीं हो जाता है, जबतक कि उसपर दोष सिद्ध न हो. हमारे प्रत्याशी जांच से भाग नहीं रहे हैं. वहीं, सरयू राय पर कटाक्ष करते हुए बाबूलाल ने कहा था कि जो लोग भाग रहे हैं और छुप रहे हैं, राय उनसे ही सहयोग मांग रहे हैं.

### भाजपा उम्मीदवार के पास बेनामी संपत्ति

सरयू राय ने कहा है कि उनके पास भाजपा के इस घोषित उम्मीदवार और उनके परिवारवालों द्वारा खरीदी गई बड़ी संख्या में बेनामी अचल संपत्तियों और कंपनियों के नाम का विस्तृत ब्योरा भी है. ये कंपनियां दो साल पूर्व दिवालिया होने के कगार पर पंहुच चुकी थीं. इन कंपनियों में पिछले चार वर्षों में अकूत अचल संपत्ति खरीदी गयी है, जिसमें हार्ड कोक उद्योग, फ्लावर मिल आदि के भूखंड, निर्मित ढांचा एवं मशीनरी आदि शामिल हैं. इनमें से कई भूखंड गोविंदपुर अंचल के तुमादाहा मौजा में ही हैं. ये कंपनियां अभी भी 'रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज' के दस्तावेज में सक्रिय दिख रही हैं. जीएसटी एवं आयकर का भुगतान भी कर रही हैं.

### जल्द ही सार्वजनिक करूंगा जानकारी

सरयू राय ने कहा कि ढुल्लू महतो के पास आय की तुलना में अचल परिसंपत्तियां अधिक हैं. उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्तियों और कंपनियों के बारे में प्राप्त सूचनाओं का आधिकारिक दस्तावेजों से मिलान करने के उपरांत शीघ्र ही इसे भाजपा नेताओं की जानकारी के लिए सार्वजनिक करेंगे, ताकि वे लोग न चाहते हुए भी अपने ज्ञान में वृद्धि कर सकें और उनका जमीर जाग सके. राय ने इस मामले को आय से अधिक संपत्ति का ठोस उदाहरण बताया है.

### ग्रामीणों और गीता कोड़ा समर्थकों में झड़प मामला

## सांसद गीता कोड़ा समेत 20 भाजपा नेताओं पर केस दर्ज



- रविवार देर रात केस दर्ज कराने थाना पहुंचे थे ग्रामीण
- मामले में चुनाव आयोग ने लिया संज्ञान, मांगी रिपोर्ट

संवाददाता। आदित्यपुर

मोहनपुर के ग्रामीणों और सांसद गीता कोड़ा समर्थक के बीच झड़प मामले में गम्हरिया थाना में काउंटर केस दर्ज हुआ है. ग्रामीणों पर केस दर्ज होने के बाद बीते देर रात मोहनपुर के ग्रामीण गोलबंद होकर थाना पहुंचे. ग्रामीणों ने सांसद गीता कोड़ा समेत 20 भाजपा नेताओं के विरुद्ध काउंटर केस दर्ज कराया है. गम्हरिया थाना प्रभारी राजू सिंह ने कहा कि दोनों ओर से शिकायत दर्ज करने के बाद एसडीपीओ सरायकेला के निर्देश पर जांच शुरू कर दी गई है.

बता दें कि गम्हरिया प्रखंड में बीती रविवार को जनसंपर्क अभियान के दौरान सिंहभूम सीट से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा को लोगों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा था. इस दौरान मोहनपुर के ग्रामीणों ने पारंपरिक हथियार के साथ सांसद और उनके समर्थकों को गांव में घुसने से रोका था. इस दौरान दोनों ओर से झड़प हुई थी और कुछ लोग घायल भी हुए थे. मामले की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी के साथ ही एसडीपीओ भी मौके पर पहुंचे और किसी तरह लोगों को समझा-बुझा कर शांत कराया. बता दें कि यह मामला चुनाव आयोग तक पहुंच गया है. आयोग ने इस पूरे घटनाक्रम पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है.

**गांव में बिना अनुमति प्रवेश करने पर रोका : ग्रामीण**

स्थानीय लोगों का कहना कि गांव में मांझी बाबा सर्वोपरि होते हैं और बिना उनकी अनुमति के कुछ लोग गांव में प्रवेश कर गए थे. जब उन्हें रोका गया, तो उनलोगों ने ग्रामीण युवकों के साथ धक्का-मुक्की की और उनका धनुष भी तोड़ दिया.

**सुनियोजित योजना के तहत विरोध : सांसद**

सांसद और सिंहभूम सीट से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने बताया कि जनसंपर्क के दौरान कुछ लोग विरोध कर रहे थे. बाइक सवार कुछ लोग विरोध में नारेबाजी भी कर रहे थे. सांसद ने कहा, सुनियोजित योजना के तहत ही विरोध किया गया है. कुछ ऐसे लोग थे, जो बात करने के लिए नहीं, बल्कि विरोध करने ही आए थे. वहीं, सूचना देने के बाद प्रशासन डेढ़ घंटे देरी से पहुंचा था.

### कुल्टी में व्यवसायी की गोली मार कर हत्या



**बराकर।** पश्चिम बंगाल के आसनसोल-दुर्गापुर कमिश्नरेट के कुल्टी थाना क्षेत्र के चिनाकुड़ी में सोमवार को अपराधियों ने व्यवसायी यूके ट्रेडर्स के मालिक उमाशंकर चौहान की दिनदहाड़े गोली मार कर हत्या कर दी. कार से आये अपराधियों ने व्यवसायी को निशाना बनाकर कई राउंड फायरिंग की, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी. सरेआम हुई इस घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है. कुल्टी व नियामतपुर थाना पुलिस ने तफ्तीश शुरू कर दी है. इधर, घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा के स्थानीय भाजपा डॉ. अजय पोद्दार ने मौके पर पहुंच कर जानकारी ली. उन्होंने घटना की आलोचना की है.

## गिरिडीह पुलिस ने अवैध कोयला लदा ट्रक पकड़ा

संवाददाता। गिरिडीह

धनबाद से आ रहा एक अवैध कोयला लदा ट्रक गिरिडीह में पकड़ा गया है. गुप्त सूचना के आधार पर गिरिडीह पुलिस ने रविवार को जीटी रोड पर स्थित कुलगो टोल प्लाजा के पास ट्रक को पकड़ा है. बताया जा रहा है कि कोयला लदा ट्रक बनारस मंडी जा रहा था. जानकारी के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जेएच 10 बीएच 3273 नंबर की ट्रक धनबाद से अवैध कोयला लोड कर बनारस मंडी जा रही है. इस आधार पर कुलगो टोल प्लाजा के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया. इस क्रम में पुलिस ने जब ट्रक को रुकने का इशारा किया, तो चालक ट्रक लेकर भागने लगा. इसके बाद पुलिस टीम की मदद से ट्रक को रोका गया. पुलिस ने ट्रक चालक से कोयला के कागजात की मांग की, तो चालक सही कागज नहीं दिखा पाया.

### भाई की हत्या का बदला लेने के लिए की थी हाइवा चालक की हत्या

## सन्नी हत्याकांड में छह गिरफ्तार

- गिरफ्तार आरोपियों के पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद

संवाददाता। जमशेदपुर

हाइवा चालक सन्नी यादव हत्याकांड का 24 घंटे के अंदर पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है. मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार आरोपियों में प्रवीर सिंह उर्फ छोटू, राहुल राज उर्फ राहुल बच्चा, अर्जुन बच्चा, राहुल राय और दो अन्य शामिल हैं. पुलिस ने आरोपियों के पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद किया है. सभी की गिरफ्तारी चाकुलिया से की गई है. बता दें कि बीते दिन मानगो उलीडीह ओपी क्षेत्र के एनएच 33 स्थित वसुंधरा इस्टेट के पास अपराधियों ने गोली मार कर हाइवा चालक की हत्या कर दी गयी थी.

प्रवीर ने पुलिस को बताया है कि उसने अपने भाई प्रदीप सिंह की हत्या का बदला लेने के लिए सन्नी की हत्या की है. प्रदीप हत्याकांड में सन्नी ने रेकी की थी . वहीं एक सप्ताह पूर्व सन्नी उसके घर आकर हंगामा कर रहा था. इसके बाद से प्रवीर ने अपने साथियों के साथ सन्नी की हत्या की योजना बनाई. राहुल बच्चा, सन्नी की रेकी कर रहा था. एनएच पर सन्नी को अकेला देख राहुल ने फोन पर जानकारी दी. इसके बाद एक बाइक पर सवार होकर राहुल सिंह और अर्जुन के साथ प्रवीर पहुंचा और सन्नी पर फायरिंग कर दी. घटना को अंजाम देने के बाद सभी बाइक से ही चाकुलिया भाग गए थे.

### कोल्हान की ईचा-खरकई बांध विरोधी संघ ने चेताया

## आदिवासियों पर सीएम चंपाई सोरेन की तानाशाही नहीं चलेगी

संवाददाता। चाईबासा

**रोष व्याप्त**

- कोल्हान के 87 गांवों में झामुमो को घुसने नहीं देने का ऐलान
- सीएम चंपाई ने ईचा डैम योजना रद्द करने से किया था इनकार

ईचा-खरकई बांध विरोधी संघ, कोल्हान के अध्यक्ष बीर सिंह बुड़ीउली के नेतृत्व में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा ईचा डैम योजना रद्द नहीं करनेवाले बयान का विरोध जताया गया है. तांतनगर प्रखंड के कुलाबुरु, गैरासाई और सिंडी गांव के मुंडा और ग्रामीणों ने भी सीएम के उस बयान पर अपना रोष व्यक्त किया. विस्थापितों ने एक स्वर में आवाज बुलंद किया कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की आदिवासियों पर तानाशाही नहीं चलेगी.

कहा, आदिवासी मूलवासियों द्वारा चुनी हुई झामुमो की सरकार से उम्मीद के विपरीत कार्यशैली बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. मुख्यमंत्री, मंत्री और उनके विधायकों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा. कोल्हान के 87 गांव में झामुमो को घुसने नहीं दिया जाएगा. इसकी शुरुआत कुलाबुरू,गैरासई और सिंडी से संघ द्वारा की गई. ग्रामीणों ने धोखा का जवाब वोट से झामुमो को देने का संकल्प लिया. मालूम हो कि मुख्यमंत्री से संघ के प्रतिनिधिमंडल ने हाथ जोड़कर विनती की थी कि जल्द ईचा डैम योजना को रद्द करवा कर आदिवासी और मूलवासियों को विस्थापित होने से बचा लीजिए, लेकिन निराशा हाथ लगी. विरोध करनेवालों में मुख्य रूप से योगेश कालुंडिया, गुलिया कालुंडिया, मारकंडे बांडरा, बब्लू बरजो, सुनील बाड़ा, प्रदीप जोंको, बिरसा गोडसोरा, राजेश सोय, मोनसा बोदरा, सालुका बारी, मोटा गोप, साधु चरण गोप समेत आंदोलनकारी एवं ग्रामीण शामिल थे.

**समरसता** मुस्लिम समुदाय के सैंकड़ों लोग बनाते हैं रामनवमी के पताके, सिर्फ हीरापुर में 70 कारोबारी

## श्रीराम के पताकों को भव्य बनाने में जुटे हैं मुस्लिम कारीगर

रणजीत कुमार सिंह । धनबाद

रामनवमी 17 अप्रैल को है. प्रभु श्रीराम के पताके हर घर पर लहराएंगे और अखाड़ों की शोभा भी बढ़ाएंगे. कोयलांचल क्षेत्र में कई दशकों से इन पताकों को बनाने का काम मुस्लिम समुदाय के लोग करते आ रहा है. पताकों पर विराजमान प्रभु श्रीराम हों, हनुमान जी हों, या फिर दूसरी अन्य सजावट, वो बखूबी करते हैं. कारोबारी होली के बाद से ही पताकों को बनाने में जुट जाते हैं. इन पताकों की सिलाई करने वाले मो असगर हो व मोहम्मद अशरफ समेत सैकड़ों मुस्लिम कारीगारों की रोजी-रोजी इन पताकों से ही जुड़ी है. इसलिए, रामनामी पताकों को भव्य और आकर्षक बनाने में कोई कसर नहीं





- दशकों से पताकों की सिलाई से लेकर सजावट तक करते हैं



35 सालों से पताकों के कारोबार से जुड़ा है मोहम्मद असगर

### पेट के आगे कोई मजहब नहीं : असगर

पिछले 30 वर्षों से श्रीराम की ध्वजा बना कर बिक्री कर रहे रांगाटांड़ के रहने वाले मो असगर बताते हैं कि पेट के आगे कोई मजहब नहीं होता है. यह हमारा रोजगार है. हम पताके की इतनी आकर्षक साज-सज्जा करते हैं कि श्रीराम के भक्तों को पलभर में काफी पसंद आ जाए. खरीदार भी भेदभाव नहीं करते हैं. यह रोजगार हमारे पूर्वजों से ही चलता आ रहा है. यूं तो ध्वजों की बिक्री सालों भर होती है, लेकिन रामनवमी में इसकी बिक्री कई गुणा बढ़ जाती है. इस वजह से ध्वज बनाने वाले कारीगर होली के बाद से ही इस कार्य में जुट जाते हैं.

### राजस्थान व गुजरात से आता है कपड़ा

कारीगरों ने बताया कि रामनामी ध्वज बनाने में इस्तेमाल होने वाले कपड़ों की आवक राजस्थान व गुजरात से होती है. कारीगरों को प्रति थान कपड़ा उपलब्ध कराया जाता है, जिसे ध्वज के आकार में काट कर उस पर गोटा व सितारा लगा इसका निर्माण करते हैं. इसके बाद राम जी और हनुमान जी की छपी आकृति को ध्वज में लगा कर सुंदर और आकर्षक रूप देते हैं. बाजार में इन ध्वजों की कीमत 30 रुपये से 2000 तक है. धनबाद, झरिया, फुसबंगला, डिगवाडीह, पाथरडीह, सुदामडीह, जामाडोबा, सिंदरी, कतरास, गोविंदपुर, निरसा आदि क्षेत्रों में इसकी बिक्री होती है.

### बांस की भी खेती करते हैं कई मुस्लिम

श्रीराम के पताके में लगने वाले बांसों की खेती गोविंदपुर, बलियापुर आदि इलाकों में होती है. इन्हें रामनवमी के मौके पर बेचने के लिए सहेज कर रखा जाता है. गोविंदपुर के रहने वाले बशीरूद्दीन अंसारी और एजाज अंसारी बताते हैं कि रोजी-रोजगार में अगर मजहब देखेंगे, तो खुद का और परिवार का भरण-पोषण करना काफी मुश्किल हो जाएगा. उन्होंने कहा कि साल भर बांस की खेती करते हैं और रामनवमी के अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों के साथ-साथ धनबाद के हीरापुर से बांस लाकर बिक्री करते हैं. उनके पास 100 रुपये से 500 रुपये तक के बांस हैं.

ब्रीफ खबरें

### नाबालिग से दुष्कर्म में बीस साल की कैद

**धनबाद।** नाबालिग से दुष्कर्म करने के एक मामले में धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी चांदमारी धनसार निवासी मुरारी शर्मा को बीस वर्ष कैद एवं दस हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया है.12 अप्रैल को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था. वारदात की प्राथमिकी पीड़िता के मां की शिकायत पर धनसार थाने में 24 अक्टूबर 2023 को दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक 23 अक्टूबर 2023 आरोपी पीड़िता को लेकर अपने घर ले गया. आरोपी ने पीड़िता को दो घंटे तक अपने घर में रखा .

### मटकुरिया गोली कांड की सुनवाई

**धनबाद।** मटकुरिया गोलीकांड की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत में हुई. सुनवाई के दौरान कांड के आरोपी पूर्व मंत्री बच्चा सिंह, मन्नान मल्लिक, व अन्य हाजिर नहीं थे. अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है. मालूम हो कि 27 अप्रैल 2011 को मटकुरिया में बीसीसीएल के आवासों को अतिक्रमण से मुक्त कराने गये पुलिस बल के साथ आंदोलनकारियों की हिंसक झड़प हुई थी. घटना में तत्कालीन एसपी आरके धान जख्मी हो गए थे जबकि विकास सिंह समेत चार लोगों की मौत हो गई थी.

### पोचरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय में चोरी

**बरोरा।** बरोरा थाना क्षेत्र के पोचरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय में रविवार की देर रात चोरों ने विद्यालय के रसोईघर की खिड़की का एंगल काट कर चोरी की घटना को अंजाम दिया.सोमवार की सुबह जब विधालय के शिक्षक पहुंचे, तो खिड़की टूटी देख सभी दंग रह गए. कमरे में जाकर देखा तो कमरे में मध्यान भोजन के लिए रखे करीब एक क्विंटल 20 किलो चावल सहित अन्य सामान गायब थे.घटना को लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यपक ने बरोरा पुलिस को लिखित शिकायत की है.

### ट्रैक्टर और टोटो में टक्कर, चार जख्मी

**पुटकी।** पुटकी दो नम्बर में धनबाद बोकारो सड़क पर अपराह्न साढ़े तीन बजे ट्रैक्टर व टोटो की टक्कर में तीन महिला समेत चार लोग घायल हो गए. टोटो चालक पीबी प्रोजेक्ट कॉलोनी के शम्भू झा को गम्भीर चोट लगी है और उनका टोटो भी क्षतिग्रस्त हो गया है. उन्हें तत्काल अस्पताल भेजा गया है. अन्य तीन घायलों धोबनी चेक पोस्ट की दीपिका कुमारी, पुटकी 10 नम्बर की नीतू कुमारी व मस्जिद पट्टी की चांदनी परवीन शामिल हैं. पुटकी पुलिस ने भागाबान्ध निवासी रमन साव के ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है.

### डीजीएमएस इलेवन ने वीपीआरएम को हराया

**धनबाद।** टाटा स्टील के झरिया डिवीजन ने सोमवार को खान सुरक्षा महानिदेशालय डीजीएमएस के महानिदेशक और टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट रॉ मैटेरियल्स के बीच दोस्ताना क्रिकेट मैच का आयोजन किया . इसमें डीजीएमएस इलेवन ने पहले बल्लेबाजी कर 15 ओवर में 131 रन बनाए. वहीं वीपीआरएम इलेवन केवल 113 रन ही बना सकी और डीजीएमएस इलेवन को 19 रन से जीत मिली. टाटा स्टील के झरिया डिवीजन के जामाडोबा कोल प्रिपरेशन प्लांट के सीनियर एरिया मैनेजर प्रसेनजीत सामंता को 17 गेंदों पर 27 रन बनाने के लिए सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार मिला.

# सावधान ! सोना पहन सड़क पर चलना मना है

## घूम-घूम कर चेन छिनतई कर रहे बाइक सवार लुटेरे

रिजवान शम्स । धनबाद

धनबाद शहर में यदि आप सोने के गहने पहन कर सड़क पर चल रहे हैं तो सावधान हो जाइए, क्योंकि यह खबर आपके लिए है. सड़क और चौक-चौराहों पर पुलिस को देखकर यह गलतफहमी नहीं पालें कि वे आपकी सुरक्षा में तैनात हैं. उन्हें कई और 'कामों' में भी अपनी पूरी जिम्मेवारी निभानी होती है. बिना हेलमेट और तीन सवारी वाली बाइक को पकड़ने के लिए इनकी नजर बाज से भी तेज हो जाती है, गलती से इनके दायरे में आए तो फिर आपकी जेब पर इन बाजों की नुकीली चोंच पड़नी तय है. अलग बात है कि अपराधी सरेशाम इसी शहर में घूम-घूम कर सुरक्षित और भीड़भाड़ वाले इलाकों में महिलाओं के गले पर झपटा मारकर फरार होने में कामयाब हो जा रहे हैं. इनकी भनक तक इन्हें नहीं लग रही है. जी हां, शहर में 12 घंटों के दौरान चेन छिनतई की चार वारदातें तो यही साबित कर रही हैं.



शहर के सबसे व्यस्ततम चौक पर एक जवान (बाएं) ड्यूटी करता हुआ, शायद भरी दोपहरिया में ड्यूटी कर थक गए होंगे, अब अपनी बाइक की सीट पर बैठकर ही सीटी बजा रहे हैं, ऐसे में अपराधियों के पकड़े जाने की कितनी उम्मीद रखी जाए...
तस्वीर आफताब आलम



**वारदात नंबर -1**
स्थान - कुसुम विहार :
समय - 6 : 55 बजे शाम
पीड़िता : दयानंद राम की पत्नी

शहर का पॉश इलाका कुसुम विहार में दयानंद राम और उनकी पत्नी शनिवार की शाम में करीब सात बजे इवनिंग वॉक पर थे . तभी काले रंग की बाइक पर सवार दो युवक पहुंचे, पत्नी के गले पर झपटा मारा और चेन लेकर तेज रफ्तार के साथ आगे बढ़ गए . दयानंद और उनकी पत्नी ने शोर मचाया लेकिन अपराधी तब तक पकड़ से दूर थे . इस वारदात को सीसीटीवी कैमरे ने रिकार्ड कर लिया है .

**वारदात नंबर -2**
स्थान - हाउसिंग कालोनी
समय - 7 : 40 बजे शाम
पीड़ित : सुमित सांवरिया

सुमित सांवरिया और उनकी पत्नी दोनों विंध्यावासिनी मंदिर से पूजा कर जेपी नगर अपने आवास लौट रहे थे . हाउसिंग कालोनी में शाम करीब 7 :40 बजे बाइक सवार दो अपराधियों ने पीछे से सुमित सांवरिया के गले पर झपटा मारा और चेन छीन ली . इस क्रम में गले में चोट भी आई . दोनों अपराधी काले रंग की पल्सर बाइक पर सवार थे . वारदात ठीक दुर्गा मंडप के पास घटी थी . यह जगह भीड़-भाड़ वाली है .

**वारदात नंबर -3**
स्थान - सर्किट हाउस के समीप
समय - लगभग 8 बजे
पीड़िता : ज्योतस्ना सिंह

काली मंदिर बेकारबांध की रहने वाली ज्योत्सना सिंह शनिवार की रात करीब आठ बजे सिटी सेंटर से बेकारबांध रोड पर पैदल टहल रही थी . धनबाद सर्किट हाउस के मुख्यगेट के ठीक सामने ही काले रंग की बाइक पर सवार दो लड़कों ने उनके गले से चेन झपट लिया . चेन लेने के बाद बाइक सवार सिटी सेंटर की तरफ भाग निकले . दोनों की उम्र 30-35 साल के करीब बताई जा रही है और दोनों सांवले रंग के हैं . दोनों लड़के चेन झपटने के बाद तेजी से निकल भागे .

**वारदात नंबर -4**
स्थान - पुराना बाजार
समय - 7 : 15 बजे सुबह
पीड़िता : शकुंतला देवी

चौथी वारदात रविवार की सुबह पुराना बाजार में घटी है . टिकिया पाड़ा की रहने वाली शकुंतला देवी भी पूजा कर घर लौट रही थी . तभी काले रंग की बाइक पर सवार दो अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया है . पीछे से आकर गले पर झपटा मारा और चेन लेकर मनईटांड की तरफ उड़ान हो गए . शकुंतला देवी का गला भी जख्मी हो गया है . शोर मचाने पर लोग जुटे लेकिन बाइक सवार अपराधियों को पकड़ा नहीं जा सका .

**खास बातें**
- भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी वारदातों को दे रहे अंजाम
- चेन छीनने के क्रम में कई के गले भी हुए जख्मी

### जल्द पकड़े जाएंगे अपराधी : सिटी एसपी

इन वारदातों को लेकर धनबाद के सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा



कि वारदात में शामिल अपराधियों की शिनाख्त करने की कोशिश की जा रही है . जल्द ही वारदात में शामिल अपराधी पुलिस के शिकंजे में होंगे . संबंधित थानों को निर्देशित किया गया है . अपने-अपने क्षेत्र में ऐसी वारदातों पर लगाम लगाएं,

उपद्रवियों से निपटने की कवायद

# रामनवमी पर पुलिस लाइन में मॉकड्रिल, कमियां उजागर

संवाददाता । धनबाद

- पुलिस वाले ही बने उपद्रवी, नारेबाजी करते हुए पुलिस पर बोला हमला
- भीड़ को हटाने के लिए नहीं छोड़े जा सके आंसू गैस के गोले

रामनवमी और लोकसभा चुनाव को लेकर धनबाद पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है। शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार और चुनाव संपन्न कराने की दिशा में पुलिस लगातार मेहनत कर रही है. त्योहार में किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने को लेकर पुलिस ने सोमवार को अपनी तैयारियों का जायजा लिया. आम लोगों की रक्षा कैसे हो सके, इसके तहत पुलिस केंद्र में मॉकड्रिल किया गया. उपद्रवियों से निपटने के लिए पुलिस के ही कुछ लोग उपद्रवी बने और कुछ पुलिस वाले बनकर उन्हें रोकने में जुटे. एक तरफ से नारेबाजी करते हए उप्रदवी भीड़ पहुंची तो दूसरी तरफ कमान संभाले पुलिस वाले थे. दोनों पक्षों से जमकर मशक्कत हुई. कई लोग जख्मी बनकर गिर गए हुए तो उन्हें पुलिस वाहनों में लाद कर अस्पताल भेजने पर काम किया गया. भीड़ को तीतर-बीतर करने के लिए आंसू गैस छोड़ने की कोशिश हुई लेकिन उस गन से फायर नहीं हो सका. कई कोशिशों के बाद भी आंसू गैस नहीं छोड़ा जा सका.अंत में इस ड्रिल को छोड़ दिया गया. मॉकड्रिल में कई कमियां उजागर हुई हैं, इन कमियों को दूर करने की कवायद की जा रही है. मौके पर डीएसपी मुख्यालय-1 शंकर कामती और सीसीआर डीएसपी सुमित कुमार मौजूद रहे और मॉकड्रिल में पुलिस केंद्र के सौ से अधिक पुलिसकर्मी शामिल हुए.



### उपद्रव या हुड़दंग नहीं करेंगे बर्दाश्त : कामती

डीएसपी मुख्यालय-1 शंकर कामती ने बताया कि रामनवमी में किसी भी प्रकार के उपद्रव से निपटने को लेकर मॉक ड्रिल किया गया . शांति समिति के लोगों के साथ भी बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं . प्रेम और सौहार्दपूर्ण वातावरण में लोगों को त्योहार मनाने हैं। ऐसे में किसी भी प्रकार का उपद्रव या हुड़दंग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा . धनबाद के पुलिसककर्मी हर हालात से निपटने के लिए तैयार हैं .



व्रतियों ने भगवान भास्कर से सुख-समृद्धि की कामना की

# सूर्य को अर्घ्य के साथ चैती छठ संपन्न

संवाददाता । धनबाद

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय आस्था का महापर्व चैती छठ का समापन हुआ. कोयलांचल में भी नदियों और तालाबों में व्रतियों ने अपने परिवार व रिश्तेदारों के साथ भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-शांति की कामना की. इसके बाद व्रतियों ने ठेकुआ का प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला उपवास तोड़ा. इस दौरान घाट पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने व्रतियों से प्रसाद लिया और उनके पैर छुकर आशीर्वाद लिया. छठ को लेकर जिले के लाल बंगला दामोदर नदी, मोहलबनी घाट, चासनाला सूर्य धाम, बेकारबांध राजेंद्र सरोवर, पंपू तालाब, मनईटांड़ छठ तालाब, बरमसिया तालाब, रानी बांध तालाब, राजा तालाब सहित अन्य छठ घाटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा.



### छठ घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

महापर्व को लेकर सभी छठ घाटों पर पुलिस बल तैनात थे . व्रतियों की सुविधा के लिए प्रमुख छठ घाटों पर बैरिकेटिंग की व्यवस्था भी की गयी थी . साथ ही विभिन्न समितियों ने घाटों की साफ-सफाई और साज-सज्जा भी की थी . ताकि व्रतियों को घाट पर किसी तरह की परेशानी ना हो . व्रती रेखा सिंह ने महापर्व छठ को लेकर कहा कि यह आस्था का महापर्व है . इसमें व्रती 36 घंटे का निर्जला उपवास रख अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करती है . कहा कि छठी मईया सबकी मनोकामनाएं पूर्ण करती है . यह पूजा साल में दो बार , पहला चैत्र शुक्ल की षष्टि और दूसरा कार्तिक शुक्ल की षष्टि पर मनाया जाता है .

### श्वेता किन्नर के नेतृत्व में झरिया में निकली रैली

**धनबाद।** अखिल भारतीय किन्नर समाज, झारखंड प्रदेश एवं डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर के नेतृत्व में सोमवार को मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में शत् प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के ध्येय को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई.जागरूकता रैली कम मतदान प्रतिशत वाले 41 झरिया के वार्ड नंबर 36, 43, 44 एवं 45 में पड़ने वाले लगभग 50 बूथों से गुजरते हुए वहां के मतदाताओं को 25 मई को धनबाद लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सशक्त लोकतंत्र का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया.

## पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने ली मतदान करने की शपथ

संवाददाता । धनबाद

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव के निमित्त टाटा स्टील माइनिंग डिवीजन कार्यालय में सुरक्षा ड्रिल के दौरान मतदाता जागरूकता को लेकर वोटर अवेयरनेस फोरम (वीएएफ) और ओरिएंटेशन की बैठक आयोजित की गई. इसी क्रम में टाटा स्टील माइनिंग डिवीजन कार्यालय के सभी पदाधिकारी कर्मचारी पर्यवेक्षकों के बीच इस कार्यशाला में जागरूकता कार्यक्रम कर मतदाता सूची में निबंध की प्रक्रिया से अवगत कराया गया एवं वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कराया गया. लोकसभा आम चुनाव में सभी कर्मचारियों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई. साथ ही वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों को मतदाता जागरूकता के विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने का निर्देश दिया गया. आज की कार्यशाला में नोडल पदाधिकारी द्वारा सभी कर्मचारियों को मतदाता प्रतिज्ञा भी दिलाई गई.

## सुदामडीह में अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त किया गया

संवाददाता । धनबाद

सुदामडीह ओपी क्षेत्र के बाई क्वार्टर इलाके में रविवार की देर रात सीआइएसएफ ने अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त किया है. जब्त ट्रक संख्या जेएच 09 क्यू-5705 को सुदामडीह ओपी के हवाले कर दिया गया है. सीआइएसएफ के बयान के आधार पर सुदामडीह ओपी में ट्रक नंबर के आधार पर अज्ञात चालक व मालिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है. इस कोयला ट्रक की जब्ती को लेकर धनबाद में कोयला चोरी का खुलासा हुआ है. चर्चे में है कि सुदामडीह की लोकल पुलिस अपने ही पुलिस वरीय अधिकारियों की आंख में धूल झोंकने का काम कर रहे थे. बताया जा रहा है कि बाई क्वार्टर इलाके में में ही अवैध कोयला बोरियों में भरकर जमा किया जाता था और फिर यहां से ट्रकों में लोड कर गोविंदपुर के एक भट्ठे में भेजा जा रहा था. गुप्त सूचना पर सीआईएसएफ की क्यूआरटी ने छापेमारी की. सीआइएफएफ को देखकर ट्रक चालक व अन्य लोग वहां से फरार हो गए. तब सीआइएसएफ ने पुलिस को सूचना दी और ट्रक को जब्त करने की कार्रवाई की गई.

### पूर्वी टुंडी में मतदाता जागरुकता रैली

**धनबाद।** पूर्वी टुंडी क्षेत्र के मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में शत् प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए सोमवार को विद्यालयों में गठित ईएलसी के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई. रैली के दौरान आम मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई. इस दौरान स्वीप पंपलेट, हैंडबिल वितरित किए गए. रैली में नोडल पदाधिकारी, विद्यालय के शिक्षक, प्रधानाध्यापक, स्वीप टीम सहित सभी ईएलसी सदस्यों ने भाग लिया. इसके अलावा आवासीय बालिका विद्यालय में ईएलसी के छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

## रामनवमी को लेकर जिला पुलिस चौकस

संवाददाता । निरसा/मैथन

**खास बातें**
- ग्रामीण एसपी ने निरसा और चिरकुंडा थाने का दौरा किया
- अखाड़ों में डीजे और अश्लील गानों पर प्रतिबंध

रामनवमी पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्ण संपन्न हो, इसको लेकर एसएसपी एचपी जनार्दनन, ग्रामीण एसपी कुलदीप चौधरी ने सोमवार को निरसा और चिरकुंडा थाना का दौरा किया. एसएसपी ने निरसा थाना में अखाड़ा दलों के साथ बैठक कर वर्तमान स्थिति की जानकारी ली. इस दौरान वे निरसा और चिरकुंडा पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश भी जिए. पिछले वर्ष रामनवमी के दिन भुरकुंडाबाड़ी गांव में हुए गोकशी की घटना के कारण हुए उपद्रव प्रभावित गांव का भी दौरा किया. इससे पहले उन्होंने अखाड़ा दल के सदस्यों के साथ बैठक करते हुए कहा कि सभी लोग निर्धारित रूट से ही अखाड़ा निकालेंगे. अखाड़ों में डीजे व अश्लील गानों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा. अखाड़ा दल के सदस्य कार्यक्रम की वीडियोग्राफी करवाएंगे.

कहा गया कि अभी जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है, इसलिए जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करना होगा. असामाजिक तत्वों की जानकारी पुलिस को पूर्व में ही दें, ताकि पुलिस समय रहते कार्रवाई कर सके. सभी लोग सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक पर्व मनाएं. बैठक के लिए वे निरसा बाजार स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे, जहां वीर दल अखाड़ा द्वारा एसएसपी एवं ग्रामीण एसपी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया. यहां से पुलिस पदाधिकारियों के साथ एसएसपी भुरकुंडाबाड़ी गांव पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत की. इस दौरान एसएसपी ने मुस्लिम धर्मावलंवियों से कहा कि रामनवमी से दो दिन पूर्व आप लोग मांसाहार का परित्याग करें.

### प्रभातम मॉल में मतदाता जागरूकता अभियान

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार आसान्न लोकसभा आम चुनाव के निमित्त सोमवार को जिला के प्रभातम मॉल में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया. इसी दौरान प्रभातम मॉल के सभी संचालकों, कर्मचारियों, पर्यवेक्षकों एवं मॉल में आये लोगों के बीच इस कार्यशाला में जागरूकता कार्यक्रम कर मतदाता सूची में निबंध की प्रक्रिया से अवगत कराया गया एवं वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कराया गया. लोक सभा आम चुनाव में सभी लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई.

बाल विवाह उन्मूलन को लेकर मंदिर-मस्जिदों में चलाया गया जागरूकता अभियान

# अक्षय तृतीया में पुजारियों को सजग रहना होगा : शंकर रवानी

संवाददाता । महुदा

बाल विवाह उन्मूलन को लेकर झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट ने सोमवार को ब्रह्म बाबा मंदिर महुदा , शिव शक्ति धाम महुदा मोड़, लिलोरी मन्दिर कतरास, शिव मन्दिर नागदा एवं क्षेत्र के मस्जिदों सहित दर्जनों अन्य विवाह स्थलों पर जागरूकता अभियान चलाया गया . इस दौरान संस्थान के सदस्यों ने बाल विवाह के खिलाफ जगह जगह पोस्ट लगाया.साथ ही बाल विवाह मुक्त अभियान के सहयोगी संस्था झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा मंदिर के पूजरियों, प्रबंधकों को जागरूक किया. ताकि अनजाने में भी बाल विवाह न होने पाए.

**बाल विवाह के खिलाफ जगह -जगह चिपकाए गए पोस्टर**



कार्यक्रम में झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष बिनोद महतो, जिला समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी, सीता कुमारी, भागीरथ सिंह, दीपा रवानी,बेला कुमारी, चंदा कुमारी, सागर रवानी, नितेश कुमार वर्मा, बेबी प्रियंका, सुमित्रा देवी, मुमताज अंसारी, योगेश्वर रवानी, कामेश्वर महतो सहित अन्य उपस्थित थे .

### अक्षय तृतीया अत्यंत शुभ दिन

झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी ने बताया कि अक्षय तृतीया एक अत्यंत शुभ दिन है, इस दिन विवाह सहित जीवन में नई शुरुआत के लिए एक शुभ दिन माना जाता है . अक्षय तृतीया पर हर साल कई शादियां होती हैं . इस दिन विवाह मुहूर्त की आवश्यकता नहीं होती है . अधिकांश विवाह हॉल, विक्रेता और अन्य पेशेवर पहले से ही बुक होते हैं और बहुत सारा व्यवसाय चल रहा है . कई लोग सामुदायिक विवाह भी आयोजित करते हैं .

# नीट : अंतिम चार दिन पढ़े टॉपिक को दोहरायें

संवाददाता । धनबाद

नीट की परीक्षा से 19 दिन पहले सोमवार को गोल इंस्टिट्यूट के निदेशक संजय आनंद ने छात्रों को कुछ टिप्स दिए . जिससे वह नीट की परीक्षा में सफल हो सके . उन्होंने कहा कि देश का बहुप्रतिष्ठित व कठिनतम प्रतियोगिताओं में से एक नीट (मेडिकल) की परीक्षा 5 मई को होने जा रही है. अब जबकि 19 दिन शेष हैं. ऐसे में क्या पढ़ें इससे ज्यादा जरूरी है कि क्या न पढ़ें. यह सच भी है कि आपने पूरे वर्ष पढ़ाई किया है. अंतिम समय में अंतिम ताकत लगानी है . हर दिन की टारगेटेड स्टडी की कन्सीस्टेंसी को भी आत्मविश्वास के साथ बनाए रखना जरुरी है. ताकि अंतिम तैयारी पावर ऑफ इंप्लीमेंट की जा सके.



### परीक्षा की तैयारी के लिए उपयोगी टिप्स

मेमोरी बेस्ड पार्ट जैसे इनऑर्गेनिक, ऑर्गेनिक एवं बायोलॉजी में अब तक पढ़ें हुए टॉपिक के एनसीईआरटी के महत्वपूर्ण अंडरलाइन्स को रिवीजन करें .15 दिनों में कम से कम दो बार रिवीजन करने के तरीके को अपनायें और बचे हुए चार दिन आप वह पढ़ें जो आत्मविश्वास व संतुष्टि दे . नये टॉपिक अब नहीं पढ़ें ,बल्कि पढ़ें हुए टॉपिक को ही बार-बार दोहराएं . छात्र अपना समय और क्षमता वहीं लगायें जहां से बेस्ट आउटपुट मिले . यानी अपने सेल्फ स्टडी का सबसे ज्यादा समय स्कोरिंग विषय एवं महत्वपूर्ण टॉपिक पर दें . नीट पैटर्न पर आधारित ऑलइंडिया टेस्ट, स्पोट टेस्ट, डी.पी.पी. के साथ ही वैसे सारे प्रश्नों को दुबारा कर सॉल्व करें जहां पहले गलतियां हुई हैं .

## ब्रीफ खबरें

### विधायक ने की पूजा खुशहाली की कामना की

**साहिबगंज।** राजमहल विधायक अनंत ओझा ने सोमवार को चैती दुर्गा पूजा के सप्तमी के अवसर पर साहेबगंज नगर परिषद क्षेत्र के दहला दुर्गा स्थान में आयोजित दुर्गा पूजा पंडाल में दर्शन कर क्षेत्र की ख़ुशीहाली की कामना की. इस अवसर पर दहला दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने राजमहल विधायक अनंत ओझा को चुनड़ी ओढ़ाकर स्वागत किया. इस मौके पर समिति के सदस्य विक्रम दास, सचिव सुनील पासवान,अध्यक्ष रविन्द्र दास , नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष रामानंद साह,विनोद चौधरी,पंकज चौधरी,दिनेश पांडेय,गौतम पंडित सहित अन्य लोग मौजूद थे.

### रामनवमी में सौहार्द्र बनाए रखने का संकल्प

**डुमरी।** रामनवमी में विधि व्यवस्था बहाल रखने और पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. अनुमंडल कार्यालय सभागार में शांति समिति की बैठक में मुख्य रूप से एसडीपीओ सुमित प्रसाद, बीडीओ अन्वेषा ओना, सीओ शशि भूषण वर्मा, बीडीओ सह सीओ पीरटांड़ मनोज मरांडी सहित अन्य लोगों ने हिस्सा लिया. रामनवमी को सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में सभी से सहयोग की अपील की गई.

### तानाशाह सरकार को उखाड़ फेकें : मथुरा

**बोकारो ।** बोकारो के बेरमो विधानसभा क्षेत्र स्थित जरीडीह प्रखंड में सोमवार को झामुमो कार्यकर्ताओं के बीच गिरीडीह लोकसभा सीट के इंडी गठबंधन प्रत्याशी मथुरा महतो पहुंचे. इस दौरान उन्होंने प्रेस वार्ता कर कहा कि इस बार केन्द्र की तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकना है. इससे पूर्व जैनामोड़ स्थित जेएमएम जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी के आवासीय कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने फूलमाला के साथ धूमधाम से अपने प्रत्याशी का स्वागत किया. इस दौरान चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई.

### चिकित्सा सुधार को लेकर एक मई को अनशन

**बोकारो ।** जनता मजदूर सभा यूनियन की बैठक सोमवार को यूनियन कार्यालय में हुई. इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यूनियन अध्यक्ष साधु शरण गोप ने कहा कि बीएसएल प्रबंधन की संवेदनहीनता के कारण बीजीएच की ख्याति धूमिल हो रही है. बीजीएच में गिरती चिकित्सा व्यवस्था में सुधार को लेकर यूनियन आगामी एक मई को मजदूर दिवस पर बीजीएच के गेट पर अनशन करेगी. उन्होंने कहा कि बीजीएच उत्तरी छोटानगपुर क्षेत्र में एक बड़ा एवं नामी गिरामी हॉस्पिटल के नाम से जाना जाता था.

### देश गुलामी की ओर जा रहा है: जगदीश

**धनबाद।** धनबाद विधानसभा क्षेत्र मासस एंव मायुमो की संयुक्त कार्यकर्ताओं की एक बैठक नरेश पासवान की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक का संचालन मायुमो जिला सचिव राणा चटराज ने की . बैठक में मुख्य रूप से मासस धनबाद लोकसभा प्रत्याशी जगदीश रवानी उपस्थित थे. बैठक को संबोधित करते हुए मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने कहा कि देश को भाजपा गुलामी की ओर ले जा रही है. देश की तमाम संपदा एवं सार्वजनिक उद्योगों को कॉरपोरेट कंपनी के हवाले करने के साथ यहां की संपदा को लूटने की खुली छूट दे रखी है .

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ चैती छठ का हुआ समापन

# बोकारो में छठ घाटों पर उमड़ी भक्तों की भीड़

**संवाददाता। बोकारो**

बोकारो जिले के चास एवं बेरमो अनुमंडल क्षेत्र में लोक आस्था का चार दिवसीय अनुष्ठान चैती छठ सोमवार की सुबह छठ व्रतियों के उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ समापन हुआ. इस दौरान बोकारो शहर से लेकर गोमिया, कथारा, जारंगडीह समेत अन्य कई स्थानों में छठव्रतियों ने अपने अपने क्षेत्र के प्रमुख जलाशयों में छठ का अर्घ्य दिया. इस दौरान छठ को लेकर नदियों से लेकर गांव के रास्ते की साफ सफाई की गई थी. सोमवार की सुबह सूर्य उदित होने से पूर्व ही सभी छठव्रतियों से तालाब एवं नदिया छठ की गीतों से गूंज रही थीं. इससे पूर्व रविवार की शाम को अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को छठव्रतियों ने अर्घ्य दिया था, इसके बाद सोमवार सुबह पर्व के चौथे दिन उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया गया. इस दौरान सभी छठ घाटों में प्रसाद वितरण भी किया गया.



बेरमो के जारंगडीह में छठ पूजा में उपस्थित श्रद्धालु.

### गांवा में भी भक्तिमय माहौल में छठ संपन्न

**गावां (गिरिडीह) ।** गावां प्रखंड के छठ घाटों पर सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही महापर्व छठ का समापन हो गया. 14 अप्रैल यानी रविवार को छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान भाष्कर को अर्घ्य अर्पित किया था. छठ पर गावां प्रखंड के तालाब सहित अन्य जलाशयों में भक्तों भीड़ भोर से ही उमड़ पड़ी थी. उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए लोग घाटों पर पहुंच चुके थे. छठ पूजा संपन्न होने के साथ घाटों पर उत्साह का माहौल देखा गया.

## अर्घ्य देने गया युवक नहाने के दौरान गंगा नदी में डूबा

**संवाददाता। साहिबगंज**

जिले में सूर्य उपासना के महापर्व चैती छठ के दूसरे दिन सुबह का अर्घ्य देने चानन घाट पर गया युवक सागर कुमार (18) नहाने के दौरान गंगा नदी में डूब गया. गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश की जा रही है.युवक कुछ दोस्तो के साथ छठ घाट पर पहुंचा था.इसी दौरान सभी दोस्तों ने मिलकर गंगा में नहाने का प्लान बनाया इसके बाद सभी गंगा नदी नदी में उतरे . घटना सोमवार को अहले सुबह छह बजे की है. युवक के गंगा में डूबने की खबर जैसे ही वहां फैली मौके पर मौजूद लोगों ने स्थानीय थाने को इसकी खबर दी.

**थाना प्रभारी दल बल के साथ पहुंचे :** इसकी सूचना मिलते ही साहिबगंज मुफस्सिल थाना प्रभारी शशि सिंह व जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनिश पांडे दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और युवक की तलाश के प्रयास शुरू कर दिए. स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक को पानी में खोजने का प्रयास लगातार किया जा रहा है. जैसे ही इस बात की खबर एसडीओ अंगारनाथ स्वर्णकार को मिली, वह फौरन घटनास्थल पर पहुंचे और वाटर मोटर बोट की व्यवस्था कराकर युवक को खोजने का प्रयास किया.बताया गया कि जीरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रेम नगर निवासी राजू कुमार का पुत्र सागर कुमार (18) छठ पर्व के लिए चानन घाट गया था.तभी नहाने के दौरान युवक गहरे पानी में चला गया और डूब गया.वह कॉलेज का छात्र बताया जाता है.

हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना ने आदिवासियों के साथ की बैठक, कहा

# केंद्र झारखंड के साथ कर रहा है सौतेला व्यवहार

**संवाददाता। गांडेय (गिरिडीह)**

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा है कि केंद्र सरकार झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है. वह सोमवार को यहां आदिवासी समाज के लोगों के साथ बैठक के दौरान यह बात कही. मालूम हो कि कल्पना सोरेन गांडेय उपचुनाव में झामुमो की प्रत्याशी भी है.

कल्पना सोरेन ने आगे कहा कहा कि झारखंड में जल जंगल जमीन हमारा है . फिर भी हम आदिवासियों को हक और अधिकारी से वंचित रखा जाता है . अपने हक और अधिकार को प्राप्त करने के लिए आपको जनता के द्वारा चुनकर संसद पहुंचना होगा .पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नी ने कहा कि आप लोगों की अच्छी और सकारात्मक सोच के कारण हेमंत सोरेन 2019 में राज्य के मुख्यमंत्री बने. मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने राज्य की जनता के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाओं को चलाया. सर्वजन पेंशन योजना भारत के सिर्फ झारखंड में संचालित किया जा रहा है . मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के 20 लाख परिवारों का राशन कार्ड बनवाया . केन्द्र सरकार हमेशा राज्य के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है. राज्य के सभी गरीब परिवारों को घर देने के उद्देश्य से अंबुआ आवास योजना का संचालन किया जा रहा है. इस दौरान कार्यक्रम पहुंचने के पहले उन्होंने मरगोडी स्थित झारखंड आंदोलकारी स्व. धनेश्वर मंडल , जोराआम में शाहिद बसंत पाठक की समाधि स्थल पर पहुंचकर माथा टेका.

मौके पर हीरालाल मुर्मू,बबली मरांडी, हेंगामुनी मुर्मू, दशरथ किस्कू, रमेश मुर्मू, रामजीत मुर्मू प्रेमजित मुर्मू सहित सैकड़ों आदिवासी कार्यकर्ता मौजूद थे.





**खास बातें**

- सकारात्मक सोच के कारण ही हेमंत मुख्यमंत्री बने
- उन्होंने 20 लाख परिवारों का राशन कार्ड भी बनवाया

रक्तदान शिविर के जरिए चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

## लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व : डीसी

**संवाददाता। देवघर**

देवघर जिला प्रशासन ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को पुराना सदर अस्पाताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया. शिविर में स्वीप के नोडल पदाधिकारी संतोष कुमार ने युवाओं का एक जून को होने वाले मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संदेश दिया. शिविर का उद्घाटन करते हुए डीसी विशाल सागर ने कहा कि जिस तरह जिंदगी के लिए एक-एक बूंद खून जरूरी है, उसी तरह स्वस्थ लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व है.

उन्होंने लोगों से मतदान में भाग लेकर लोकतंत्र को मजबूत करने की अपील की. कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ना सभी का दायित्व है. इसमें सहयोग करें. उन्होंने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने और वोटरों को जागरूक करने के लिए प्रखंडों में स्वीप कार्यक्रम के तहत तरह-तरह के आयोजन हो रहे हैं. रक्तदान शिविर उसी का हिस्सा है.

उन्होंने ने वैसे मतदाता जिनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं है उन्हें फॉर्म छह भरकर बीएलओ के पास जमा करने या फिर ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म भरने की अपील की मौके पर डीडीसी नवीन कुमार, एसडीओ सागरी बराल, उप निर्वाचन पदाधिकारी शैलेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, डीईओ विनोद कुमार, स्वीप नोडल सह जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. विधु विनोद, बीडीओ, सीओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे.



## डीसी ने की जन शिकायत व इंटरनल ट्रैकिंग की समीक्षा

**संवाददाता। गिरिडीह**

सोमवार को समाहरणालाय सभागार में उपयुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में जन शिकायत व इंटरनल ट्रैकिंग सिस्टम की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में उपायुक्त ने विभागवार जन शिकायत व इंटरनल ट्रैकिंग सिस्टम की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए. इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन शिकायत पोर्टल पर किसी भी प्रकार की कोई शिकायत लंबित नहीं रहनी चाहिए. इसके साथ ही अधिकारी समय-समय पर जन शिकायत व इंटरनल ट्रैकिंग सिस्टम को भी चेक करें और निर्धारित समयावधि में ही शिकायतों को हल करना सुनिश्चित करें. उपायुक्त ने सभी कार्यालय प्रधान को सख्त निर्देश दिया कि जन शिकायत व इंटरनल ट्रैकिंग सिस्टम के तहत प्राप्त आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें. बैठक में डीसी के आलावा उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, उप नगर आयुक्त आदि उपस्थित थे.

### गंगापुर में 11 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ

**धनवार (गिरिडीह) ।** धनवार थाना क्षेत्र के गंगापुर गांव में 11 दिवसीय श्री मदर हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ कलश यात्रा के साथ सोमवार को शुरू हुआ जिसमें गंगापुर,मनगसो, बरजो,सियारी, समेत आसपास के गांव के श्रद्धालु शामिल हुए. 251 कलश के साथ मंदिर प्रांगण से यात्रा शुरू हुई, जो गंगापुर कोराडीह, बरजो होते हुए राजधनवार इरगा नदी पर कलश में जल भरकर महेशाचार्य गौशाला नगर वृंदावन से आए हुए और यज्ञ पंडितों ने पूजा अर्चना करवाई. करीब पांच किलोमीटर भ्रमण करते हुए यात्रा पुणः मंदिर प्रांगण पहुंची.

## डुमरी पुलिस ने अवैध कोयला लदा ट्रक पकड़ा

- धनबाद से बिहार ले जाया जा रहा था

**संवाददाता। डुमरी**

डुमरी पुलिस ने अवैध कोयला लदा एक ट्रक पकड़े जाने के मामले में चालक को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया.उक्त कार्रवाई गिरिडीह पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर किया गया.इस मामले में खनन विभाग के निरीक्षक के लिखित शिकायत पर ट्रक के चालक,मालिक सहित कोयला के अवैध धंधा में संलिप्त अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है.ट्रक में 25 टन स्टीम कोयला लदा है. बताया जाता है कि सोमवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि जेएच 10बीएएच 3273 नंबर की ट्रक में धनबाद की ओर से अवैध कोयला लाद कर बिहार की ओर ले जाया जा रहा है.सूचना पर एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में थाना प्रभारी प्रिनन पुअनि पितरुश केरकेटटा एवं सास्त्र पुलिस बल की टीम ने उक्त नंबर की ट्रक को कुलगो टॉल प्लाजा के समीप रोका.मांगे जाने पर चालक द्वारा प्रस्तुत किये गये कोयला से संबंधित कागजातों की जब खनन विभाग के निरीक्षक द्वारा सत्यापन किया गया तो फर्जी पाया गया.मामला दर्ज होने के बाद मौके से हिरासत में लिए गये ट्रक के चालक धनबाद गोबिन्दपुर थाना क्षेत्र के परासी निवासी सुर्फउददीन अंसारी को गिरफ्तार कर लिया, जिसे बाद में जेल भेज दिया गया.



अवैध कोयला लदा ट्रक.

प्रशासिनिक अधिकारी व अखाड़ा समितियों की संयुक्त बैठक

## 'रामनवमी पर्व की मर्यादा बनी रहे'

**संवाददाता। सरिया (गिरिडीह)**

उपायुक्त गिरिडीह के निर्देशानुसार श्री रामनवमी पूजा को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों व अखाड़ा समिति के सदस्यों के साथ सोमवार को सरिया थाना में एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई. जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी पप्पू रजक तथा अंचलाधिकारी संतोष कुमार ने संयुक्त रूप से की. जबकि बैठक का संचालन थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने किया. बैठक को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि रामनवमी त्योहार इस क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है.इसकी मर्यादा बनी रहे. यह ख्याल रखते हुए त्यौहार का आनंद लें.कहा गया कि निश्चित रूप से ही जुलूस निकालें.

**पक्ष-विपक्ष में नारेबाजी नहीं करें :** अंचलाधिकारी सह सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी संतोष कुमार ने लोगों को कहा कि लोकसभा चुनाव होना है.इसके लिए आदर्श आचार संहिता लागू की गई है.आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए उन्होंने त्योहार मनाने की अपील की.कहा गया कि झंडा-जुलूस के दौरान किसी राजनीतिक विशेष दल के पक्ष-विपक्ष में नारेबाजी नहीं करें. भाईचारे के रूप में रामनवमी पर्व मनाएं.किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं घटे इसका विशेष ख्याल रखने की सलाह दी गई.यदि कोई उपद्रवी तत्व किसी प्रकार से अशांति पैदा करने का कार्य करें तो उसे प्रशासन के हाथों में सौंपें, कानून को हाथ में नहीं लें.

**शांतिपूर्ण रामनवमी मनाएंगे :** थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने लोगों से अपेक्षा की है कि इस क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी का त्यौहार मनाएंगे. जिससे सरिया क्षेत्र की पहचान पूरे झारखंड प्रदेश में बन सके.इस मौके पर श्री रामनवमी अखाड़ा समिति बलीडीह, चंद्रमारणी, बड़की सरिया, खैराबाद, ठाकुरबाड़ी,नावाडीह शाहिद अन्य पूजा पंडाल व अखाड़ा समिति के सदस्य उपस्थित थे. जिसमें प्रयाग सोनार, जय प्रकाश मंडल, फागु पंडित, डॉ उमेश कुमार, आदित्य पांडेय, केदार मंडल, सुनील सोनार, बिनोद प्रसाद ठाकुर, देवाशीष बादल, मुरली महतो, अरूण कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे.



'बाल विवाह रोकने के लिए समाज को आगे आना होगा'

## प्रेम प्रसंग मामले में रोकी गई नाबालिग की शादी

**संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)**

गुप्त सूचना के आधार पर चाइल्ड लाइन गिरिडीह और सवेरा फाउंडेशन की टीम ने सोमवार को तिसरी के बेलवाना पंचायत में एक नाबालिग किशोरी की शादी रुकवाई. बताया गया कि मामला प्रेम प्रसंग का था और दोनों नाबालिग हैं. दोनों के अभिभावक प्रेम - प्रसंग के कारण दोनों की शादी करवाना चाहते थे. जिसकी गुप्त सूचना चाइल्डलाइन और सवेरा फाउंडेशन की टीम को मिली थी. जिसके बाद उक्त टीम बेलवाना गांव पहुंचकर दोनों के अभिभावकों से बातचीत कर उन्हें समझाया. साथ ही लड़की की उम्र 18 वर्ष और लड़के की उम्र 21 वर्ष होने के बाद ही विवाह करवाने की बात लिखित रूप में ली गई.

मौके पर सवेरा फाउंडेशन प्रवेक्षक सह बाल अधिकार कार्यकर्ता इंकज कुमार ने कहा कि समाज के लिए बाल विवाह एक अभिशाप है, इसे रोके बगैर एक सभ्य समाज की कल्पना नहीं की जा सकती. लिहाजा समाज के हर एक वर्ग को उसके विरुद्ध आगे आने की जरूरत है. मौके पर चाइल्ड लाइन प्रवेक्षक रंजीत कुमार साव, केस वर्कर राहुल कुमार , समानता शिक्षा केंद्र के सचिव सहित अन्य लोग उपस्थित थे.



**बोकारो**

डीएवी पब्लिक स्कूल में सीसीए वार्षिक परिणाम घोषित

# दयानंद सदन बना विजेता, अरबिंदो उपविजेता

**संवाददाता। कथारा (बोकारो)**

बोकारो के कथारा स्थित डीएवी स्कूल में सोमवार को विद्यालय के वार्षिक सह पाठ्यक्रम गतिविधियों के परिणाम घोषित किए गए. बच्चों के सर्वांगीण विकास तथा विभिन्न कौशलों को निखारने व प्रखर बनाने के लिए वर्ष भर में अनेक अंतरीय सदन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. सांस्कृतिक कौशल, संचारी कौशल, भाषा कौशल और बच्चों के कलात्मक कौशल को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न बहुआयामी प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहा.

इस दौरान नृत्य, गीत, प्रश्नोत्तरी, भाषण, कविता, वैदिक मंत्र, दीप सज्जा, रंगोली, राखी, बहुरूपी पोशाक, अनुकरणीय व्यक्ति छवि, विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई. इन सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने हर्ष उल्लास के साथ सहभागिता कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया. इसमें प्रथम स्थान दयानंद सदन, द्वितीय अरबिंदो सदन, तृतीय श्रद्धानंद सदन एवं चतुर्थ विवेकानंद सदन को घोषित किया गया.

विद्यालय के प्राचार्य सह झारखंड जोन के एआरओ विपिन राय ने दयानंद सदन के प्रमुख वीणा कुमारी तथा अरबिंदो सदन की प्रमुख मधुमल्लिका उपाध्याय को क्रमश विजेता एवं उपविजेता की ट्रॉफी प्रदान किया. दयानंद सदन के शिक्षक पीएन चौधरी, पंकज कुमार, असित गोस्वामी, नीरज कुमार, जयपाल साव, शर्मिला ठाकुर, खुशबू कुमारी, ममता कुमारी एवं हाउस कैप्टन विद्यार्थी सोनू रजक, मुस्कान कुमारी, अरबिंदो सदन की प्रमुख सदन शिक्षिका मधुमल्लिका उपाध्याय, शिक्षक टीएम पाठक, रीतेश कुमार, संजय महतो ,जयप्रकाश गिरी, आलोक कुमार, ओशीन, संजना पांडेय, हाउस कप्तान अस्मित कुमार एवं फरहीन ने प्राचार्य से ट्राफी प्राप्त किया. कार्यक्रम का संचालन तथा उद्घोषणा सह पाठयक्रम गतिविधियों के प्रभारी बीके दसौंधी ने किया.

मौके पर विवेकानंद सदन के प्रमुख रेखा कुमारी, श्रद्धानंद सदन के प्रमुख आराधना, अरविंद झा, अमित पांडे, राकेश पांडे, अतुल सिन्हा, राहुल कुमार, शिवप्रकाश सिंह, चिंटू सिंह, शुभम कुमार, सुमन पांडेय, दीपक श्रीवास्तव उपस्थित थे.



डीएवी स्कूल में कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं व शिक्षक.

जिला कार्यालय में कांग्रेस जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक

## गठबंधन की जीत तय : शहजाद अनवर

**संवाददाता। गिरिडीह**

जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में इंडिया गठबंधन की बैठक सोमवार को जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सह प्रभारी शहजादा अनवर उपस्थित थे.

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि कोडरमा, गिरिडीह लोकसभा और गांडेय विधानसभा उपचुनाव में गठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है. जिले में पार्टी का संगठन नीचे स्तर पर दुरुस्त है. हम सभी पार्टी के कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जीतने का काम करेंगे. कहा गया कि केंद्र में भाजपा की सरकार रही है, यहां के सांसद मंत्री थे फिर भी विकास की किरण कहीं नहीं दिख रही है. गिरिडीह सांसद अपने कार्यकाल के दौरान कभी भी क्षेत्र में नजर नहीं आए. देश में बेरोजगारी ,महंगाई काफी बढ़ चुकी है. आमजन त्रस्त है लोकतंत्र में कोई आवाज उठाता है तो उसे जेल में बंद कर दिया जाता है. जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि 21 अप्रैल को रांची के प्रभात तारा मैदान में उन गुलान रैली में जिले के सभी प्रखंड से सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता जायेंगे. रैली में राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी,प्रियंका गांधी आएंगी. बैठक मे उपेंद्र सिंह,मंजू कुमारी, दुर्गा शर्मा, बिमल सिंह, अशोक बिष्कर्म, मनोज राय, नागेश्वर मंडल, गंगाराम टुडू, निजाम सहित अन्य लोग उपस्थित थे.



### दूसरे राज्य और जिले से भी आते हैं लोग, 5549 व्यावसायिक मकानों में रह कर देखते हैं हजारीबाग की रामनवमी, प्रशासन को अलर्ट रहने की जरूरत

# शहर में विजयादशमी के दिन आ सकती है एक लाख श्रद्धालुओं की भीड़

**शुभम संदेश पड़ताल**

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग

शहर की विश्व प्रसिद्ध रामनवमी देखने के लिए विजयदशमी के दिन ग्रामीण इलाकों से लेकर दूसरे राज्यों एवं जिलों से लगभग एक लाख से अधिक लोगों के आने की संभावना जताई जा रही है. एक अनुमान के अनुसार, 2024 की रामनवमी देखने के लिए दूसरे राज्य और जिलों से लगभग 15000 लोग आ सकते हैं. ऐसे में जिला प्रशासन को अलर्ट रहने की आवश्यकता है. पुलिस प्रशासन के लिये शहर के व्यावसायिक मकानों, होटलों, लॉजों, शादी घरों का हिसाब किताब और आने जाने वाले लोगों पर नजर रखना अति आवश्यक है, क्योंकि कई मकान मालिक, होटल संचालक जिला प्रशासन को ठहरने वालों का सही आंकड़ा उपलब्ध नहीं करवा पाते हैं. वह पैसे के लालच में होटल, रूम बुक तो कर देते हैं लेकिन ठहरने वाला अपराधी है या रामनवमी देखने आया है, उन्हें पता नहीं होता है. यही कारण है कि अपराधी आसानी से मकान में रहकर घटना को अंजाम देकर निकल जाते हैं.

**34707** मकान और 1498 होटल, शादी घर, लॉज हैं शहरी क्षेत्र में

**15000** लोग आ सकते हैं रामनवमी देखने दूसरे राज्यों-जिलों से

### पुलिस अधीक्षक से बात करेंगे : डीआईजी



इस संबंध में डीआईजी ने बताया कि इस संबंध में पुलिस अधीक्षक से बात करेंगे और सभी मकान मालिकों, होटल संचालकों, शादी घर एवं बैंक्विट हॉल वालों के साथ बैठक की जाएगी और ठहरने वाले लोगों से आधार कार्ड एवं उनकी पहचान की जाएगी. उन्होंने यह भी संदेश दिया है कि व्यावसायिक इस्तेमाल होने वाले निजी मकान के मालिक या होटल संचालक किरायेदार को अपने होटल या घर में रखने से पहले उनकी पूरी जानकारी ले लें ताकि पुलिस को काम करने में सहयोग मिल सके.

बता दें कि हजारीबाग शहर, जो नगर निगम क्षेत्र में है, में करीब 34707 मकान हैं और 1498 होटल, शादी घर, लॉज हैं. वहीं 4051 ऐसे मकान हैं, जिनमें मकान मालिक भी रहते हैं और वह किरायेदार को भी रखते हैं. इनमें दुकान और मॉल भी शामिल हैं. यह आंकड़ा नगर निगम की फ्रेंचाइजिंग कंपनी रितिक का है. ऐसे में जिला प्रशासन को इन मकान मालिकों एवं होटल संचालकों उनके यहां ठहरने वालों से आधार कार्ड लेकर जिला प्रशासन को जानकारी देनी चाहिए, जिससे प्रशासन अलर्ट रह सके.

### छोटी-छोटी चीजों पर पुलिस की नजर : एसपी

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि जिला पुलिस छोटी-छोटी चीजों पर नजर रख रही है. इसके साथ ही 75 प्रतिशत टेक्निकल सेल का भी इस्तेमाल कर रही है.

### हजारीबाग से आतंकियों का पुराना संबंध

बताते चलें कि देश में हुयी कई बड़ी आतंकी घटनाओं में हजारीबाग का नाम सामने आया है. 2017 में रोहिंग्या मामले में युवाओं को भड़काने और मिजोरम एवं मणिपुर में अल कायदा का बेस कैंप बनाने की तैयारी में जुटे संदिग्ध आतंकवादी का झारखंड कनेक्शन सामने आया. आतंकवादियों ने जांच एजेंसियों से बचने के लिए हजारीबाग की कचहरी के समीप एक होटल में शरण ली थी. इसका खुलासा जांच में एनआइए ने किया था. वर्ष 2002 में हुए हमले के बाद आतंकियों को हजारीबाग में अपने घर में पनाह देने वाला एक सरकारी अधिकारी था. 28 जनवरी 2002 को दो आतंकी सदर थाना क्षेत्र के खिरगांव मुहल्ले में मारे गए थे. इनमें इदरीश नाम का आतंकी घटनास्थल पर ही मारा गया था. वहीं, सलीम अस्पताल में बयान देने के बाद मर गया था. उस वक्त सलीम ने बताया था कि दोनों पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तोएबा के आतंकी हैं. इसी गुट ने जूता निर्माता कंपनी खादिम के शो-रूम मालिक पार्थो राय का जमशेदपुर से अपहरण किया था. 29 फरवरी 2012 को गमिल मोहल्ले के कश्मीर हाउस से लश्कर आतंकी तौफिक को गिरफ्तार किया गया था. उसकी निशानदेही पर दिल्ली में इसके साथी एहतेशाम को गिरफ्तार किया गया था.

---

**ब्रीफ खबरें**

### डीएवी बरकाकाना के नए प्राचार्य बने मुस्तफा



**रामगढ़।** डीएवी बरकाकाना में नए प्राचार्य के रूप में मो. मुस्तफा मजीद ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया. मजीद का सफर प्राचार्य के रूप में वर्ष 2008 को संत जेवियर स्कूल विलासपुर से प्रारंभ हुआ. अपनी यात्रा को जारी रखते हुए इन्होंने संत जेवियर हरियाणा में आठ साल तक अपनी सेवा प्राचार्य के रूप में दी. ये शिक्षाविद होने के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय करियर कोच भी हैं. प्राचार्य मो. मुस्तफा मजीद को डीएवी के वरीय शिक्षक डॉ. बीके चैधरी एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओ ने पुष्प गुच्छ प्रदान कर अभिनंदन किया.

### झरपो में सिंचाई के लिए लगे सोलर पैनल की चोरी

**टाटीझरिया (हजारीबाग)।** टाटीझरिया थाना क्षेत्र के झरपो सियारी टांड में मुकुंद कुमार देव की बारी में सिंचाई के लिए लगे सोलर पैनल की चोरी रविवार रात कर ली गई. मुकुंद देव ने बताया कि यह सोलर पीएम कुसुम योजना के द्वारा लगाया गया था, जिससे हम किसान सिंचाई का कार्य करते थे. रविवार रात लगभग नौ बजे तक सिंचाई करके घर आया और सुबह जाने पर देखा कि सोलर है ही नहीं. काफी खोजबीन करने के बाद भी नहीं मिला. चोरी होने की सूचना टाटीझरिया थाना को दे दी गई है. पुलिस ने जांच करने की बात कही है.

### स्वीप के तहत क्वीज प्रतियोगिता आयोजित

**हजारीबाग।** कटकमसांडी प्लस टू हाई स्कूल में सोमवार को छात्र-छात्राओं के बीच स्वीप के तहत तीसरे दिन लोकसभा निर्वाचन से संबंधित इंटर हाउस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन शारीरिक शिक्षा के शिक्षक सरोज मालाकार ने संपन्न कराया. बतौर मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाध्यापिका डॉ. शिखा खाखा ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सबकी भागीदारी जरूरी है. प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय मशीह और शिक्षक इमरान अयूब हुसैनी ने विचार व्यक्त किये.

### पीडीएस डीलर करें वोटरों को जागरूक

**चौपारण।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रखंड सभागार में अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों की बैठक आयोजित की गई. इसमें सभी दुकानदारों को मतदान के लिये मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया गया.

### डीसी ने एसपी की उपस्थिति में मौलाना व मौलवियों से की चर्चा

# सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार संपन्न कराने का दिया भरोसा

संवाददाता। हजारीबाग



रामनवमी को बेहतर समन्वय एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन हर उचित कदम उठा रहा है. विभिन्न समितियों के साथ बैठक कर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा कर रहा है. इसी क्रम में सोमवार को उपायुक्त नैंसी सहाय ने विभिन्न मस्जिदों के मौलाना-मौलवियों के साथ बैठक की. पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह के आवासीय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया था. बैठक में मौलाना/मौलवियों ने पूर्व के अनुभव के आधार पर कई बिंदुओं पर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया. उन्होंने अपने सुझाव भी दिये. उन्होंने बेहतर समन्वय एवं सद्भाव के साथ प्रशासन व दूसरे समुदाय के लोगों के साथ मिलकर शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी संपन्न कराने का भरोसा दिलाया. कहा कि अखाड़ा वार वॉलिंटियर्स को सक्रिय भूमिका के लिए जिम्मेदारी दी जाए. संवेदनशील जुलूस मार्गों में किसी भी प्रकार की अफरातफरी ना हो, अतिरिक्त सतर्कता बरती जाय. शराब की दुकानें बंद करने सहित बोतल में पेट्रोल की बिक्री पर भी रोक लगे.

**दोनों पक्षों का सहयोग जरूरी : उपायुक्त**

बैठक के दौरान मौलाना-मौलवियों ने कहा कि अमन चैन बनी रहे, इसके हम पक्षधर हैं. दोनों समुदाय के बीच आपसी प्रेम व दोस्ताना माहौल कायम रहे. हजारीबाग की रामनवमी विश्व विख्यात है. बैठक में उपायुक्त नैंसी सहाय ने दोनों पक्षों से सहयोग की अपील की. उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी संपन्न कराने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है. मौके पर अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, डीएसओ सदर शैलेश कुमार, एसडीपीओ शिवाशिष कुमार, एसडीओ व अन्य उपस्थित थे.

### रामनवमी में डीजे बजाने की अखाड़ों की मांग पर आज फैसला लेगा प्रशासन

**हजारीबाग।** ज़िला प्रशासन ने सोमवार को रामनवमी महासमिति के साथ रामनवमी के शांतिपूर्ण आयोजन को बैठक की. महासमिति अध्यक्ष जीतू यादव ने रामनवमी में डीजे बजाने की सभी अखाड़ों की मांग उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के समक्ष मज़बूती से रखी. इस पर जिला प्रशासन ने मंगलवार तक निर्णय लेने की बात कही. वहीं रोड, नाली, नाला, बिजली के खंभों और तारों को दुरुस्त करने सहित कई सारे मुद्दों पर सकारात्मक बातें हुयी. सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों पर कार्रवाई करने पर भी सहमति बनी. नशा मुक्त रामनवमी मनाने के लिए शराब की दुकानें बंद होने पर शराब ब्लैक करने वालों पर पुलिस को पैनी नज़र रखने की मांग भी रखी गयी.



### कोई शिक्षा पर कर रहा बात, तो कोई विकास की गंगा बहाने का दावा

# चुनावी सरगर्मी हुई तेज,प्रत्याशियों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू

संवाददाता। हजारीबाग

लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है, वैसे-वैसे उम्मीदवारों प्रचार अभियान जोर पकड़ता जा रहा है. इसके साथ ही आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो चुका है. कोई शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रहा है, तो कोई लोकसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने का दावा कर रहा है. हम बात कर रहे हैं हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की, जहां से अब तक चार उम्मीदवार मैदान में आ चुके हैं. इनमें भाजपा से मनीष जायसवाल, कांग्रेस से जेपी पटेल, झारखंड पार्टी से राजकुमार कुशवाहा और झारखंड भाषा खतियानी संघर्ष समिति से संजय मेहता शामिल हैं. यह लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क कर रहे हैं. इस दौरान एक दूसरे पर खूब आरोप लगाते हुए देखे जा रहे हैं.

**पढ़े-लिखे लोगों को मौका नहीं देती भाजपा-कांग्रेस**


इधर, कोडरमा लोकसभा के निर्दलीय उम्मीदवार सुरेंद्र कुमार अग्रवाल ने सोमवार को हजारीबाग प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता करते हुए कहां है कि भाजपा हो या कांग्रेस, सभी को पढ़ा लिखा उम्मीदवार लोकसभा सीट पर उतरना चाहिए था, लेकिन वह केवल पैसे वाले नेता को चुनाव लड़ने का मौका देती हैं और यही कारण रहा है कि कोडरमा में आज तक विकास नहीं हुआ. सांसद द्वारा गोद लिये गये गांवों में कुछ नहीं हुआ. इचाक प्रखंड के दाढ़ी घागर के लोग उपायुक्त को पत्र लिख कर चुनाव का बहिष्कार कर रहे थे. ग्रामीणों की मांग थी कि उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जाए. झारखंड में खनिज पदार्थ है और यहां के लोग रोजगार के लिए महानगर जा रहे हैं.

**खनिज संपदा दूसरे देश में जा रही :** सोमवार को झारखंड पार्टी के उम्मीदवार राजकुमार कुशवाहा ने शुभम संदेश के संवाददाता से बातचीत करने के दौरान पूर्व सांसद एवं विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा कि हजारीबाग लोकसभा के भाजपा उम्मीदवार ने क्षेत्र का विकास बिल्कुल नहीं किया. वह केवल बड़े-बड़े वादे लोगों से करते रहे और लहंगा चुनरी बताकर लोगों को बेवकूफ बनाते रहे. वहीं जनता कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल की पूरी कहानी जानती है. उन्होंने कहा कि अगर हमारी झारखंड पार्टी लोक सभा चुनाव में जीत जाती है तो वादा नहीं काम करके दिखायेगी. लोकसभा में आम जनता की आवाज उठाएंगे.

### हजारीबाग यूथ विंग 251 किलो लड्डू महाभोग का करेगा वितरण

संवाददाता। हजारीबाग

हजारीबाग यूथ विंग की ओर से तीसरी बार राम नवमी के पावन पर्व पर 251 किलो लड्डू का वितरण किया जाएगा, जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है. वहीं प्रभु श्री राम को सवा पांच किलो के एकमात्र लड्डू से भोग लगाया जाएगा. साथ ही एक अलौकिक राम दरबार बनाया जा रहा है. कार्यक्रम को विशेष रूप से सफल बनाने में संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, अध्यक्ष करण जायसवाल, सचिव संजय कुमार,सह सचिव डॉ बी वेंकटेश, उपाध्यक्ष विकास केसरी, जय प्रकाश खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल, कार्यक्रम संयोजक अभिषेक पांडे, कार्यक्रम प्रभारी गुंजन मद्धेशिया, बीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी,प्रणीत जैन, सिद्धांत जैन, प्रवेक जैन, सनी देव, शानू सिंह आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया.



### गुरुकुल में 275 बालकों का उपनयन संस्कार

**हजारीबाग।** नवाबगंज स्थित आर्य समाज द्वारा संचालित आर्य गुरुकुल में अध्ययनरत 225 बालकों पलामू से आये हुए 25 विद्यार्थियों एवं हजारीबाग शहर के 25 विद्यार्थियों का उपनयन संस्कार सम्पन्न कराया गया. इसके लिये 51 यज्ञकुंड बनाये गये थे. सभी को माता-पिता की उपस्थिति में जनेऊ धारण कराया गया. आचार्य कौटिल ने सभी जनेऊधारियों को उपदेश दिया कि आज से सभी ब्राह्मचारी है. दिन में शयन निषेध है, सभी को श्रृंगार एवं राग-रंग से दूर रहकर विद्याध्ययन करना है. ध्यान, योग, प्राणायाम एवं यम नियमों को धारण करना है.

## आर्थिक व सामाजिक न्याय के पुरोधा थे अंबेडकर : डॉ. शर्मा

संवाददाता। हजारीबाग

भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर आर्थिक एवं सामाजिक न्याय तथा संवैधानिक नैतिकता के लिए अंत तक लड़ते रहे. भारत की आजादी पर उनका मानना था कि लोगों को राजनीतिक अधिकार प्राप्त हुए हैं, लेकिन अभी भी आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अधिकारों का वितरण न्याय पूर्ण नहीं हो पाया है. उन्होंने संविधान के माध्यम से इस लक्ष्य को प्राप्त करने का कार्य किया. उक्त बातें राजनीति विज्ञान विभाग के पूर्व विभाग अध्यक्ष डॉ. सीपी शर्मा ने कहीं. वह सोमवार को "बाबासाहेब आंबेडकर के योगदान" विषय पर आयोजित परीसंवाद को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने 25 नवंबर 1949 को बाबा साहेब द्वारा दिए गए ऐतिहासिक भाषण की एक प्रति विभाग को दिया. विशिष्ट वक्ता संत कोलंबा महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. अशोक राम ने कहा कि डॉ. आंबेडकर का सबसे महानतम योगदान सामाजिक न्याय के क्षेत्र में था. अंबेडकर ही पहले व्यक्ति थे जिन्होंने भारत में संवैधानिक मूल्यों की ओर सबका ध्यान आकृष्ट करवाया. वह आधुनिक भारत का निर्माण करना चाहते थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने की. विभागीय प्राध्यापक डॉ अजय बहादुर सिंह ने स्वागत भाषण किया. विद्यार्थियों की ओर से नवीन कुमार, अनन्या शर्मा, मनीष कुमार, अर्चना कुमारी एवं कुमार विषेक ने विचार रखें. कार्यक्रम का संचालन इंस्पायर फेलो श्वेता कुमारी तथा धन्यवाद ज्ञापन जेआरएफ शोधार्थी रुखसाना बानो ने किया.

## नशे का सेवन कर माहौल खराब करने की कोशिश की तो खैर नहीं

संवाददाता। रामगढ़

रामनवमी पर्व को लेकर सोमवार को डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस कप्तान डॉ. बिमल कुमार की उपस्थिति में टाउन हॉल भवन में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई. इस दौरान डीसी एवं एसपी ने सभी से शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न करने में योगदान देने की अपील की.

डीसी ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी जिला प्रशासन रामगढ़ शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने के लिए पूरी तरह से तैयार है. अलग-अलग क्षेत्र में कुल 86 स्थलों को चिन्हित किया गया है, जहां पर दंडाधिकारियों के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति रहेगी. दंडाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा गश्ती कर प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाएगी. डीसी ने सभी से नशे की हालत में किसी भी व्यक्ति को जुलूस में शामिल न होने देने की बात कही. उन्होंने कहा कि अगर पर्व के दौरान किसी भी क्षेत्र में इस तरह से कोई भी व्यक्ति नशे की हालत में माहौल खराब करने की कोशिश करेगा तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. डीसी कहा कि पर्व के दौरान निकाले जाने वाले जुलूस को निर्धारित रूट से ही ले जाएं. पर्व के दौरान डीजे के प्रयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा,डीसी ने सभी थाना प्रभारियों को उनके-उनके क्षेत्र में शांति समिति के सदस्यों के साथ समन्वय कर प्रत्येक अखाड़ा के लिए 10 वॉलंटियर चिन्हित कर लगातार उनसे संपर्क में रहने को कहा.



**खास बातें**

- रामनवमी को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुयी बैठक
- जुलूस में चुनाव प्रचार करने पर की जायेगी कार्रवाई

### महुंगाईकलां पुलिस छावनी में तब्दील

## दो गुटों में मारपीट-पथराव, एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए

संवाददाता। बड़कागांव

पबजी खेल रहे युवकों द्वारा लड़की को सिटी मारकर इशारा करने को लेकर उत्पन्न विवाद के बाद दो गुटों में जमकर मारपीट एवं पत्थरबाजी में लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए. घटना की सूचना पाकर बड़कागांव एसडीपीओ कुलदीप कुमार, थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, एसआई इंद्रजीत कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में किया गया. घटना बड़कागांव थाना 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम महुंगाईकला की है. एक गुट ने आरोप लगाते हुए कहा है कि मेरी बहन कूड़ा फेंकने के लिए बाहर निकली तो कुछ मनचले लोग सिटी बजाकर इशारा कर रहे थे. जब मैंने उन लोगों से जानकारी लेने का प्रयास किया तो वे लोग उग्र होकर मेरे साथ मारपीट करने लगे. वहीं दूसरे गुट का कहना है कि अंबा पोखर भीड़ पर पेड़ के नीचे हमलोग पबजी खेल रहे थे. इसी बीच लड़की के भाई आकर हम लोगों को यहां बैठने के लिए मना करने के साथ मारपीट करने लगा. इससे पूर्व भी कई जगहों पर बैठने से हम लोगों को रोका गया है. दोनों ओर से मारपीट के साथ पथराव शुरू हो गया और घटनास्थल रण क्षेत्र में तब्दील हो गया. पथराव में लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए. घायलों को पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर इलाज कराया. समाचार लिखे जाने तक घायलों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली जा रही थी.

**राजनीति** केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने प्रेस वार्ता कर कहा

# विकसित भारत का निर्माण मोदी का संकल्प

संवाददाता। कोडरमा

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के सांसद अन्नपूर्णा देवी ने सोमवार को चाराडीह स्थित अपने आवासीय कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है. विगत 10 वर्षों में मोदी सरकार ने विकसित भारत की नींव तैयार की है. अगले 5 वर्षों में व्यापक जनभागीदारी से विकसित भारत निर्माण की यात्रा को कैसे गति और दिशा दी जाय, इसी दृष्टि से भाजपा ने अपना संकल्प पत्र जारी किया है, जिसे "भाजपा का संकल्प : मोदी की गारंटी" नाम दिया गया है.कहा कि दूसरी पार्टियों की तरह भाजपा का संकल्प पत्र केवल वादों और आश्वासनों का पुलिंदा मात्र नहीं है. यह मोदी सरकार की 10 वर्षों की शानदार उपलब्धियों और सुनहरे भविष्य की कार्ययोजना का संतुलित "रिजल्ट ओरिएंटेड" मास्टर प्लान है.



उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य सुनिश्चित है और उस लक्ष्य को पाने के लिए किये जाने वाले प्रयास भी सुनियोजित हैं. तभी तो मोदी जी ने अपनी अगली सरकार की शुरुआती 100 दिनों की कार्ययोजना अभी से तय कर रखी है. मोदी सरकार ने शुरुआती 10 वर्षों में अन्त्योदय की भावना के साथ देश के गरीबों का जीवन स्तर ऊपर उठाने के लिए काम किया, उन्हें गरिमामय जीवन के लिए आवश्यक सुविधायें उपलब्ध करायीं. इसके सकारात्मक परिणाम आये और 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर निकले. वहीं अगले 5 वर्षों में मोदी 3.0 सरकार का लक्ष्य मोदी 1.0 तथा मोदी 2.0 सरकारों के प्रयासों से गरीब से नव मध्यम वर्ग में दाखिल हुई आबादी के साथ सम्पूर्ण मध्यम वर्ग को "इज ऑफ़ लीविंग" प्रदान करना है. मोदी 3.0 में आवास, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वरोजगार आदि से संबंधित सभी योजनायें इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर बनेंगी. दूसरी तरफ, अगर अन्य दलों या गठबंधन की बात करें तो मोदी विरोध या मोदी को हटाने के अलावा उनके पास कोई कॉमन एजेंडा तक नहीं है. सबके अलग-अलग घोषणा पत्र हैं और परस्पर विरोधाभाषी हैं. प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष अनूप जोशी, लोकसभा संयोजक रामचंद्र सिंह, महामंत्री राजकुमार यादव, लोकसभा मीडिया प्रबंधक मनोज कुमार झुन्नू, जिला मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर जोशी एवं विधानसभा मीडिया प्रबंधक सुदर्शन यादव मौजूद थे.

### राजग प्रत्याशी ने रामगढ़ जिले के चितरपुर प्रखंड क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान

# जायसवाल ने 16 गांवों का दौरा कर मांगा समर्थन

संवाददाता। रामगढ़

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में चुनाव सरगर्मी अब बढ़ती जा रही है. एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने सोमवार अहले सुबह से देर शाम तक क्षेत्र का तूफानी दौरा किया. जायसवाल ने कोयलांचल की धरती रामगढ़ जिले के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के चितरपुर प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया. 11 पंचायतों के कुल 16 गांवों में जनसंवाद कर समर्थन की अपील की. जायसवाल ने मारंगमारचा, सोढ़ तेवरदाग, भूचूंगडीह, रजरप्पा प्रोजेक्ट चौक, सेवई उत्तरी, सेवई दक्षिणी, माइल, चितरपुर काली चौक, मनसा मंदिर सोनार मोहल्ला, केवट मोहल्ला, बड़की पोना, छोटकी लारी, छोटकी पोना, बोरोबिंग, बभनीडीह, सुकरीगढ़ा, पंडा टोली, लारी कलां, लारी, सुकरीगढ़ा अखरा टोला (करम अखरा) क्षेत्र में पदयात्रा करके और डोर-टू-डोर कैंपेन किया. इस दौरान हर गांव और क्षेत्र में तपती धूप में बड़ी संख्या में लोग मनीष जायसवाल के स्वागत और समर्थन में उमड़ पड़े. लोगों ने राजग प्रत्याशी को अपना समर्थन देने का भरोसा दिलाया. मनीष जायसवाल ने हाथ जोड़कर और हाथ हिलाकर लोगों का अभिनंदन किया और अपने पक्ष में समर्थन मांगा.



**मौके पर ये रहे मौजूद :** मौके पर भाजपा के रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार मेहता, आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव विजय साहू, रामगढ़ के आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, भाजपा के पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, बीजेपी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा, बीजेपी से रामगढ़ के पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ़ कुंटु बाबू, रंजन सिंह फौजी, रंजित पांडेय, दिलीप सिंह आदि उपस्थित थे.

### मोदी को तीसरी बार पीएम बनाएं : मनीष

मनीष जायसवाल ने जनसंवाद के दौरान कहा कि कांग्रेस ने 62 साल तक देश में शासन किया और देशवासियों को ठगने का काम किया, लेकिन पिछले 10 साल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जहां देश में कई बड़े कार्य हुए, वहीं देश के अंत्योदय के विकास की दिशा में कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाईं, जिससे गरीबों का सामाजिक उत्थान हुआ. उन्होंने कहा कि देश की विकास की यात्रा को आगे बढ़ाने और विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को समर्थन दें और तीसरी बार मोदी सरकार चुनें.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** चतुर्थ चंद्र केमन्द्रुम दोष के प्रभाव से किसी कार्य के पहले सोच विचार कर करें. कार्य व्यवसाय एवं नोकरी में रुकावटें होंगी. पर किया गया परिश्रम सार्थक होगा. वही परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करेंगे.परिवारिक जीवन सुखमय होगा.

**वृषभ** आय का मार्ग खुलेगा.आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. काम-काज के लिए अच्छा रहेगा. परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा. मन में कुछ नकारात्मक विचार आ सकते हैं. लक्ष्मी माता का ध्यान पूजन करें.

**मिथुन** काम मे मन लगेगा. संतान की शिक्षा में सुधार होगा. घरेलू विवाद कोशिश करने से सुलझ सकता है. आपके अच्छे कर्म से भाग्योदय संभव है. पारिवारिक सुख अच्छा मिलेगा. मिथ्या आरोप लगने के कारण क्रोध बढ़ सकता है.

**कर्क** लग्न का मालिक स्वग्रही है. समय उत्तम है. पर काम काज सामान्य रहेगा. मन प्रसन्न रखना होगा. किसी पदाधिकारी से मित्रता हो सकती है. परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य में कमी देखने को मिल सकती है. मंगल को बल दे.

**सिंह** किसी महिला से विवाद हो सकता है. परिवार के सदस्यों की तरफ से सुख और सहयोग मिलेगा. आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली बना रहेगा. शुभफलों की प्रधानता रहेगी.ज्यादा बात बिचार और सोच से समय खराब हो सकता है. विवाद से दूर रहें.

**कन्या** व्यापार वृद्धि के लिए दिन अच्छा है. पर आपके रूखे व्यवहार से बनी बनाई बात बिगड़ सकती है. क्रोध पर नियंत्रण रखें. काम काज सामान्य रहेगा. परीक्षा एवं प्रतियोगिता में आशाजनक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं.

**तुला** सरकारी काम काम बन सकता है. काम काज सामान्य रहेगा. आपका मन किसी भी काम में पूरी तरह से नहीं लग पाएगा. आपके लिए निराशाजनक हालात पैदा हो सकते है.परिवार या मित्र से मतभेद हो उत्पन्न हो सकते है.

**वृश्चिक** धर्म में मन लगेगा. कामकाज में सफलता मिलेगी. दूसरों के साथ अच्छे संबंध बने रहेंगे. स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बन सकती हैं. वाहन के प्रति सावधानी रखने की आवश्यकता है. हनुमान चालीसा का पाठ करें.

**धनु** किसी से विवाद हो सकता है. किसी से मानहानि हो सकता है. कर्म के बल पर आर्थिक स्थिति अच्छी होगी. वाहन चलाते समय सावधानी बरतें. कार्य होने से खर्चे में बढ़ोत्तरी होगी. स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें.पीपल वृक्ष की पूजा सेवा करें.

**मकर** कोई नई कार्य योजना में विस्तार हो सकता है. कामकाज में सफलता मिलेगी. शिक्षा-प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी. परिवार के लोगों के साथ अच्छा तालमेल बना रहेगा. किसी से शुभ समाचार मिलेगा.

**कुंभ** शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी. स्वभाव में गंभीरता एवं एकाग्रता बनी रहेगी. परिवार की तरफ से मन प्रसन्न रहेगा.ज्यादा बोलने से बचें. किसी प्रकार के विवाद में ना पड़े. समय और अनुकूल हो इसलिए अन्न का दान करें.

**मीन** मौसमी बीमारियों से बचें. भाग्य साथ देगा. किसी से विवाद हो सकता है. करीबियों की भावनाओं की कद्र करें. आपके मन में एक नया उत्साह और जोश दिखाई देगा. कामकाज में लाभ होगा. स्वास्थ्य का ध्यान रखें.

### महारैली में जनता को मोदी के 10 वर्षों में किए वादे और उसकी सच्चाई की जानकारी दी जाएगी

# उलगुलान न्याय महारैली में भाजपा के झूठ-फरेब का होगा पर्दाफाश : कांग्रेस

विशेष संवाददाता। रांची

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि उलगुलान न्याय महारैली में भाजपा के झूठ-फरेब, धोखाधड़ी का पर्दाफाश जनता के सामने किया जाएगा. उन्होंने कहा कि कहा कि पिछले पांच वर्षों से भाजपा पूरे देश के लोगों को अलग-अलग मुद्दों पर उलझा कर भी देश की मूल समस्याओं बेरोजगारी और महंगाई से लोगों का ध्यान नहीं भटका सकी है.जनता प्रधानमंत्री मोदी से अपनी बदहाली का हिसाब मांग रही है.

**10 वर्षों में झूठे वादों की पोटली रैली में खोली जाएगी :** शांति ने कहा कि एक बार फिर देश के सामने मोदी-साह की जुगल जोड़ी लोक लुभावन घोषणाओं की बाढ़ लेकर आयी है, जिसे भाजपा संकल्प पत्र कहती है और इसे मोदी की गारंटी का नाम दिया गया है. महारैली में झारखंडी जनता को मोदी के 10 वर्षों में किए वादां और उसकी सच्चाई की जानकारी दी जाएगा. बताया जाएगा कि भाजपा ने आदिवासियों, किसानों, युवा, महिला ,पिछड़ा, दलित समाज के लोगों के विकास के लिए काम करने की जगह देश के पूंजीपतियों, औद्योगिक घरानों और कंपनियों के लिए काम किया. इलेक्टोरल बांड के जरिए किए गए देश के सबसे बड़े घोटाले के सच से भी जनता को अवगत कराया जाएगा कि किस तरह "चंदे के बदले धंधे" का जाल भाजपा ने इस देश में फैला रखा था, जिससे आम जनता पूरी तरह से अनजान थी.



#### संविधान बदलने की तैयारी में मोदी-शाह की जोड़ी

उन्होंने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन का संकल्प भाजपा ने लिया है, जो देश के संविधान में बदलाव कर न इलेक्शन में सिलेक्शन करने की तैयारी मोदी- शाह की जोड़ी द्वारा की जा रही है. इस इरादे के साथ वह अपने कदम बढ़ा चुके हैं. यही कारण है कि अपने "संविधान बदलो पत्र" में भाजपा ने जनता को फिर मुफ्त बिजली, मुफ्त राशन, आयुष्मान का दायरा बढ़ाने का लॉलीपॉप दिया है.

#### रेल पटरी नहीं व बुलेट ट्रेन का सपना दिखाया जा रहा

शांति ने कहा कि बुलेट ट्रेन चलाने के लिए पटरियां नहीं हैं और बुलेट ट्रेन के विस्तार का वादा किया जा रहा है. आदिवासी समुदाय को बरगलाने के लिए भगवान बिरसा मुंडा का नाम लेने से भी भाजपा परहेज नहीं कर रही है, जबकि आदिवासी समुदाय खुद के सरना धर्म कोड के लिए लंबे समय से संघर्षरत है, लेकिन एक दशक तक सत्ता में काबिज रहने के बाद भी भाजपा ने सरना धर्म कोड लागू करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया, जो इनकी दोहरी मानसिकता का परिचायक है. रैली के माध्यम से झारखंड की जनता को भाजपा के झूठे वादे और उसके विपरीत परिणामों से अवगत कराया.

#### उलगुलान रैली से भाजपा नेता हैं परेशान : राजद

रांची। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि न्याय उलगुलान रैली के आयोजन से भाजपा हैरान और परेशान नजर आ रही है. इसलिए भाजपा नेताओं द्वारा ऊल जलूल बयानबाजी की जा रही है. अभी से भाजपा को हार का डर सताने लगा है. भाजपा समझ रही है कि इस रैली के दिन से ही भाजपा की उलटी गिनती शुरू हो जाएगी. इस रैली में देश के सभी बड़े नेता जो इंडिया गठबंधन हैं, वे शामिल होंगे. रैली में महागठबंधन के नेता और बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता, युवाओं के मान व सम्मान युवाओं के आई कॉन तेजस्वी प्रसाद यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे.

#### भाजपा फिर झूठे वादे कर सपने दिखा रही है

डॉ मनोज ने कहा कि भाजपा का घोषणा पत्र केवल लोक लुभावना घोषणा पत्र है. देश की जनता जान चुकी है कि भाजपा को झूठे वादे करने और झूठे सपने दिखाने का जुमला है. देश की जनता जानना चाह रही है कि पिछले साल प्रधानमंत्री ने दो करोड़ बेराजगारों को नौकरी, काला धान वापस लाएंगे, स्मार्ट सिटी बनायेंगे इस तरह के सैकड़ों वादे किए थे, उसका क्या हुआ भाजपा को बताना चाहिए. भाजपा के क्रिया कलाप से देश की जनता वाकिफ है, इसलिए देश में भाजपा के तमाम नेता जितने भी झूठे वादे कर ले, कुछ होना नहीं है.

## पिछड़ी में 600 केजी जावा महुआ हुआ जब्त

**बोकारो।** जिला उत्पाद टीम ने सोमवार को पेटरवार थाना अंतर्गत छापेमारी अभियान चलाया. जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी विजया जाधव के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में दामोदर नदी किनारे पिछड़ी गांव के धतकीडीह टोला में अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी किया गया. मौके से उत्पाद टीम ने 600 केजी जावा महुआ शराब एवं 75 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त किया. वहीं, अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को टीम ने नष्ट किया.

## एपीआई प्रत्याशी का पहला लिस्ट हुआ जारी

**चाईबासा।** आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया (एपीआई) झारखंड ने प्रदेश के पांच लोकसभा सीटों को लेकर प्रदेश कमेटी द्वारा प्रत्याशियों का पहला सूची जारी किया. जिसमें रांची लोकसभा सीट से धीमन रामहरि गोप, सिंहभूम लोकसभा चाईबासा से विश्व विजय मार्डी, खूंटी लोकसभा सीट से समडोम गुड़िया, चतरा लोकसभा सीट से विमल लकड़ा और दुमका से राजू मुर्मू उर्फ राजू इमानुएल मुर्मू बनाये गये हैं. बताते चलें कि आने वाले कुछ दिनों में झारखंड प्रदेश के बाकी बचे हुए सीट पर बहुत ही जल्द प्रत्याशी का नाम सार्वजनिक किया जा सकता है.

# मंत्री दीपक बिरुवा ने की कार्यकर्ताओं संग बैठक

संवाददाता। चाईबासा

मंत्री सह सदर विधानसभा प्रभारी दीपक बिरुवा सोमवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर, झींकपानी, हाटगम्हारिया एवं टोंटो प्रखंड में आयोजित प्रखंड स्तरीय बैठक में शामिल हुए. बैठक में लोकसभा चुनाव एवं आगामी 21 अप्रैल को रांची में आहूत उलगुलान महारैली की तैयारी को लेकर चर्चा हुई. वहीं मंत्री ने लोकसभा चुनाव जीतने की रणनीति पर चर्चा करते हुए झामुमो नेता व कार्यकर्ताओं में जोश भरा. बैठक में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भी अपनी एकजुटता व साहसी का परिचय देते हुए हर हाल में सिंहभूम लोकसभा सीट पर महागठबंधन प्रत्याशी जोबा मांझी की जीत सुनिश्चित करने पर बल दिया. वहीं उलगुलान महारैली में हजारों की संख्या में रांची जाने पर अपने सहमति जताई. मंत्री ने पार्टी के सभी कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर चुनाव जीतने की तैयारी में जूट जाने का निर्देश दिया. उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए झारखंड सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया. इस दौरान उन्होंने झामुमो नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ-साथ इंडी गंठबंधन के नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ एक बेहतर समन्वय स्थापित कर लोकसभा चुनाव में उतरने को कहा. साथ ही आगामी 18 अप्रैल को सदर एवं जगन्नाथपुर विधानसभा में निर्धारित विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा.

## पेज एक का शेष...

### कितना भी जोर लगा लें, मोदी 230 सीट से आगे नहीं बढ़ेंगे

**Q. कर्नाटक में भाजपा को कितना नुकसान हो सकता है?**

**डॉ परकला:** मुझे लगता है कि इस बार कर्नाटक में भाजपा को 15 से ज्यादा सीटें नहीं मिलेंगी. ये और भी कम हो सकती है. केरल और तमिलनाडु में खाता नहीं खुलेगा. तेलंगाना में भी भाजपा नुकसान में रहेगी. हां, आंध्र प्रदेश में तेलुगुदेशम के साथ गठबंधन के चलते भाजपा 2-3 सीटें जीत सकती है, लेकिन वह नुकसान की भरपाई नहीं कर सकेगी.

**Q. उत्तर भारत से 50 और दक्षिण से करीब 20 सीटों के नुकसान के बाद आपके मुताबिक भाजपा 303 से सीधे 230 पर आ जाएगी?**

**डॉ परकला:** मैं इसमें एक चीज और जोड़ना चाहूंगा. अदर भाजपा 50-60 सीटें हारेगी, तो वह 80-90 सीटें भी हार सकती है.

**Q. अगर मोदी बहुमत से दूर रह जाते हैं, तो क्या वे विपक्ष से जोड़-तोड़ कर सरकार बना लेंगे?**

**डॉ परकला:** मुझे ऐसा नहीं लगता, क्योंकि भाजपा के लोग विपक्ष के साथ अनफ्रेंडली रहते हैं. अगर मोदी जोड़-तोड़ से सरकार बनाने की कोशिश भी करेंगे, तो बहुत लोग हैं, जो विरोध करेंगे. मुझे नहीं लगता कि मोदी के साथ एनडीए के दलों के अलावा अन्य कोई दल आएगा. भाजपा के पास पीएम मोदी और उनके रणनीतिकार इस पर विचार भी नहीं कर रहे हैं. हाल के दिनों में मोदी सरकार पर इलेक्टोरल बॉण्ड को लेकर जो घोटाले के आरोप लगे हैं, इसको देखते हुए कोई भी विपक्षी दल भाजपा के खेमे में जाना भी नहीं चाहेगा. इलेक्टोरल बॉण्ड बहुत बड़ा घोटाला है.

**Q. आपके मुताबिक मोदी विपक्ष में बैठेंगे. सबसे बड़ा विपक्षी दल होने के बावजूद भाजपा सरकार का गठन नहीं पाएगी?**

**डॉ.परकला:** मुझे तो ऐसा ही लगता है. अभी तो यही सीन है.

**Q. आपने अपनी किताब में भी मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल पर तमाम सवाल उठाये हैं. ?**

**डॉ परकला :** देखिए, भाजपा द्वारा हिंदुत्व की चोरी-छिपे तस्करी की गई थी, जिसने 2014 का चुनाव विकास के मुद्दे पर जीता था. 2024 में एक और मोदी सरकार का होना न केवल अर्थव्यवस्था के लिए बल्कि पूरे देश के लिए एक आपदा होगी. प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की लोकप्रियता लोगों को एकजुट करने और हिंदुत्व से प्रेरित अपनी प्रवृत्तियों को आकर्षित करने की उनकी क्षमता के कारण है. लेकिन यह वह नहीं है, जो मोदी ने 2014 के चुनाव से पहले कहा था. लड़ाई हिंदुओं और मुसलमानों के बीच नहीं थी, बल्कि यह गरीबी और बेरोजगारी के खिलाफ हिंदू और मुसलमानों दोनों की एकसाथ लड़ाई थी. 2014 में नरेंद्र मोदी और भाजपा ने सुशासन, स्वच्छ और भ्रष्टाचार मुक्त सरकार और विकास का वादा कर वोट मांगे थे. हिंदू राष्ट्र स्थापित करने और हिंदुत्व की ताकतों को मुक्त करने के उनके वास्तविक इरादे के बारे में राष्ट्र को विश्वास में नहीं लिया गया. इस प्रकार विकास को एक ट्रोजन हॉर्स की तरह इस्तेमाल किया गया. ताकि हिंदुत्व को एक संदेहहीन राष्ट्र पर हावी होने दिया जा सके - और अगर भाजपा और मोदी यही चाहते हैं, तो उनका विरोध करने की जरूरत है. हमारा लोकतंत्र मजाक बन चुका है. आप 150 सांसदों को निलंबित कर सदन चलाते हैं. ये क्या हो रहा है.

**Q. ऐसा प्रतीत होता है कि राष्ट्र ने पीएम मोदी के हिंदुत्व के संस्करण को स्वीकार कर लिया है, यही कारण है कि मतदाताओं के सबसे बड़े वर्ग ने चुनावों में उनका समर्थन किया?**

**डॉ परकला :** मुझे इस पर आपत्ति है. भाजपा और मोदी चुनाव की फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट प्रणाली के कारण जीतते हैं और किसी भी स्थिति में, उन्हें जो 38 प्रतिशत वोट मिले, वे सबसे बड़े अल्पसंख्यक थे. नेतृत्व का लक्ष्य दरारों को दूर करना और सद्भाव को बढ़ावा देना है. नेताओं का काम विभाजनकारी होना और सांप्रदायिक भावनाओं को बढ़ावा देना नहीं है. यदि भाजपा और मोदी हिंदू राष्ट्र की स्थापना करना चाहते हैं, तो यही वह मुद्दा होना चाहिए था जिस पर उन्हें 2014 में चुनाव लड़ना चाहिए था. हिंदू बहुसंख्यकवाद को भारत में तब स्वीकार्यता नहीं मिली, जब विभाजन के तुरंत बाद जमीन इसके लिए सबसे उपजाऊ थी. वह समय था जब दोनों समुदायों के लाखों लोग सामूहिक रूप से पलायन कर रहे थे और हजारों की संख्या में शव प्रत्येक देश में आ रहे थे. जब भावनाएं चरम पर थीं, भय और असुरक्षा अधिक थी. लेकिन उस समय भारत में बहुसंख्यकवाद को स्वीकृति नहीं मिली. फिर भी इसे सात दशक बाद भारतीयों की उस पीढ़ी के बीच स्वीकृति मिल रही है, जिन्हें संभवतः विभाजन की कोई याद नहीं है और संभवतः वे इससे पीड़ित नहीं थे. भारत को वापस अंधकार युग में ले जाया जा रहा है और इस गिरावट को रोकने की जरूरत है.

**Q. क्या भाजपा ने धर्मनिरपेक्षता को त्याग दिया है?**

**डॉ परकला:** भाजपा वास्तव में 10 साल पहले तक धर्मनिरपेक्षता की कसम खाती थी. वे कहते थे कि भाजपा वास्तव में धर्मनिरपेक्ष है, जबकि अन्य सभी दल छद्म धर्मनिरपेक्ष थे, लेकिन अब पार्टी ने निर्भीक हिंदुत्व के लिए धर्मनिरपेक्षता को त्याग दिया है. अर्थव्यवस्था को संभालने में मोदी शासन की चौंकाने वाली अक्षमता के कारण गणतंत्र को भी संकट का सामना करना पड़ रहा है.

**Q. भाजपा की अर्थव्यवस्था पर क्या कहेंगे, क्या भारत आनेवाले समय में दुनिया की तीसरी बड़ी ताकत बन जाएगा?**

**डॉ परकला:** देखिए, पूरी दुनिया के ज्यादातर देशों में मोदी की तरह के लोग ही सत्ता पर काबिज हैं. मोदी रहें या न रहें, दूसरे देश टूटेंगे तो खुद-ब-खुद भारत का फायदा हो जाएगा. जहां तक भाजपा की बात है, तो उसके पास कभी भी एकजुट आर्थिक दर्शन नहीं था. जब पार्टी की स्थापना 1980 में हुई और 1980 में इसका नाम भारतीय जनसंघ से बदल दिया गया, तो इसने गांधीवादी समाजवाद से जुड़े होने का दावा किया गया था. इसने 1990 के दशक में आर्थिक सुधारों का विरोध किया था, और अब ऐसा लगता है कि यह सलाह वही दे रहा है जिसे वे ''वूडू अर्थशास्त्री'' कहते थे.

**Q. क्या आप मुख्य आर्थिक सलाहकारों या दिवंगत अरुण जेटली और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को नाकाम मानते हैं?**

**डॉ. परकला :** मैं व्यक्तियों के बारे में कुछ नहीं बोलूंगा.

**Q. तो आपने नरेंद्र मोदी का नाम क्यों लिया?**

**डॉ. परकला:** ऐसा इसलिए है, क्योंकि यह मोदी का शासन है और वही पीएम हैं और सारे फैसले उन्होंने ही लिये हैं. अर्थशास्त्र में कुछ बुनियादी प्रशिक्षण वाला कोई भी अर्थशास्त्री इतने बड़े पैमाने पर और इतने कम समय में नोटबंदी की सिफारिश नहीं करेगा. यह एक बहुत बड़ी गलती थी और इसके बाद की गलत नीतियों ने गलती को और बढ़ा दिया. और संकट को और बढ़ा दिया. इसका खामियाजा देश भुगत रहा है.

**Q. मोदी शासन वास्तव में अपने प्रदर्शन पर गर्व करता है और विकास और रोजगार दोनों पैदा करने का दावा करता है. दरअसल, केंद्रीय मंत्री वॉल स्ट्रीट जर्नल की उस रिपोर्ट के बाद चमक रहे हैं, जिसके पहले पन्ने पर कहा गया है कि चीन अब भारत में एक प्रतिद्वंद्वी है, जो सभी स्मार्ट फोन का 19 प्रतिशत विनिर्माण कर रहा है. क्या आप इसे प्रगति नहीं कहेंगे?**

**डॉ परकला:** एप्पल शोरूम या फॉक्सकॉन द्वारा उत्पादित फोन अर्थव्यवस्था के महत्वहीन और लगभग निरर्थक हिस्से हैं. वे किसी वास्तविक प्रगति के संकेतक नहीं थे. अगर भारतीयों को इस बात पर गर्व है कि वॉल स्ट्रीट जर्नल और फाइनेंशियल टाइम्स भारत पर क्या रिपोर्ट कर रहे हैं, तो उन्हें भारत पर ऑक्सफैम रिपोर्ट को भी उतनी ही गंभीरता से लेना चाहिए. इस साल की शुरुआत में ऑक्सफैम रिपोर्ट ने भारत में बढ़ती असमानता और धन के बढ़ते संकेंद्रण की ओर इशारा किया था. मोदी शासन के तहत यह प्रक्रिया तेज हो गई है और बड़ी संख्या में भारतीय कंगाल हो गए हैं. क्या सरकार इसका श्रेय लेगी. भारत एक पीड़ादायक दौर से गुजर रहा है. और मुझसे अक्सर पूछा जाता है कि मैं हमेशा सरकार के प्रति इतने आलोचनात्मक क्यों रहता हूं. तो इसकी वजह यही है.

**Q. क्या आपको सरकार द्वारा किया गया कुछ भी अच्छा नहीं दिख रहा?**

**डॉ परकला:** मेरी बात छोड़िए... आप लोग खुद सोचिए. विकल्प लोगों द्वारा तय किए जाते हैं और किसी एक का सुझाव देना मेरा काम नहीं है. विकल्पों की कमी या कोई सुझाव देने के लिए उत्सुक न होने के कारण मेरे लिए आलोचना करने और जिसे मैं स्पष्ट रूप से गलत मानता हूं. उसे कहने के अपने अधिकार को त्यागने का कोई ठोस कारण नहीं बनता है.

**Q. आखिर में डॉ. परकला, मान लीजिए कि मोदी को देश की जनता ने तीसरी बार सरकार बनाने का मौका दे दिया, तो क्या होगा?**

**डॉ. परकला:** देखिए मैं कोई भविष्यवक्ता नहीं हूं. लेकिन मेरा अपना आकलन है कि यदि मोदी तीसरी बार देश के पीएम बने, तो फिर कभी चुनाव नहीं होंगे. अभी जो ज्यादतियां अघोषित हैं, वे कानूनी जामा पहन लेंगी. और हां, अगर चुनाव हुए भी, तो वो चुनाव उनकी मर्जी से उनके लिए ही होंगे. इससे देश में लोकतंत्र में नहीं बचेगा. विपक्ष समाप्त हो जाएगा.

### कोई भी डरे नहीं, मेरे फैसले डराने-दबाने के लिए नहीं हैं

**एक राष्ट्र, एक चुनाव पर आया यह जवाब**

इंटरव्यू में पीएम मोदी ने एक राष्ट्र, एक चुनाव पर भी बयान दिया. बोले- एक राष्ट्र-एक चुनाव हमारी प्रतिबद्धता है. कई लोगों ने समिति को सुझाव दिए हैं. बहुत सकारात्मक और नवोन्मेषी सुझाव आए हैं. अगर हम इस रिपोर्ट को लागू कर पाए, तो देश को बहुत फायदा होगा. वह आगे बोले- मेरा लक्ष्य अगले कार्यकाल में देश में विकास की गति और पैमाने को बढ़ाना है.

**राम मंदिर पर राजनीतिकरण किसने किया**

राम मंदिर के मुद्दे पर भाजपा के फायरब्रांड नेता बोले- इस मुद्दे का राजनीतिकरण किसने किया? वोटबैंक की राजनीति को मजबूत करने के लिए इस मुद्दे को हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया गया और बार-बार इसे भड़काया गया. जब यह मामला अदालत में चल रहा था, तब कोशिश की गई कि फैसला ना आए. उनके (विपक्ष) लिए यह एक राजनीतिक हथियार था. अब राम मंदिर बन गया, तो उनके हाथ से यह मुद्दा ही चला गया है.

**मेरा 100 दिन का प्लान तैयार है**

पीएम मोदी ने साफ किया कि उन्होंने अपने तीसरे कार्यकाल की तैयारी शुरू कर ली है. उन्होंने 100 दिन के प्लान के बारे में बात करने के साथ ही कई मुद्दों पर बात की. उन्होंने कहा कि मैं नहीं मानता हूं कि अभी तक मैंने सब कुछ कर लिया है. बहुत कुछ है जो मुझे अभी भी करना है. क्योंकि मैं देखता हूं कि मेरे देश की अभी भी कितनी आवश्यकताए हैं. हर परिवार का सपना, वो सपना कैसे पूरा होगा, ये मेरे दिल में है. इसलिए मैं कहता हूं जो हुआ है वो ट्रेलर है. मैं बहुत अधिक करना चाहता हूं. मैंने चुनाव में जाने से पहले प्लान बनाना शुरू कर दिया था. मैं पिछले दो साल से 2047 को ध्यान में रखकर काम रह था. इसलिए मैंने देश के करीब 15 लाख लोगों के सुझाव लिए हैं कि वो आने वाले 25 सालों में देश को कैसे देखना चाहते हैं. 15-20 लाख लोगों ने अपना सुझाव दिया है.

**25 वर्ष के विजन के लिए डॉक्यूमेंट तैयार कर रहे**

पीएम मोदी ने कहा कि मैंने एआई की मदद से सुझावों को सब्जेक्ट वाइज बनाया. हर विभाग में अफसरों की डेडिकेटिड टीम बनाई अगले 25 वर्ष के विजन के लिए. उनके साथ बैठ कर मैंने प्रेजेंटशन लिए. मैं चाहता हूं कि ये जो मैं डॉक्यूमेंट अपने विजन को लेकर बना रहा हूं, वो 15-20 लाख लोगों के विचारों से बना है. मैं इसको डॉक्यूमेंट के रूप में तैयार करा रहा हूं. जैसे ही चुनाव हो जाएंगे, मैं चाहूंगा कि राज्य इस पर काम करें. राज्यों को इस पर क्या लगता है, क्या हो सकता है. ये सभी राज्यों को भेजा जाएगा. फिर नीति आयोग की मीटिंग बुला कर व्यापक चर्चा की जाएगी. फिर फाइनल आउटपुट निकल कर आएगा.

**2019 में भी मैंने ऐसा ही किया था**

पीएम मोदी ने कहा कि 2019 के चुनाव में भी मैं 100 दिन का काम देकर चुनावी मैदान में गया था. जैसे ही मैं वापस आया, आर्टिकल 370 हटाने का काम पहले 100 दिन में कर दिया. तीन तलाक से बहनों को मुक्ति दिला दी, पहले 100 दिन में किया. यूएपीए बिल सिक्योरिटी को लेकर 100 दिन में कर दिया. बैंकों का मर्जर बहुत बड़ा काम था, हमने 100 दिन में कर दिया. इतना ही नहीं, पशुओं का टीकाकरण करीब 15 हजार करोड़ रुपए लगाकर बड़ा अभियान चला रहा हूं. मैंने ये सभी शुरुआती 100 दिन में किया था. तो मैं 100 दिन का क्या काम करना है, वो प्लानिंग करके करता हूं.

### इंदर सिंह नामधारी को एक लाख 21 हजार 464 वोट मिले थे

# नामधारी ने निर्दलीय चुनाव लड़ कर धीरज साहू को हरा दिया था

आशीष टैगोर। लातेहार

चतरा संसदीय क्षेत्र का चुनाव हमेशा से ही दिलचस्प रहा है. आज तक एक भी स्थानीय सांसद नहीं देने वाले चतरा संसदीय क्षेत्र में निर्दलीय प्रत्याशी ने भी राष्ट्रीय पार्टी के प्रत्याशी को पछाड़ा है. बात साल 2009 के लोकसभा चुनाव की है. चुनाव में झारखंड विधानसभा के पहले अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी निर्दलीय चुनाव लड़ रहे थे. उनके सामने कांग्रेस के धीरज प्रसाद साहु व जदयू के अरूण कुमार यादव थे. भाजपा व जदयू में गठबंधन हो जाने के कारण इस चुनाव में भाजपा का कोई प्रत्याशी चुनावी मैदान में नहीं था. भाजपा ने कार्यकर्ताओं ने नामधारी का खुल कर समर्थन किया. यहां तक कि चुनाव में जदयू के कार्यकर्ताओं के तेवर बागी थे. उन्होंने जदयू प्रत्याशी अरूण कुमार अग्रवाल को वोट नहीं दे कर इंदर सिंह नामधारी के पक्ष में वोट कराया. इसका परिणाम यह हुआ कि निर्दलीय के रूप में चुनावी समर में उतरे इंदर सिंह नामधारी ने चुनाव में विजयश्री हासिल लिया. उन्होंने कांग्रेस के धीरज प्रसाद साहु को हराया था. नामधारी को एक लाख 21 हजार 464 वोट मिले थे. जबकि धीरज प्रसाद साहु को एक लाख दो हजार 609 वोट मिले थे.



**लोकसभा चुनाव**

- लोकसभा चुनाव में जदयू कार्यकर्ताओं के तेवर बागी थे
- भाजपा ने नामधारी का खुल कर समर्थन किया था
- मात्र दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीता है चतरा से चुनाव

जदयू के अरूण कुमार यादव पांचवें स्थान पर रहे. उन्हें मात्र 46088 मत ही मिल पाये थे. इससे पहले साल 2004 के लोकसभा चुनाव में नामधारी ने जदयू के टिकट पर चुनाव लड़ा था. लेकिन उन्हें राजद के धीरेंद्र अग्रवाल से हार का समाना करना पड़ा था. धीरेंद्र को 121464 एवं नामधारी को 102609 वोट मिले थे. इसके बाद नामधारी ने जदयू केंद्रीय नेतृत्व के फैसलों से क्षुब्ध हो कर जदयू से इस्तीफा दे दिया. इसके बाद कयास लगाया जा रहा था कि नामधारी भाजपा ज्वाइन करेंगे. लेकिन हालात ऐसे नहीं बन पाये. जब वर्ष 2009 के आम चुनाव में चतरा संसदीय सीट से भाजपा व जदयू का गठबंधन हो गया तो नामधारी ने निर्दलीय चुनाव लड़ कर जीत हासिल की. बता दें कि चतरा संसदीय क्षेत्र से मात्र दो निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव जीत कर संसद तक पहुंचे हैं.

इनमें विजया राज दो बार निर्दलीय (स्वतंत्र) चुनाव जीत चुकी हैं. उन्होंने अपना पहला चुनाव साल 1957 में छोटानागपुर संथाल परगना जनता पार्टी के टिकट से लड़ा था और जीत हासिल किया था. इसके बाद उन्होंने साल 1962 व 1967 में निर्दलीय चुनाव लड़ा और विजयश्री को गले लगाया. हालांकि जब उन्होंने वर्ष 1971 में जनता पार्टी के टिकट से चुनाव लड़ा तो उन्हें हार का सामना करना पड़ा था. कांग्रेस के शंकर दयाल सिंह ने उन्हें हराया था.

## एक माह की बच्ची से पूजा पंडाल का उद्घाटन कराया

**चक्रधरपुर।** पंडित शिव मंदिर स्थित श्री-श्री शिव शक्ति चैती दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन एक माह की बच्ची के हाथों फीता कटवाकर किया गया. पंडाल उद्घाटन के दौरान मुख्य रुप से चक्रधरपुर के थाना प्रभारी राजीव रंजन, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सतीश पुरी, भाजपा की लोकसभा संयोजक गीता बालमुचू, रांची रिम्स के डॉक्टर सह समाजसेवी मनोज कुमार कोड़ाह, भाजपा नेता मनोज लेयांगी, भाजपा नेत्री जयश्री, हिन्दू जागरण मंच के झारखंड प्रदेश सदस्य सह जिलाध्यक्ष जय गिरि, टाईगर क्लब के आजाद गिरि उपस्थित थे. इस अवसर पर माता की प्रतिमा का भी अनावरण किया गया. मौके पर उपस्थित सभी अतिथियों ने गिरिराज सेना के संरक्षक सह हिन्दूवादी युवा नेता स्व. कमलदेव गिरि की तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया. इस मौके पर अतिथियों ने संबोधित करते हुये स्व. कमलदेव गिरि को याद किया. पंडाल उद्घाटन के दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश पुरी व लोकसभा संयोजग गीता बालमुचू ने कहा कि स्व. कमलदेव गिरि ने ही पंडित हाता चैती दुर्गा पूजा की शुरुआत की थी. हिन्दू युवा नेता कमलदेव गिरि को कभी भुलाया नहीं जा सकता. इस अवसर पर गिरिराज सेना के प्रमुख सह स्व. कमलदेव गिरि के बड़े भाई उमाशंकर गिरि, फूलन देव गिरि, छोटी बहन पूजा गिरि व गिरिराज सेना के सभी सदस्यों की ओर से उपस्थित अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया.

**लापरवाही** बिजली पोल शिफ्ट नहीं होने से सड़क निर्माण में हो रहा विलंब

# पोल नहीं हटने से काम में आ रही है बाधा

संवाददाता। चांडिल

चांडिल-पुरुलिया राष्ट्रीय राजमार्ग 32 इस क्षेत्र का महत्वपूर्ण सड़क है. उक्त सड़क जमशेदपुर को बोकारो, पुरुलिया, आसनसोल, धनबाद समेत कई शहरों को जोड़ती है. इस सड़क पर प्रतिदिन हजारों वाहनों का आवागमन होता है. वर्तमान में उक्त सड़क पर जामडीह से चांडिल गोलचक्कर तक मरम्मत का काम चल रहा है. बताया जाता है कि सड़क मरम्मत का काम लगभग पूरा हो चुका है. चांडिल बस स्टैंड से गोलचक्कर के बीच रेलवे बाईपास सड़क पर मरम्मत कार्य अब भी जारी है. जानकारी के अनुसार सड़क पर बिजली विभाग का 33 केवी एचटी लाइन का खंभा रहने के कारण करीब 50 मीटर सड़क की मरम्मत नहीं हो पा रही है. जिसके कारण दो पहिया एवं तीन पहिया वाहन चालकों को सड़क पर आवागमन करने में काफी कठिनाई हो रही है. उक्त स्थान पर सड़क पर धूल उड़ रही है. जिससे यात्रियों परेशानी हो रही है. बता दें कि रेलवे भूमि से डीपी संरचना कार्टिंग 33 केवी एचटी लाइन के स्थानांतरण के लिए 15 मार्च को दक्षिण पूर्व रेलवे टाटानगर कार्यालय द्वारा विद्युत सहायक अभियंता चांडिल अवर प्रमंडल को पत्र लिखा गया है. लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी बिजली खंभा का स्थानांतरण नहीं किया गया. इस संबंध में डीआरयूसीसी के सदस्य दिवाकर सिंह ने बताया कि बिजली विभाग का पोल शिफ्ट नहीं होने के कारण बाईपास सड़क निर्माण के कार्य में देरी हो रही है.



**लोग परेशान**

- जामडीह से चांडिल गोलचक्कर तक सड़क की मरम्मत हो रही है
- बिजली विभाग का 33 केवी एचटी लाइन का खंभा है

## युद्ध विस्तार की आशंका

पश्चिम एशिया में अशांति खतरनाक मोड़ पर खड़ी है. युद्धोन्माद का महौल विश्व शांति के लिए सबसे बड़ा खतरा है. दरअसल इस समय दुनिया भर में ऐसे नेतृत्व और संस्थाओं का अभाव है, जो दखल दे कर शांति की गारंटी करे. संयुक्त राष्ट्र संघ न तो यूक्रेन-रूस युद्ध रोक पाया और न ही फिलस्तीन की समस्या का हल कर पाया. पश्चिमी देश इजराइल के साथ हैं और रूस-चीन की पहल बेमानी साबित हो रही है. पहले दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हमला कर 18 ईरानियों को इजराइल ने मार दिया. बदले में अब ईरान ने इजराइल पर हमला किया. उसके बचाव में अमेरिका और ब्रिटेन आ गये. कूटनीतिक क्षेत्र में माना जा रहा है कि ईरान के हमले की पूर्व सूचना अरब देशों के साथ अमेरिका के साथ भी साझा की गयी थी. यानी एक किस्म की नूराकुश्ती का महौल भी था. बावजूद इसके ईरान और इजराइल के बीच के कटु संबंधों को हल्के में लेना विश्व को महंगा साबित होगा. जरूरत इस बात की है कि युद्ध की हर मुमकिन संभावना को टाला जाए और फिलस्तीन के सवाल का सर्वमान्य हल निकाला जाए. इजराइल के एक कारोबारी के मालवाहक जहाज पर कब्जा करने के एक दिन बाद ईरान ने इजराइल के ऊपर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया. ईरान के कुछ मिसाइल इजराइल के रिहायशी इलाकों में गिरे. हालांकि किसी के मारे जाने की खबर नहीं है. ईरान ने यरुशलम के अलावा अराद शहर दक्षिण में नेगेव रेगिस्तान व डेड सी और उत्तर में इजराइली कब्जे वाले गोलन हाइट्स पर हमला किया. इजराइल ने दावा किया कि उसके मिसाइलरोधी सिस्टम आयरन डोम ने ईरान की तरफ से दागी गईं मिसाइलों को रोका. 'टाइम्स ऑफ इजराइल' के मुताबिक, इजराइल के नेवातिम एयरफोर्स बेस को कुछ नुकसान पहुंचा है. हमला करने के बाद ईरान ने इजराइल को चेतावनी भी दी है और कहा है कि अगर उसने पलटवार किया तो ईरान ज्यादा बड़ा हमला करेगा. मीडिया में आई खबरों के मुताबिक ईरान ने इजराइल पर इस हमले को 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस' नाम दिया है. गौरतलब है कि एक अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी दूतावास के पास हवाई हमला किया था. इसमें ईरान के दो शीर्ष सैन्य कमांडर सहित 13 लोग मारे गए थे. इसके बाद ईरान ने बदला लेने के लिए इजराइल पर हमला करने की धमकी दी थी. सूचना है कि इजराइल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से बातचीत के बाद जवाबी कार्रवाई का फैसला टाल दिया. ईरान की सरकारी मीडिया ने दावा किया है कि हमले की वजह से ईरान को बड़ा नुकसान हुआ है.ईरानी सेना ने अमेरिका को भी धमकी दी है और कहा है अगर उसने ईरान पर हमला करने में इजराइल का साथ दिया तो अगला हमला अमेरिकी बेस पर होगा. ईरान की सेना के कमांडर मोहम्मद बघेरी ने सरकारी मीडिया से कहा- अगर इजराइल ने हमला किया तो हम और भी बड़ा हमला करेंगे. अब दायित्व विश्व समुदाय पर है कि वह दुनिया को एक बड़े और लंबे युद्ध से बचाने के लिए दबाव डाले.

> ईरान की सेना के कमांडर मोहम्मद बघेरी ने सरकारी मीडिया से कहा- अगर इजराइल ने हमला किया तो हम और भी बड़ा हमला करेंगे. अब दायित्व विश्व समुदाय पर है कि वह दुनिया को एक बड़े और लंबे युद्ध से बचाने के लिए दबाव डाले.


### सुभाषित

**आहारनिद्राभयमैथुनं च सामान्यमेतत् पशुभिर्नराणाम् ।**
**धर्मो हि तेषां अधिकोविशेषो धर्मेण हीनाः पशुभिः समानाः ॥**

आहार, निद्रा, भय और मैथुन मनुष्य और पशु दोनों ही के भाविक आवश्यकताएं हैं. अर्थात् यदि केवल इन चारों को ध्यान में रखें तो मनुष्य और पशु समान हैं. केवल धर्म ही मनुष्य को पशु से श्रेष्ठ बनाता है. अतः धर्म से हीन मनुष्य पशु के समान ही होता है.

# अब तक झांकी थी, खेल अभी बाक़ी है

**आज़ादी के बाद द्वितीय पंचवर्षीय योजना से विकास के लिए आधुनिक कल कारख़ानों और बड़े बड़े बांधों का रास्ता अख़्तियार किया गया. विकास के इस रास्ते से देश की ग़रीबी और बेरोज़गारी दूर होगी, यह सपना देखा और दिखाया गया. आज तो तकनीक का ऐसा विकास हो चुका है, जिससे मनुष्य की ज़रूरत तेज़ी के साथ घटती जा रही है. यह तकनीक बेरोज़गारी घटाती नहीं, बल्कि बढ़ाती है. यह हमारी समस्याओं का निदान नहीं करती बल्कि बढ़ाती है.**



• देश-काल



शिवानंद तिवारी

मोदी जी अपनी चुनावी सभाओं में बार बार कह रहे हैं कि पिछले दस वर्षों में देश ने मेरी सरकार के काम का सिर्फ़ ट्रेलर (झांकी) देखा है. अभी बहुत कुछ होना बाक़ी है, लेकिन पिछले दस वर्षों में उनकी सरकार ने क्या क्या काम किया है. उनको गिनाते हुए बताते हैं कि कश्मीर में 370 ख़त्म किया. मुसलमानों में तीन तलाक़ की प्रथा को समाप्त किया. सबसे बड़ा काम तो अयोध्या में भगवान राम का विराट और भव्य मंदिर बनवा कर उसमें रामलला को स्थापित किया. देखा जाए तो कश्मीर में 370 था, तब भी वह भारत का अभिन्न अंग था. आज भी वह हमारा अभिन्न अंग है. बल्कि चीन की सीमा से सटा लेह, लदाख और कारगिल के लोगों में गंभीर असंतोष है. वह इलाक़ा उबल रहा है. अपनी मांगों को लेकर वहां लगातार प्रदर्शन, धरना और भूख हड़ताल हो रहा है, लेकिन सरकार पर कोई असर नहीं है. यही हाल मणिपुर का है. कोई भी लायक़ सरकार देश की सीमा के इलाक़ों में नागरिकों की समस्याओं के प्रति अतिरिक्त संवेदनशील रहती है, लेकिन उन इलाक़ों में फैले असंतोष को वहां के स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर सुलझाने के बदले केंद्र सरकार कान में तेल डाल कर सोई हुई है.
अगर स्मरण किया जाए तो 2014 के पहले देश के कारपोरेट सेक्टर ने मीडिया के ज़रिए मज़बूती के साथ निर्णय लेने वाले एक नेता और विकास पुरुष के रूप में मोदी जी की विराट छवि बनाई थी. मनमोहन सिंह जी के दूसरे कार्यकाल में उनकी छवि एक कमजोर प्रधानमंत्री के रूप में मीडिया के ज़रिए तिल का ताड़ बनाकर दिखाया गया. मीडिया में कोयला घोटाला, टू जी घोटाला, कॉमनवेल्थ गेम आदि घोटाला की पृष्ठभूमि में मोदी जी भारतीय राजनीति में धूमकेतु के तरह अवतरित हुए. देश के विभिन्न तबकों को उन्होंने सपना दिखाया. उन्होंने वादा किया था कि दो करोड़ नौजवानों को वे हर साल काम देंगे. किसानों की आमदनी को 2022 तक दोगुना कर देंगे. 2022 तक ही देश की झोपड़ियों को पक्का बना देंगे. विदेशों में जमा काले धन को देश में ले आयेंगे. वह इतना है कि देश के प्रत्येक नागरिक के खाते में पंद्रह पंद्रह लाख रुपये जमा हो जाएंगे. सबको साथ लेकर सबका विकास करेंगे. लेकिन क्या हुआ ! अब इस चुनाव में कह रहे हैं कि अब तक तो झांकी थी. खेल अभी बाक़ी है. अब तक मोदी सरकार जिस रास्ते पर चल रही है, उससे देश में अरबपतियों की संख्या और बढ़ रही है. जब मुकेश अंबानी ने अपने बेटे का विवाह किया. अरबों रुपये खर्च हुए. यह दिखाता है कि देश में पूंजी की कमी नहीं है, लेकिन वह कुछ लोगों के हाथ में सिमट कर रह गई है. होना तो यह चाहिए था कि इन पर टैक्स लगाकर उस पूंजी का इस्तेमाल ग़रीबों की ग़रीबी दूर करने में लगाया जाता, लेकिन उल्टा हो रहा है. बड़े बड़े उद्योगपतियों को टैक्स में छूट दी जा रही है. बताया जा रहा है कि इससे पूंजीपति देश में पूंजी का निवेश करेंगे और देश का विकास होगा, लेकिन यह भी नहीं हो रहा है.

आज़ादी के बाद द्वितीय पंचवर्षीय योजना से विकास के लिए आधुनिक कल कारख़ानों और बड़े बड़े बांधों का रास्ता अख़्तियार किया गया. विकास के इस रास्ते से देश की ग़रीबी और बेरोज़गारी दूर होगी, यह सपना देखा और दिखाया गया. आज तो तकनीक का ऐसा विकास हो चुका है, जिससे मनुष्य की ज़रूरत तेज़ी के साथ घटती जा रही है. यह तकनीक बेरोज़गारी घटाती नहीं, बल्कि बढ़ाती है. यह हमारी समस्याओं का निदान नहीं करती बल्कि बढ़ाती हैं. आधुनिक तकनीक और उसमें लगने वाली अगाध पूंजी के लिए हमें यूरोप और अमेरिका पर आश्रित रहना पड़ेगा. इसके अलावा विकास का यह रास्ता पर्यावरण को गंभीर नुक़सान पहुंचा रहा है. देश में नदियां सूख गईं हैं और सूख रही हैं. बैंगलुरु जैसे आधुनिक और समृद्ध शहर में पीने के पानी का गंभीर संकट उपस्थित हो गया है. ऐसे क्षेत्र बढ़ते जा रहे हैं. आज़ादी के पचहत्तर वर्ष बाद भी देश की मात्र पैंतीस प्रतिशत आबादी ही शहरों में रहती है. उनमें भी लगभग आधी आबादी शहरों के फुटपाथों और गंदे नालों के किनारे बसी हुई है. आज भी देश की आबादी का 65 प्रतिशत कृषि पर निर्भर है. देखा जाए तो देश के कुल कार्य बल का लगभग 94 प्रतिशत कृषि और असंगठित क्षेत्र में काम करता है. असंगठित क्षेत्र यानी जहां दस व्यक्ति से कम काम करते हैं. यहां न तो काम का नियमित समय है और न ही पारिश्रमिक का कोई नियम है. तकनीक और पूंजी के अभाव में उत्पादकता भी कम है.
उपरोक्त तथ्यों के आलोक में स्पष्ट है कि देश के विकास का अर्थ है कृषि और असंगठित क्षेत्र का विकास. आज एक बड़ी आबादी की क्रयशक्ति ना के बराबर या बहुत कम है. बाज़ार में मंदी का मुख्य कारण यही है. स्पष्ट है कि देश के इन दो बड़े क्षेत्र में लगे श्रम बल की आमदनी नहीं बढ़ाई जाएगी, तब तक देश उपर नहीं उठ सकता है. लेकिन मोदी जी की सरकार ने जिन क्षेत्रों में देश की विशाल आबादी लगी है, उसको ऊपर उठाने के लिए सिर्फ़ प्रतीकात्मक प्रयास किया. सब देख रहे हैं कि देश में अरबपतियों की संख्या तेज़ी से बढ़ रही है. दूसरी ओर किसानों में आत्महत्या की संख्या में कमी नहीं आ रही है. देश में एक छोटी आबादी के हाथ में अकूत धन है. देश के इतिहास में ऐसी भयानक ग़ैर बराबरी कभी नहीं थी. इसके चलते समाज में विकृति फैल रही है. नौजवानों में नशाखोरी और हिंसक प्रवृत्ति में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है. दूसरी ओर प्रधानमंत्री जी भाषण देने, कपड़ा और पगड़ी पहनने में कभी भी न टूटने वाला रिकॉर्ड क़ायम करते जा रहे हैं. आजकल मोदी जी देश की जनता को नया बाइस्कोप दिखा रहे हैं. हमारा देश दुनिया की पांचवीं अर्थ व्यवस्था बन गया है. एक सौ चालीस करोड़ का देश पांचवीं अर्थ व्यवस्था बन गया है, इसमें मोदी जी का क्या योगदान है ! यह तो उनके बग़ैर भी बनता. तरक्क़ी और विकास की असली कसौटी तो प्रति व्यक्ति आमदनी है. इस मामले में हमारा देश अफ्रीका के छोटे से देश अंगोला से भी नीचे है.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## मानसिक जंजीर

संभावनाओं का आकाश अनंत है. उस आकाश में विचरण करने के लिए हौसले का पंख होना आवश्यक है. हौसले का पंख यदि कमजोर हो जाये तो सारी योग्यता और क्षमता रहते हुए भी कोई उड़ान नहीं भर सकता. हौसले का जनक है आत्मविश्वास. वही आपकी आंतरिक शक्ति होती है, जो आपके हौसले के पंख का मजबूत बनाये रखती हैं. कई बार ऐसा होता है कि सामर्थ्य रहने के बावजूद आप अपनी मंजिल की ओर कदम नहीं बढ़ा पाते, क्योंकि आपने झूठा विश्वास पाल लिया है कि आप किसी भी हाल में मंजिल तक नहीं पहुंच पायेंगे या उस दिशा में आगे बढ़ना आपके वश की बात नहीं है. एक आदमी कहीं से गुजर रहा था, तभी उसने सड़क के किनारे बंधे हाथियों को देखा, और अचानक रुक गया. उसने देखा कि हाथियों के अगले पैर में एक रस्सी बंधी हुई है, उसे इस बात का बड़ा अचरज हुआ की हाथी जैसे विशालकाय जीव लोहे की जंजीरों की जगह बस एक छोटी सी रस्सी से बंधे हुए हैं!!! ये स्पष्ठ था कि हाथी जब चाहते तब अपने बंधन तोड़ कर कहीं भी जा सकते थे, पर किसी वजह से वो ऐसा नहीं कर रहे थे. उसने पास खड़े महावत से पूछा कि भला ये हाथी किस प्रकार इतनी शांति से खड़े हैं और भागने का प्रयास नहीं कर रहे हैं? तब महावत ने कहा, ' इन हाथियों को छोटे से ही इन रस्सियों से बांधा जाता है, उस समय इनके पास इतनी शक्ति नहीं होती कि इस बंधन को तोड़ सकें. बार-बार प्रयास करने पर भी रस्सी नहीं तोड़ पाने के कारण उन्हें धीरे-धीरे विश्वास होता जाता है कि वे इन रस्सियों नहीं तोड़ सकते और बड़े होने पर भी उनका यह विश्वास बना रहता है, इसलिए वे कभी इसे तोड़ने का प्रयास ही नहीं करते.' आदमी आश्चर्य में पड़ गया कि ये ताकतवर जानवर सिर्फ इसलिए अपना बंधन नहीं तोड़ सकते, क्योंकि वे इस बात में यकीन करते हैं! इन हाथियों की तरह ही हममें से कितने लोग सिर्फ पहले मिली असफलता के कारण यह मान बैठते हैं कि अब हमसे यह काम हो ही नहीं सकता और अपनी ही बनायी हुई मानसिक जंजीरों में जकड़े-जकड़े पूरा जीवन गुजार देते हैं. याद रखिये, असफलता जीवन का एक हिस्सा है और निरंतर प्रयास करने से ही सफलता मिलती है. यदि आप भी ऐसे किसी बंधन में बंधे हैं, जो आपको अपने सपने सच करने से रोक रहा है तो उसे तोड़ डालिए..... आप हाथी नहीं, इंसान हैं....

## भ्रष्टाचार का मुद्दा कितना कारगर साबित होगा

• सियासत

नन्तू बनर्जी

भ्रष्टाचार से कौन डरता है? निश्चित रूप से भारत के राजनीतिक दल तो बिल्कुल नहीं, जो वर्तमान लोकसभा चुनाव अभियान में एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रहे हैं. न ही आम जनता, जो वर्षों से देश की भ्रष्टाचार की दुष्ट व्यवस्था का हिस्सा रही है. केंद्रीय जांच एजेंसियों, जैसे कि सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग द्वारा भ्रष्टाचार के आरोपों पर चुनिंदा विपक्षी राजनीतिक पार्टियों और राज्य नेताओं के परिसरों पर छापे और गिरफ्तारियों से आम जनता की यह धारणा बदलने की संभावना नहीं है कि सभी राजनीतिक दल भ्रष्ट हैं. उनका मानना है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की चुनाव पूर्व गिरफ्तारी का संबंध किसी और चीज से ज्यादा लोकप्रिय राजनेता को चुनाव अभियान में भाग लेने से रोकने के इरादे से है. आम तौर पर, राजनीतिक दलों और अधिकांश मतदाताओं के सामने भ्रष्टाचार एक गैर-मुद्दा है. राज्य के विपक्षी नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप अक्सर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के बाद हटा दिये जाते हैं, जो केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की प्रमुख राजनीतिक इकाई है, जो चुनाव पूर्व भ्रष्टाचार विरोधी अभियान का नेतृत्व करती है. यदि प्रफुल्ल पटेल, जो केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री रहते हुए कथित तौर पर 25,000 करोड़ रुपये के विमान खरीद घोटाले में शामिल थे, के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों को अजीत पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, जो महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ राजनीतिक गठबंधन के नेतृत्व में सरकार में शामिल हुई है, उसे भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल होने के बाद हटाया जा सकता है तो इसके मुकाबले दिल्ली की शराब नीति में सुधार के मामले में भ्रष्टाचार में कथित संलिप्तता के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की हाल ही में ईडी की गिरफ्तारी में भ्रष्टाचार की राशि मामूली प्रतीत होगी, क्योंकि इसमें दिल्ली के सत्तारूढ़ दल को केवल 100 करोड़ रुपये का हस्तांतरण शामिल होने का दावा किया गया है. प्रफुल्ल पटेल के कार्यकाल के दौरान एयर इंडिया भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई क्लोजर रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस ने केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा पर निशाना साधा है. हाल ही में कांग्रेस पार्टी ने 'दाग' हटाने के लिए भाजपा की 'वॉशिंग मशीन' कैसे काम करती है, इसका 'लाइव डेमो' दिया. कांग्रेस नेता पवन खेड़ा का कहना है कि सत्ताधारी पार्टी का फॉर्मूला है -'भाजपा में शामिल हो जाओ, केस बंद'. इस तथ्य को नजरअंदाज करना मुश्किल है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी का मकसद आप सुप्रीमो को चल रहे लोकसभा चुनाव अभियान से रोकना हो सकता है. 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी. लेकिन 2020 में, केजरीवाल की आप ने दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भाजपा को चौंका दिया. केजरीवाल की गिरफ्तारी ईडी द्वारा अन्य विपक्षी राज्य-स्तरीय नेताओं के खिलाफ हाल ही में की गई इसी तरह की कार्रवाई से अलग है. आम चुनाव से एक महीने से भी कम समय पहले केजरीवाल की गिरफ्तारी आप कार्यकर्ताओं और जनता के बीच कई सवाल खड़े करती है. इसके विरोध में पूरा विपक्ष दिल्ली की सड़कों पर उतर आया था. तथाकथित दिल्ली शराब घोटाले में राज्य सरकार द्वारा शराब की खुदरा बिक्री के निजीकरण का मार्ग प्रशस्त करना शामिल था. राष्ट्रीय सरकार द्वारा सस्ते में हवाई अड्डों, बंदरगाहों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के निजीकरण के बारे में क्या कहना है? दुर्भाग्य से भाजपा के लिए, केजरीवाल की गिरफ्तारी ने भारत सरकार के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय आलोचना पैदा करने के अलावा राष्ट्रीय सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ पूरे विपक्ष को एकजुट करने में मदद की है. भारत को दुनिया के सबसे भ्रष्ट बड़े लोकतंत्रों में से एक माना जाता है. भारत के बड़ी संख्या में राजनीतिक क्षत्रप वित्तीय भ्रष्टाचार और अन्य आपराधिक कार्रवाइयों में शामिल माने जाते हैं. उनमें से कुछ को अपने खिलाफ़ लगाये गये ऐसे आरोपों या यहां तक कि अपनी दोषसिद्धि पर गर्व भी महसूस हुआ होगा. उदाहरण के लिए, लगभग 10,000 करोड़ रुपये के बड़े चारा घोटाला मामले में दोषी ठहराये गये 75 वर्षीय बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव भाजपा के खिलाफ राष्ट्रीय विपक्षी गठबंधन इंडिया में एक प्रमुख नेता बने हुए हैं.

> आम चुनाव से एक महीने से भी कम समय पहले केजरीवाल की गिरफ्तारी आप कार्यकर्ताओं और जनता के बीच कई सवाल खड़े करती है. इसके विरोध में पूरा विपक्ष दिल्ली की सड़कों पर उतर आया था. तथाकथित दिल्ली शराब घोटाले में राज्य सरकार द्वारा शराब की खुदरा बिक्री के निजीकरण का मार्ग प्रशस्त करना शामिल था.

## विश्व बाजार में भारतीय खिलौनों की दस्तक

• सामयिकी

जयंती लाल

हाल ही में केंद्रीय व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक भारत के खिलौना उद्योग ने वित्त वर्ष 2014-15 से वित्त वर्ष 2022-23 के बीच तेजी से प्रगति की है और निर्यात में 239 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई है. वहीं दूसरी ओर आयात में 52 प्रतिशत तक की गिरावट आई है. निःसंदेह इस समय पूरी दुनिया में यह रेखांकित हो रहा है कि 'मेक इन इंडिया' अभियान से भारत का खिलौना उद्योग नई ऊंचाई पर है. स्थिति यह है कि 'मेक इन इंडिया' अभियान ने खिलौना विनिर्माण क्षेत्र में चीन को झटका देते हुए खिलौना निर्माण को भारत के लिए फायदे का सौदा साबित कर दिया है. गौरतलब है कि चीन से खिलौनों की खरीदारी करने वाले कई खरीदार अब तेजी से भारत की ओर रुख कर रहे हैं. यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया में कोई एक दशक पहले खिलौनों की भारत से मुश्किल से ही किसी तरह की खरीदारी होती थी, लेकिन मेक इन इंडिया के कारण कई बड़ी-बड़ी खिलौना कंपनियों ने भारत में खासतौर से दिल्ली में अपना आधार तैयार किया है, जो आज अंतरराष्ट्रीय खिलौना कंपनियों को भी आपूर्ति करती है. इस समय हैस्ब्रो, मैटल, स्पिन मास्टर और अर्ली लर्निंग सेंटर जैसे खिलौनों के वैश्विक ब्रांड आपूर्ति के लिए भारत पर अधिक निर्भर हैं. साथ ही खिलौनों के लिए विश्व प्रसिद्ध इटली की दिग्गज कंपनी ड्रीम प्लास्ट, माइक्रोप्लास्ट और इंकास आदि खिलौनों के लिए अपना ध्यान धीरे-धीरे चीन से भारत पर केंद्रित कर रही हैं. अब वह समय बीत गया है कि जब पांच-छह वर्ष पहले तक भारत खिलौनों के लिए बहुत कुछ दूसरे देशों पर निर्भर था और भारत में 80 फीसदी से अधिक खिलौने चीन से आयात किए जाते थे. साथ ही लगातार विभिन्न सर्वेक्षणों में कहा जा रहा था कि चीन से आयातित दो-तिहाई खिलौने असुरक्षित थे. चीनी खिलौने में सीसा, कैडमियम और बेरियम के असुरक्षित तत्व पाए गए थे. अब भारत से खिलौनों के तेजी से बढ़ते हुए निर्यात और घटते हुए आयात का नया लाभप्रद अध्याय भी रेखांकित हो रहा है. उल्लेखनीय है कि इस समय देश और दुनिया में भारतीय खिलौना उद्योग की बहुत कम समय में हासिल ऐसी सफलता रेखांकित हो रही है, जिसकी कभी किसी ने कल्पना तक नहीं की थी. इस समय चारों ओर भारत के सस्ते और गुणवत्तापूर्ण खिलौना उद्योग का सुकूनदेह परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है. साथ ही भारत का खिलौना निर्यात पांच-छह वर्षों में तेजी से बढ़कर 2600 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है. भारत से अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय यूनियन, आस्ट्रेलिया, यूएई, दक्षिण अफ्रीका सहित कई देशों को खिलौने निर्यात किए जा रहे हैं. इस समय भारतीय खिलौना उद्योग का कारोबार करीब 1.5 अरब डॉलर का है, जो वैश्विक बाजार हिस्सेदारी का 0.5 फीसदी मात्र है. लेकिन जिस तरह भारत में खिलौना उद्योग को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, उससे खिलौना उद्योग छलांगें लगाकर बढ़ते हुए इसी वर्ष 2024 में तीन अरब डॉलर तक की ऊंचाई पर पहुंचने की संभावनाएं रखता है. यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि देश और दुनिया में भारतीय खिलौना बाजार को ऊंचाई मिलने के कई कारण हैं. इसमें कोई दो मत नहीं है कि 'मन की बात' के अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार देश के लोगों को स्वदेशी भारतीय खिलौनों को खरीदने, घरेलू डिजाइनिंग को सुदृढ़ बनाने, भारत को खिलौनों के लिए एक वैश्विक विनिर्माण हब बनाने की अपील की. खिलौनों की बिक्री के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की मंजूरी जरूरी होना, संरक्षणवाद, चीन-प्लस-वन रणनीति और मूल सीमा शुल्क बढ़ाकर 70 प्रतिशत किए जाने से भारत के खिलौना उद्योग में तेजी आई है. बीआईएस मानक चिन्ह वाले खिलौनों के निर्माण के लिए बीआईएस ने घरेलू निर्माताओं को 1200 से अधिक लाइसेंस और विदेशी निर्माताओं को 30 से अधिक लाइसेंस प्रदान किए हैं. सरकार के प्रयासों से भारतीय खिलौना उद्योग के लिए अधिक अनुकूल विनिर्माण परितंत्र बनाने में मदद मिली है. 2014 से 2020 तक 6 वर्षों की अवधि में सरकार के समर्पित प्रयासों से विनिर्माण इकाइयों की संख्या दोगुनी हो गई है, आयातित वस्तुओं पर निर्भरता 33 प्रतिशत से घटकर 12 प्रतिशत हो गई है. वर्तमान में एमएसएमई मंत्रालय 19 खिलौना उत्पादन केंद्रों की मदद कर रहा है और वस्त्र मंत्रालय 13 खिलौना उत्पादन केंद्रों को खिलौनों का डिजाइनिंग तैयार करने और जरूरी साधन मुहैया कराने में मदद कर रहा है.

> सरकार के प्रयासों से भारतीय खिलौना उद्योग के लिए अधिक अनुकूल विनिर्माण परितंत्र बनाने में मदद मिली है. 2014 से 2020 तक 6 वर्षों की अवधि में सरकार के समर्पित प्रयासों से विनिर्माण इकाइयों की संख्या दोगुनी हो गई है, आयातित वस्तुओं पर निर्भरता 33 प्रतिशत से घटकर 12 प्रतिशत हो गई है.

### मीडिया में अन्यत्र

## लंबित सुधारों को गति देने की जरूरत

**बीते** दशक के सबसे महत्त्वपूर्ण सुधारों की बात करें तो वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार उनमें से एक है. बहरहाल, कई वजहों से इसका प्रदर्शन शुरुआती अनुमानों की तुलना में कमजोर रहा और अर्थव्यवस्था को इससे उतना लाभ नहीं मिला जितनी कि कल्पना की जा रही थी. हाल के वर्षों में कर संग्रह में सुधार हुआ है और इसमें बहुत सुधार की गुंजाइश है.जीएसटी से जुड़े निर्णय यद्यपि जीएसटी परिषद लेती है लेकिन अगली केंद्र सरकार चाहे जिस दल या गठबंधन की हो, उसे लंबित सुधारों को गति देनी चाहिए. उसे जीएसटी 2.0 के तहत न केवल कर संग्रह बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए बल्कि समग्र अप्रत्यक्ष कर प्रशासन में सुधार करना चाहिए जिससे देश में कारोबारी सुगमता बढ़े. वर्ष 2023-24 में समग्र जीएसटी संग्रह में 11.7 फीसदी का सुधार हुआ और यह 20.18 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया.सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार यह संग्रह जीडीपी का 6.86 फीसदी था. शुद्ध रिफंड की बात करें तो संग्रह जीडीपी के 6.13 फीसदी तक रहा जो पिछले वर्ष से बेहतर है. बहरहाल, राजस्व संग्रह का आकलन जीएसटी समेत सभी करों के आधार पर होना चाहिए. कर से होने वाला सामान्य सरकारी राजस्व संग्रह जीएसटी में शामिल होने के बाद 2016-17 में जीडीपी का 6.3 फीसदी रहा. वर्तमान प्रदर्शन अधिक निराश करने वाला होगा, अगर उपकर को इससे बाहर कर दिया जाए.ध्यान रहे जीएसटी के मूल डिजाइन में ऐसा ही था. उपकर इसलिए संग्रहीत किया गया ताकि राज्यों को क्रियान्वयन के पहले पांच वर्ष तक राजस्व में होने वाली कमी को पूरा किया जाए. बहरहाल, उपकर संग्रह पांच वर्ष के बाद भी जारी रहा ताकि उस कर्ज को चुकाया जा सके जो महामारी के दौरान राज्यों को की जाने वाली क्षतिपूर्ति के लिए लिया गया था. रिफंड और उपकर को हटा दें तो जीएसटी संग्रह जीडीपी के छह फीसदी के नीचे आ जाएगा.जीएसटी के कमजोर प्रदर्शन की कई वजह हैं. इनमें राजनीतिक कारणों से दरों में अपरिपक्व ढंग से कमी करना भी शामिल है. दरों की बहुलता ने कई भ्रम पैदा किए. कई मामलों में शुल्क उलट दिया गया जिससे राजस्व वर्षों तक प्रभावित हुआ. सूचना प्रौद्योगिकी और अनुपालन से जुड़े मुद्दों को भी काफी हद तक हल कर दिया गया है परंतु वे व्यवस्था की बुनियादी कमियों को दूर नहीं कर सकते.



(बिजनेस स्टैंडर्ड)

### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## पाद/दस्त

**एक** बार बादशाह अकबर को संस्कृत भाषा को लेकर मजाक सूझी. उसने अपने दरबारी मित्र बिरबल से कहा- तुम्हारी संस्कृत भाषा भी अजीब है. इससे तो अच्छी उर्दू या अरबी फारसी है. बिरबल समझ गये कि बादशाह को कोई शरारत सूझी है. उसने कहा-कैसे जहांपनाह? हमारी संस्कृत भाषा तो उत्तम भाषा है? अकबर ने कहा- उत्तम क्या है? संस्कृत में पैर को पाद कहा जाता है. बिरबल ने मुस्कराते हुए कहा-जहांपनाह, आप ठीक कहते हैं संस्कृत में पैर को पाद कहा जाता है, लेकिन आपको पता है कि फारसी में हाथ को क्या कहा जाता है? दस्त. इन भाषाओं का क्या कहना? संस्कृत में पैर पाद है तो फारसी में हाथ दस्त. यह चुटकुला के रूप में प्रचलित है. हर भाषा का अपना सौंदर्य होता है, अपना लालित्य होता है. भाषा को लेकर विवाद उचित नहीं है. हिंदी शब्दसागर ने इन दोनों शब्दों पर गहन विमर्श किया है. पाद तत्सम संज्ञा पुल्लिंग तो है अनेकार्थी भी है. सामान्यतः पाद का मतलब चरण, पैर या पांव ही है, लेकिन किसी के प्रति अत्यंत सम्मान और श्रद्धा प्रकट करने के लिए पाद शब्द का प्रयोग किया जाता है. जैसे गुरुपाद, आचार्यपाद आदि. मंत्र या श्लोक या अन्य किसी छंदोबद्ध काव्य का चतुर्थांश भी पाद कहलाता है. पाद का मतलब है किसी चीज का चौथा भाग, पुस्तक का विशेष अंश, वृक्ष का मूल किसी वास्तु का नीचे का भाग, बड़े पर्वत के समीप छोटा पर्वत, चिकित्सा के चार अंग-वैद्य, रोगी, औषध और उपचारक, किरण, रश्मि, गमन, एक ऋषि, शिव, अंश भाग, हिस्सा, वह वायु जो गुदा के मार्ग से निकले, अपानवायु. वहीं दस्त फारसी मूल का संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. दस्त का एक अर्थ 'हाथ' भी होता है, जैसे दस्तकार , दस्तकारी, दस्ती, दस्ताना आदि में. दस्त का यह अर्थ उर्दू में होता है और यह हिन्दुस्तानी में भी स्वीकार्य है. मलरोग या पतला शौच को भी दस्त कहा जाता है. इस अर्थ से सभी अवगत हैं.

## यह सब समय का फेर है भाई!

• तीर-तुक्का

शशिकांत सिंह



सनीचर जी जो हैं, काफी मॉड हो गये हैं. उनकी सरपंची चल निकली है. उधर बैद्यजी अब बूढ़े हो गये हैं. उन्हें परामर्शमंडल में डाल दिया गया है. रूप्पन भैया तो नगरवासी हो ही गये हैं. बदरी पहलवान भी गांव में नहीं रहते सो वैद्य जी अब सनीचरा के भरोसे ही रहते हैं. ऐसे में एक दिन वैद्य जी और सनीचरा में ठन गई. वैद्य जी ने श्राप देने की मुद्रा बनाई और उवाचे- 'तुझे कौन जानता था? कल तक तू मेरे चौखट पर भंग पीसा करता था. आज तू बड़ा आदमी बन गया तो मेरा निरादर करता है. यह नाम, यह यश, एक दिन मिट जायेगा. बेटा, मैं भी कभी अखबारों की सुर्खियां बना करता था. मेरे आगे-पीछे भी मीडिया वाले घूमा करते थे. आज जो यह तुम अपने नाम के नारे लगवा रहे हो, यह काम हम बहुत पहले कर चुके हैं. एक दिन तू भी मेरी जगह परामर्श मंडल में ही होगा. तू तब पछतायेगा.' 'महोदय, आपकी बातों का जवाब तो हम बाद में देंगे. पहले शिवपालगंज का विकास तो कर लें. आपने तो कभी शिवपालगंज की सुध ली नहीं. गांव के लोगों को एक दूसरे से लड़ाते रह गये. एक कॉलेज है गांव का, उसको आपने अखाड़ा बना दिया था. हमने सारे मास्टरों को हटाकर, वहां एक विशाल मुर्गीबाड़ा खोला है. उससे गांव के लोगों को रोजगार मिलेगा. रोजगार होगा. जेब में दो पैसे आयेंगे तो लोग नगरों में जाकर पढ़ लेंगे. मास्टरों की लड़ाई देखने से अधिक आनंद तो मुर्गों की लड़ाई देखने में है.' 'अरे अधम, तू ने कॉलेज को मिटा दिया. मेरा बहुत पुराना सपना था कि जब मैं कभी सरपंच बनूंगा तो इसी कॉलेज में भृगुपुराण और रावणपुराण की पढ़ाई होगी. बच्चे ज्योतिष में प्रकांड विद्वान बनेंगे और अपना भविष्य जान सकेंगे. अपना भविष्य जान लेंगे तो उसे संवारने में काफी सुविधा होगी. तूने कॉलेज को ही हटा दिया. वहां खोला भी क्या तो मुर्गीबाड़ा. तू नरक में जायेगा.' 'ये गंजहापनी कहीं और झाड़ना बापू. हमें अच्छी तरह पता है कि आपको कॉलेज की नहीं अपने सरपंची की चिंता सता रही है. यह सपना तो अब पूरा होने से रहा. हम कभी हारेंगे ही नहीं. न दूसरे को आगे आने देंगे. बापू तुमने जो गलती कि मुझे आगे लाकर, मैं वह गलती नहीं करने वाला. जमे रहो. परामर्श लेने शाम में आऊंगा.' सनीचरा जी गये और लंगड़ सीन में घुसे. वैद्यजी भगवान शंकर की फोटो के आगे खड़े उनको कोस रहे थे. लंगड़ ने दूर से पंवलग्गी की. वैद्यजी आकर बैठे –'महाराज क्या हुआ? मुख पर तेज नहीं चमक रहा आज?' 'तेज तो चमके जमाना हो गया. तेज तो तब चमके जब सत्य या सत्ता की ताकत हो. यहां न सत्य है न सत्ता. यह सब समय का फेर है भाई!'

## आईकू जेड 9 फाइव जी

# वजन में हल्का, परफॉर्मेंस में तगड़ा

*बीस हजार रुपए तक का बजट स्मार्ट फोन लेना चाहते हैं तो आईकू जेड 9 फाइव जी पर विचार कर सकते हैं. हाल ही लॉन्च हुए इस स्मार्ट फोन को लेकर कंपनी का दावा है कि यह फोन यूथ की सभी जरूरतों को पूरा करता है. आइए आज इस फोन के बारे में जानकारी हासिल करें -*

- **डिजाइन, आकार, वजन :** फोन के रियर में ब्रस्ड पैटर्न वाली डिजाइन है. यह दो रंगों के विकल्प नीले और हरे में उपलब्ध है. फोन के कार्नर राउंड हैं, हालांकि फ्रंट बैक और साइड से फोन फ्लैट है. फोन के बॉटम में यूएसबी टाइप सी पोर्ट, स्पीकर और सिम-ट्रे का ऑप्शन हैं. राइट साइड पावर बटन के साथ वॉल्यूम बटन दिए गए हैं. इसका वजन महज 188 ग्राम है और थिकनेस 7.83 एमएम है. हाथ में रखने में बहुत सुविधाजनक है.
- **डिस्प्ले :** फोन में एक बड़ी 6.67 इंच फुल एचडीप्लस एमोलेड डिस्प्ले दी गई है. गेमिंग और वीडियो देखने के दौरान बड़ी स्क्रीन होने की वजह से अच्छा एक्सपीरिएंस मिलता है. अगर आप फोन में इंस्टा रील एडिट करते हैं, वीडियो देखते हैं, तो आपके लिए 6.7 इंच एक अच्छा स्मार्टफोन साबित हो सकता है. इसमें 60 हट्र्ज से लेकर 120 हट्र्ज रिफ्रेश रेट सपोर्ट दिया गया है. फोन की डिस्प्ले काफी ब्राइट है. यह 1800 नीट्स पीक ब्राइटनेस के साथ आती है. फोन में ड्रैगनट्रेल स्टार 2 प्लस ग्लास प्रोटेक्शन है.



- **कैमरा :** फोन में ड्यूल रियर कैमरा सेटअप है. मुख्य कैमरा 50 मेगापिक्सल 4 के ओआईएस सपोर्ट के साथ आता है. इससे पोर्टेट मोड में फोटो लेना हो या रात में, हमेशा शानदार फोटो क्लिक होती है. दो मेगापिक्सल को एक अन्य कैमरा सेंसर दिया गया है. फोन के मेन कैमरे से काफी अच्छी फोटो क्लिक होती है. फोन से 30एफपीएस पर 4 के वीडियो रिकॉर्ड कर पाएंगे. ओआईएस सपोर्ट के कारण अच्छी स्टेबल वीडियो कैप्चर होती है.
- **प्रोसेसर, सॉफ्टवेयर अपडेट :** फोन मीडियाटेक डिमेंसिटी 7200 फाइव जी चिपसेट के साथ आता है. रोजमर्रा के काम बिना परेशानी पूरे होते हैं. उपयोगकर्ताओं का कहना है कि इंस्टा पर रील एडिट करने में फोन में ज्यादा हीट या लैग का इश्यू देखने को नहीं मिलता है. फोन में हल्फी-फुल्की गेमिंग की जा सकती है. यह स्मार्ट फोन एंड्रॉइड 14 बेस्ड फनटच ओएस ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ आता है. फोन में 2 साल एंड्रॉइड अपडेट और 3 साल सिक्योरिटी अपडेट के साथ आता है.
- **कनेक्टिविटी फीचर :** आईकू जेड 9 स्मार्टफोन में वाई-फाई 6, ब्लूटूथ 5.3 के साथ ड्यूल सिम स्लॉट 8 5 जी बैंड्स दिए गए हैं, जो इसे फ्यूचर रेडी स्मार्टफोन बनाता है. फोन में 8 जीबी रैम के साथ दो स्टोरेज ऑप्शन 128 जीबी और 256 जीबी दिया गया है.
- **बैटरी :** 5000 मेगाहट्र्ज की बैटरी है. फोन के साथ 44 वाट फास्ट चार्जिंग एडॉप्टर दिया गया है.

# बहुत कूल हैं ये गजेट्स

*मौसम का तेवर तेज है. ऐसे में आज बात कुछ किफायती कूल गजेट्स की जो कीमत में कम हैं, हैंडी हैं, उपयोग में बेहद सुविधाजनक और सुकून देने वाले हैं.*



## वर्कप्लेस पर रखें छोटू सा यूएसबी फ्रिज

कार में सफर कर रहे हों या वर्कप्लेस पर काम में बिजी हैं या घर से बाहर कहीं और, साथ पानी की ठंडी बोतल तो हम ले जाते हैं, पर कुछ ही समय में ये गर्म हो जाता है. पानी, कोल्ड ड्रिंक सब इतना गर्म हो जाता है की पीने का मन ही नहीं करता. अब मार्केट में एक छोटू सा फ्रिज आ गया है जो यूएसबी से चलता है. अमेजन, फ्लिपकार्ट आदि में बेहद सहजता से ये मिनी यूएसबी फ्रिज मौजूद हैं जो आप अपने कार के डैशबोर्ड या ऑफिस के डेस्क पर रख कर फर्राटे से चला सकते हैं. किसी बैटरी, किसी इंस्टॉलेशन की दरकार नहीं. यह यूएसबी केबल से कंप्यूटर/लैपटॉप से पावर ले सकता है. बेहद हैंडी है. इस छोटे से फ्रिज में एक कैन या बोतल या दवाएं रखी जा सकती हैं. खास बात यह है कि यह कूलिंग और हीटिंग दोनों काम कर सकता है. यानी हर मौसम का साथी. अमेजन पर उपलब्ध डुअल-यूज मिनी कार फ्रिज ;यूएसबी से संचालित हीटिंग और कूलिंग पोर्टेबल रेफ्रिजरेटर है जो 2856 रुपए में उपलब्ध है. इसे डेढ़ सौ रुपए प्रतिमाह से कम कीमत पर ईएमआई में भी प्राप्त किया जा सकता है. रेफ्रिजरेटर का तापमान 5 मिनट में 8.5 डिग्री तक कम किया जा सकता है वहीं इतने ही समय में हीटिंग 40-65 डिग्री तक पहुंच सकता है. इस यूएसबी रिचार्जेबल कार रेफ्रिजरेटर को घर में, ऑफिस में, कार में, नौका विहार में, कैंप में, रेल यात्रा के दौरान...कहीं भी या सभी जगह सुविधाजनक तरीके से उपयोग किया जा सकता है. ये उन स्टूडेंट्स के लिए भी सुविधाजनक और किफायती है जो घर से दूर रहते हैं. आमतौर पर इसकी लंबाई 20 सेमी से कम होती है. वजन भी आधा किलो तक होता है. बॉडी प्लास्टिक की होती है. 2000-5000 रुपए तक कई विकल्प मिल जाएंगे.

## मॉस्किटो किलर मशीन विद लैंप



गर्मियों में झारखंड में मच्छर का प्रकोप भी बढ़ जाता है. ऐसे में मॉस्किटो किलर मशीन विद लैंप आपको चैन की नींद दे सकती है. कंपनी का दावा है कि यह मशीन आपके घर से मच्छरों को भगा देगी. इसे ऑनलाइन या ऑफलाइन खरीदा जा सकता है. घर में मच्छर के ना होने से आप और आपका परिवार कई तरह की बीमारियों से भी बचा रहेगा. ऐसे में आइए जानते हैं कैसे काम करता है ये डिवाइस. कंपनी का दावा है कि ये 365 Nm बायोपिक पर्पल लाइट वेव को रिलीज करती है. इससे मच्छर इसकी ओर अट्रैक्ट हो जाते हैं. कंपनी के अनुसार, जैसे ही मच्छर डिवाइस के रेडियस में आते हैं ये मशीन उनको खींच लेती है. इसको यूज करना काफी आसान है.

उपयोग में इतना आसान है कि बच्चे-बुजुर्ग सब इसे ऑपरेट कर सकते हैं. इसके लिए आपको इसे केवल प्लग में लगाकर बटन को प्रेस करना है. इसे यूएसबी पोर्ट से भी पावर दिया जा सकता. इसके बाद ये डिवाइस अपना काम शुरू कर देता है. कंपनी का दावा है कि ये डिवाइस जब ऑन रहता है तो कोई नॉइज नहीं करता है. इस डिवाइस को घर के कमरे से लेकर किचन तक में यूज किया जा सकता है. कंपनी का ये भी दावा है कि ये पोर्टेबल है और इसे लेकर ट्रैवल किया जा सकता है. इसे आसानी से ओपन करके साफ भी किया जा सकता है. अमेजन, फ्लिपकार्ट आदि से पांच सौ से 800 रुपए तक आसानी से उपलब्ध है.

## आइसक्रीम मेकर



झारखंड में भी अब मौसम ने करवट बदल ली. गर्मी का अहसास दिनोंदिन तेज हो रहा. ऐसे में आइसक्रीम खाने सुखद है, पर उससे भी सुखद है घर में खुद परिजनों के साथ आइसक्रीम बनाना. ऑनलाइन-ऑफलाइन मार्केट में ऐसे मशीन उपलब्ध हैं जो आधे घंटे में एक लीटर तक आइक्रीम घर की शुद्ध चीजों से आंखों के सामने बना दे. यह दही जमाने और शर्बत बनाने में भी उपयोग किया जा सकता है. बनाने की प्रक्रिया इतनी आसान की घर का नन्हा सदस्य भी खुद को मास्टर शेफ समझ ले. दिए गए कटोरे में केवल अपेक्षित सामग्री डालनी है और इसे ऑन कर देना है. आइसक्रीम बनाने की बाकी जिम्मेदारी मशीन खुद उठा लेती है. यह 1500 रुपए से 3000 रुपए तक कई विकल्प में उपलब्ध है. हालांकि अमेजन पर अभी करीब 30000 रुपए का हैमी आइक्रीम मेकर भी उपलब्ध है जो सॉफ्ट 90 मिनटब् में आइसक्रीम तैयार कर देता है और उसे अगर तुरंत खा कर खत्म नहीं किया गया तो चार घंटे तक सुरक्षित भी रखता है. एक बटन ऑपरेशन वाली इस मशीन से कोई बच्चा भी स्वादिष्ट आइसक्रीम बना सकता है. इससे एक बार में 700 मिलीलीटर आइसक्रीम बनाया जा सकता है. इतना ही नहीं लगभग 3 कप दही या 6 जिलेटो बॉल आदि भी तैयार कर सकता है.

## मिनी आइस पैक

यात्रा के दौरान, वर्कप्लेस पर अगर बिना अधिक तामझाम के अपने पानी की बोतल, कोल्ड ड्रिंक कैन आदि को ठंडा रखना चाहते हैं तो सिलिकन के बने व जेल से भरे बैंड मिनी आइस पैक या चिल पक बेहतर विकल्प है. यह टी कोस्टर से भी थोड़ा छोटा ही होता है. इस आइस पैक को ऐसे डिजाइन किया गया है जिससे कोई भी स्टैंडर्ड कोल्ड ड्रिंक कैन का बॉटम आसानी से इसमें फिट हो जाए. वजन सौ ग्राम से भी कम, कई रंगों में उपलब्ध हैं.




# अब 'एलियंस' को खोज निकालेगा नासा!

*एक सवाल हमेशा से वैज्ञानिकों और बेशक कभी न कभी आम इंसानों के जेहन में भी लंबे समय आता रहा है. सवाल है कि क्या इस ब्रह्मांड में हम अकेले हैं? क्या पृथ्वी के अलावा भी कहीं जीवन हो सकता है? अब शायद इस सवाल का हल मिल जाए. दरअसल अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का नया मिशन इसी मकसद को लेकर है. नासा ने आगामी अक्टूबर में एलियंस की खोज में उड़ान भरने की योजना बनाई है. वह 62 करोड़ किमी. का सफर तय कर यूरोपा पहुंचेगा. जो हमारे सौर मंडल के सबसे बड़े ग्रह बृहस्पति के कई चंद्रमाओं में से एक है. वैज्ञानिकों को लगता है कि यूरोपा में जीवन की संभावना मौजूद हो सकती है.*



*मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मिशन के प्रोजेक्ट साइंटिस्ट बॉब पप्पालार्डो ने एएफपी से कहा कि नासा जिन बुनियादी सवालों को समझना चाहती है उनमें से एक यह है कि क्या हम इस ब्रह्मांड में हम पृथ्वी वासी ही अकेले हैं या कहीं और दूसरी दुनिया भी बसी हुई है. अगर हमें जीवन के लिए अनुकूल परिस्थितियां ढूंढनी हों और किसी दिन सच में यूरोपा जैसी जगह पर जीवन का पता चल जाए तो कहा जाएगा कि हमारे सौर मंडल में पृथ्वी और यूरोपा, जीवन के दो उदाहरण हैं.*

## लगेंगे पांच साल

5 अरब डॉलर का क्लिपर प्रोब अभी कैलिफोर्निया में नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी में मौजूद है. क्लिपर को फाल्कन हेवी रॉकेट पर बैठाकर यूरोपा के लिए रवाना किया जाएगा. वैज्ञानिकों का अनुमान है कि क्लिपर को बृहस्पति और यूरोपा की कक्षा में पहुंचने में 5 साल लगेंगे और उसके बाद ही वह यूरोपा पर रिसर्च शुरू कर सकेगा.



## इसकी करेगा जांच

वैज्ञानिकों का कहना है कि यूरोपा में बड़ी मात्रा में बर्फीला पानी मौजूद है. यूरोपा के बर्फीले पानी को टटोलने के लिए क्लिपर में कैमरा, स्पेक्ट्रोमीटर, मैग्नेटोमीटर और एक रडार जैसे इंस्ट्रूमेंट लगाए गए हैं. वह बर्फ में जाकर देखेगा कि कितना ठोस और कितना तरल पानी है.

**पोर्टेबल एसी**

# जिस कमरे में चाहिए, कूलर की तरह लुढ़का कर ले जाइए

*सभी कमरे में एसी लगाना सबके लिए व्यवहारिक नहीं. वहीं एक कमरे में भी एसी लगाना तब जरा उलझन भरा रहता है जब हम किराए के घर में रहते हैं. ऐसे में मार्केट में उपलब्ध पोर्टेबल एसी एक बेहतर विकल्प है. इन्हें दीवार पर टांगने की जरूरत नहीं, कूलर की तरह कहीं भी, किसी भी कमरे में पहियो पर लुढ़का कर ले जा सकते हैं. कूलर की तरह कमरे के किसी भी कोने में रख सकते हैं. इन तमाम सुविधाओं के बाद भी इनकी कीमत अपनी हद नहीं तोड़ती, लिहाजा खरीदना भी विंडो या स्पिलिट एसी की तरह ही ही होगा. आइए, विभिन्न ब्रांड में उपलब्ध इन पोर्टेबल एसी के बारे में जानकारी हासिल करें.*



## क्रोमा 1.5 टन पोर्टेबल एसी

मार्केट में यह एसी 50 हजार रुपए की एमआरपी पर मिलती है. जबकि क्रोमा की साइट से खरीदने पर आपको 43,990 रुपए खर्च करने होंगे. कंपनी का दावा है कि कॉपर कंडेंसर की वजह से आपको कूलिंग काफी अच्छी मिलेगी और ये आसानी से रिपेयर भी किया जा सकता है. डिजाइन भी बेहतर है.

## ब्लू स्टार 1 टन पोर्टेबल एसी

एसी के मामले में मार्केट में ब्लू स्टार की इमेज बेहतर है. खासतौर पर बिजली बचाने के लिए भी इसे बेहतर माना जाता है. इस एसी की एमआरपी 39,000 रुपए है. ऑनलाइन मार्केट में यह आपको करीब 33,000 रुपए में भी मिल सकती है.

## लॉयड एक टन 3 स्टार पोर्टेबल एसी

39,990 रुपए करीब में यी एसी उपलब्ध है. हालांकि कई तरह के ऑफर भी हैं जिसका लाभ उठाने पर जेब को राहत मिल सकती है. 1 टन की वजह से बिजली की खपत भी काफी कम होती है. कंपनी दावा करती है कि ये 15% तक बिजली की बचत करता है. डिजाइन भी बेहतर है.



# बड़े स्टोरेज, बड़ी सीट और दमदार बैटरी वाला फैमिली स्कूटर

*ई स्कूटी खरीदने की सोच रहे हैं तो यह खबर आपके लिए है. एथर रिजटा की लॉन्चिंग हाल ही हुई है. कंपनी का दावा है कि शानदार फीचर्स और तकनीक की वजह से यह सेगमेंट की दूसरी स्कूटी से बिल्कुल अलग है. कंपनी इस इलेक्ट्रिक स्कूटर को महज 10,99,99 रुपये की शुरुआती कीमत में लॉन्च किया है. आइए, आज एथर रिजटा फैमिली इलेक्ट्रिक स्कूटर की फीचर्स, डिजाइन, रेंज आदि की जानकारी लें-*



## बड़ी सीट

नया फैमिली इलेक्ट्रिक स्कूटर चालक और सहयात्री को बेहतर सीटिंग स्पेस देता है. इसे ख़ासतौर पर भारतीय परिवारों की जरूरत को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है. सेग्मेंट की सबसे बड़ी सीट इसकी खासियत है. इस स्कूटर पर एक साथ दो व्यस्कों के बैठने के बाद भी सीट पर काफी जगह बचती है. कंपनी का कहना है कि, इसमें लंबे कद के लोगों के लिए भी बेहतर और स्पेसियश फ्लैटबोर्ड दिया गया है. इसके अलावा पीछे बैठने वाले (पिलन राइडर्स) के लिए बैक-रेस्ट सपोर्ट भी मिलता है.

## बड़ा स्टोरेज

स्टोरेज कैपेसिटी 56 लीटर है जो परिजन के साथ यात्रा को आरामदायक बनाती है. स्टोरेज स्पेस के मामले में भी यह स्कूटर सेग्मेंट के दूसरे स्कूटर से कहीं ज्यादा प्रैक्टिकल है. इसमें जरूरत के सारे सामान रखे जा सकते हैं. अंडर सीट स्टोरेज में कंपनी ने एक छोटा पॉकेट भी दिया है, जहां पर आप अपने वॉलेट, साफ करने वाला कपड़ा या फिर कोई अन्य छोटी चीज रख सकते हैं.



## दो वेरिएशन

एथर रिजटा को कंपनी ने दो वेरिएंट्स रिजटा एस और रिजटा जेड में पेश किया है. इनमें फर्क का एक आधार बैटरी पैक है. रिजटा एस में छोटा बैटरी पैक (2.9 किलो वाट) दिया गया है जो सिंगल चार्ज में 121 किमी (105 किमी टू रेंज) तक की रेंज देता है. वहीं रिजटा जेड में बड़े बैटरी पैक (3.7 किलो वाट) का विकल्प मिलता है जो कि सिंगल चार्ज में 160 किमी (125 किमी टू रेंज) तक का सफर करने में सक्षम है. यह बैटरी पैक आईपी 67 रेटिंग के साथ आती है. इसकी वॉटर वेडिंग कैपेसिटी 400 मिमी है. यानी सड़क चाहे जैसी भी हो, यह स्कूटर सरपट भागेगा.

## मजबूत बैटरी

हाल ही में कंपनी ने इस स्कूटर की बैटरी का एक ड्रॉप टेस्ट वीडियो भी सोशल नेटवर्क पर शेयर किया था. इस वीडियो में दिखाया गया था कि, एक व्यक्ति स्कूटर में इस्तेमाल की जाने वाली बैटरी को लेकर एक क्रेन पर चढ़ता है. क्रेन के स्लाइडर को 40 फीट की उंचाई तक ले जाने के बाद बैटरी को उपर से नीचे की तरफ गिरा दिया जाता है. बावजूद इसके बैटरी बिल्कुल सुरक्षित रहती है.

## ये फीचर्स हैं खास

रिजटा एस में कंपनी ने डैशबोर्ड पर 7.0 इंच का नॉन-टच डीपव्यू डिजिटल डिस्प्ले दिया है, जो 450एस में देखा गया है. जबकि जेड वेरिएंट 7.0-इंच का टीएफटी टचस्क्रीन डिस्प्ले दिया गया है. जैसा कि 450एक्स इलेक्ट्रिक स्कूटर में देखा गया है. टेलीस्कोपिक फोर्क, 12-इंच अलॉय फ्रंट व्हील और फ्रंट डिस्क ब्रेक से लैस स्कूटर में सिक्योरिटी कवर और एक रैपराउंड एलईडी टेल लाइट भी दी गई है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

पंजाब की तन्वी उबेर कप में पीवी सिंधु जैसा आक्रामक प्रदर्शन करना चाहती हैं

# सिंधू दीदी की तरह बनना चाहती हूं : तन्वी शर्मा



- तन्वी की बड़ी बहन राधिका भी बैडमिंटन खेलती हैं
- तन्वी अंडर-15 व अंडर-17 राष्ट्रीय चैम्पियन रही है

**भाषा । नयी दिल्ली**

इस महीने चीन के चेंगडू में होने वाले थॉमस और उबेर कप को लेकर भारतीय बैडमिंटन टीम उत्साहित है. भारतीय टीम वहां दो टूर्नामेंट में भाग लेगी. इसमें कुछ खिलाड़ी थॉमस कप में तो कुछ उबेर कप में भाग लेंगे. इसमें एक नाम पंजाब की तन्वी शर्मा हैं. तन्वी दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को अपनी प्रेरणास्रोत मानती हैं. टीम में साथ होने से काफी उत्साहित हैं. 15 साल की तन्वी शर्मा उबेर कप में उनके जैसा आक्रामक प्रदर्शन करना चाहती हैं. तन्वी उबेर कप के लिए भारतीय महिला टीम की युवा सदस्य हैं. वह बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप के दौरान टीम का हिस्सा थीं लेकिन खेली नहीं थीं. इसमें सिंधू के खेल को देखने के अपने अनुभव को याद करते हुए तन्वी ने कहा कि मैं सिंधू दीदी की तरह बनना चाहती हूं. वह मेरी प्रेरणास्रोत हैं. मैं उनके सारे मैच देखती हूं. मलेशिया में उनके साथ होना शानदार था. वह बहुत ही मिलनसार हैं.

पंजाब के होशियारपुर की तन्वी की बड़ी बहन राधिका भी बैडमिंटन खेलती हैं. उनकी मां वॉलीबॉल खेलती थीं. उनकी मां ने ही अपनी दोनों बेटियों को बैडमिंटन की कोचिंग दिलाने के लिए प्रयास किये. तन्वी ने भी मां की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए प्रभावित किया. वह अंडर-15 और अंडर-17 राष्ट्रीय चैम्पियन बनी जिसके बाद वह 2022 में अंडर-19 फाइनल में उप विजेता रही. पिछले साल इस युवा खिलाड़ी ने चीन में एशियाई अंडर-15 जूनियर चैम्पियनशिप में रजत पदक अपने नाम किया. इसके अलावा उन्होंने कोटक इंडिया इंटरनेशनल में खिताब भी जीता. वह गुवाहाटी में सीनियर राष्ट्रीय में उप विजेता रहीं. बता दें कि दोनों टूर्नामेंट 27 अप्रैल से 5 मई तक चीन के शहर चेंगडू में खेले जाएंगे.

### सिंधु ने उबेर कप से नाम वापस लिया

पीवी सिंधु ने महिलाओं के उबर कप से नाम वापस ले लिया है. दरअसल सिंधु की नजर पेरिस ओलंपिक पर है. फरवरी में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के जरिये वापसी करने के बाद से सिंधु ने छह टूर्नामेंट खेले हैं. उन्होंने पेरिस ओलंपिक से पहले रिकवरी के लिए पर्याप्त समय की जरूरत को देखते हुए नाम वापस लिया है. इसी तरह महिला युगल में मौजूदा समय में शीर्ष भारतीय जोड़ी त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रैस्टो ने भी नाम वापस ले लिया है. उनका फोकस भी ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिए दूसरे टूर्नामेंटों पर है.

## ब्रीफ खबरें

### भारतीय फुटबॉल टीम ढाका रवाना हुई

**फरीदाबाद ।** भारत के पुरुष और महिला खिलाड़ियों का 28 सदस्यीय मजबूत दल स्पेशल ओलंपिक दक्षिण एशिया यूनीफाइड सेवन-ए-साइड फुटबॉल टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को ढाका रवाना हुआ. भारतीय दल में 22 खिलाड़ी और पांच कोच शामिल हैं जो आठ राज्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं. दल को सोमवार को विदाई दी गई. स्पेशल ओलंपिक भारत (एसओबी) के खेल निदेशक हरप्रीत सिंह ने समारोह के दौरान कहा कि हमें एसओबी की महिला टीम से काफी उम्मीद है. पुरुष टीम को हालांकि अपने कौशल में सुधार करना होगा.

### एलेकना का चक्का फेंक में विश्व रिकॉर्ड

**रेमोना (अमेरिका) ।** लिथुआनिया के माइकोलास एलेकना ने ओकलाहोमा थ्रो सीरीज प्रतियोगिता में चक्का फेंक में 1986 में बना विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया. इक्कीस साल के माइकोलास ने रविवार को चक्के को 243 फीट 11 इंच (74.35 मीटर) की दूरी तक फेंका और छह जून 1986 को बनाए जर्मनी के जुर्गेन शुल्ट के 243 फीट (74.08 मीटर) के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा. माइकोलास के थ्रो को शुरू में 244 फीट एक इंच (74.41 मीटर) मापा गया था.

### अगस्ता मास्टर्स में भाटिया 35वें स्थान पर

**अगस्ता ।** भारतीय-अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया और सहिथ थीगाला रविवार को यहां अगस्ता नेशनल गोल्फ टूर्नामेंट में क्रमशः संयुक्त 35वें और संयुक्त 45वें स्थान पर रहे. दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी स्कॉटी शेफलर ने चार शॉट के अंतर से तीन साल में अपना दूसरा अगस्ता मास्टर्स खिताब जीता. मास्टर्स टूर्नामेंट में पदार्पण कर रहे भाटिया ने अंतिम दौर में एक ओवर 73 का स्कोर बनाया जबकि दूसरी बार मास्टर्स टूर्नामेंट में खेल रहे थीगाला अंतिम दौर में तीन ओवर 75 का स्कोर ही बना सके. थीगाला पिछले साल शीर्ष 10 में रहे थे.

### जेहान ने फार्मूला ई में पहले अंक बना लिये

**मिसानो (इटली) ।** भारत के जेहान दारूवाला ने पूर्ण रूप से इलेक्ट्रिक रेसिंग सीरीज फार्मूला ई में अपने पहले सत्र में खराब शुरुआत के बाद पहले अंक जुटाए. फार्मूला टू में चार सत्र बिताने के बाद फार्मूला ई से जुड़ने वाले जेहान ने मासेराती एमएसजी रेसिंग की ओर से प्रतिस्पर्धा करते हुए रविवार को यहां मिसानो ई-प्री की दूसरी रेस में नौवें स्थान पर रहते हुए दो अंक हासिल किए. उन्होंने रेस की शुरुआत 21वें स्थान से की थी.

ईडन में मुख्य मुकाबला केकेआर की गेंदबाजी व रॉयल्स की बल्लेबाजी के बीच होगा

# केकेआर से रॉयल्स भिड़ने को तैयार

- 36 साल के होने जा रहे हैं अब सुनील नारायण
- संजू व रियान को सुनील का तोड़ खोजना होगा
- केकेआर दो बार आईपीएल की चैंपियन रह चुकी है



**भाषा । कोलकाता**

आईपीएल में जिस तरह से हर दिन मैच होते जा रहे हैं, वहीं टीमों के बीच अंक तालिका में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष बढ़ता जा रहा है. प्रत्येक टीम की कोशिश बेहतर प्रदर्शन करने है ताकि फाइनल में जगह बना सके. इसी क्रम में आज राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच मुकाबला है. इसमें केकेआर दो बार की चैंपियन रह चुकी है. जाहिर है राजस्थान को अपनी रणनीति और मजबूत करनी होगी. केकेआर से जब राजस्थान का भिड़ंत होगा तो उसके बल्लेबाजों के सामने ईडन गार्डन्स पर सुनील नारायण की गेंदबाजी का जवाब ढूंढने की चुनौती होगी. अगले महीने 36 साल के होने जा रहे नारायण ने 2012 और 2014 में पूर्व कप्तान गौतम गंभीर के नेतृत्व में केकेआर की दो खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी. वर्ष 2012 में नाइट राइडर्स का हिस्सा बनने के बाद से नारायण ने ईडन पर अपनी गेंदबाजी से विरोधी बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है. मेंटर के रूप में टीम में गंभीर की वापसी के बाद नारायण ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को खिताब के दावेदारों में शामिल कर दिया है. तालिका की शीर्ष दो टीमों के बीच होने वाले इस मुकाबले में अगर केकेआर जीत दर्ज करता है तो 10 टीम की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच जाएगा.

रविवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ केकेआर की आठ विकेट की जीत में फिल सॉल्ट को नाबाद तूफानी अर्धशतक जड़ने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया. लेकिन वह नारायण थे जिनकी किफायती गेंदबाजी के सामने लखनऊ की टीम सात विकेट पर 161 रन ही बना सकी. मौजूदा सत्र में 155 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले रॉयल्स के संजू सैमसन, रियान पराग और शिमरोन हेटमायर जैसे बल्लेबाजों को हालांकि नारायण की चुनौती का हल ढूंढना होगा. यह देखना होगा कि जोस बटलर इस मुकाबले के लिए फिट हैं या नहीं. वह पंजाब किंग्स के खिलाफ रॉयल्स के पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे. मौजूदा सत्र में नारायण बल्ले से भी काफी अच्छी फॉर्म में हैं. उन्होंने 183.51 के स्ट्राइक रेट से 33 से अधिक की औसत से रन बनाए हैं. आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी मिशेल स्टार्क ने भी सुपरजाइंट्स के खिलाफ पिछले मैच में लय हासिल करते हुए 28 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे. इस मैच में मुख्य मुकाबला केकेआर की गेंदबाजी और रॉयल्स की बल्लेबाजी के बीच होगा. केकेआर की एकमात्र कमजोर कड़ी उसके कप्तान श्रेयस अय्यर हैं जो खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं. वे बड़ी पारियां खेलने में विफल रहे हैं. हार-जीत के आंकड़े देखें तो आरआर ने अब तक छह में से पांच मैच जीते हैं. अंक तालिका में टीम शीर्ष पर बरकरार है. जबकि दूसरे पायदान पर मौजूद केकेआर ने अपने पांच में से चार मुकाबले जीते हैं.

### टीम है इस प्रकार

- **कोलकाता नाइट राइडर्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकिब हुसैन और मुजीब उर रहमान.
- **राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, आवेश खान, रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, टॉम कोहलर-कैडमोर, आबिद मुश्ताक, नांद्रे बर्गर, तनुष कोटियन और केशव महाराज. समय : मैच शाम 7 :30 बजे शुरू होगा.

### अय्यर 38 रन बनाकर नाबाद थे

लखनऊ के खिलाफ 162 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अय्यर 38 गेंद में 38 रन बनाकर नाबाद रहे थे. लेकिन उन्हें तेज गेंदबाजों और स्पिनरों दोनों के खिलाफ परेशानी हुई थी. मौजूदा सत्र में केकेआर की बल्लेबाजी शीर्ष क्रम में सॉल्ट और नारायण की आक्रामक बल्लेबाजी और डेथ ओवरों में आंद्रे रसेल के तूफानी तेवरों पर निर्भर रही है. टीम के भारतीय बल्लेबाज मौजूदा सत्र में अब तक प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं. रिंकू सिंह को काफी मौके नहीं मिले हैं और वह चार पारियों में 63 रन ही बना पाए हैं. उप कप्तान नितीश राणा चोट के कारण नहीं खेल पा रहे. ट्रेंट बोल्ट, आवेश खान, युजवेंद्र चहल और केशव महाराज की मौजूदगी में रॉयल्स का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत है. हालांकि यह देखना होगा कि स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन इस मैच के लिए फिट हो पाते हैं या नहीं.

# विलारीयाल ने एथलेटिक बिलबाओ को ड्रॉ पर रोका

स्पेनिश फुटबॉल

- ट्रॉफी को दर्शकों के लिए सैन स्टेडियम में रखा गया था
- एथलेटिक को 66वें मिनट में ओइहान सांचे ने बढ़त दिलाई

**एजेंसी । मैड्रिड**

कोपा डेल रे विजेता एथलेटिक बिलबाओ को स्पेनिश फुटबॉल लीग में विलारीयाल ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया. पिछले सप्ताहांत एथलेटिक ने मालोर्का को हराकर चार दशक में पहली कोपा डेल रे ट्रॉफी जीती. रविवार को विलारीयाल के खिलाफ मुकाबले के दौरान ट्रॉफी को दर्शकों के लिए सैन मेम्स स्टेडियम में रखा गया था. एथलेटिक को 66वें मिनट में ओइहान सांचे ने बढ़त दिलाई. इससे लगभग 20 मिनट पहले सेंटियागो कोमेसाना को फाउल करने पर दूसरा लाल कार्ड दिखाकर मैच से बाहर कर दिया गया था. हालांकि जब लग रहा था कि एथलेटिक की टीम मैच जीत लेगी तब दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के पांचवें मिनट में डेनी पारेजो ने गोल करके स्कोर 1-1 कर दिया. इस ड्रॉ से एथलेटिक की चैंपियन्स लीग के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को झटका लगा है. टीम अभी चौथे स्थान पर चल रहे एटलेटिको मैड्रिड से चार अंक पीछे है जबकि सात मैच बचे हैं. एटलेटिको ने शनिवार को तीसरे स्थान पर चल रहे गिरोना को 3-1 से हराया था. विलारीयाल की टीम नौवें स्थान पर है.

# मुंबई इंडियंस को गेंदबाजी में सुधार करना होगा : लारा

**एजेंसी । मुंबई**

वेस्टइंडीज के पूर्व महान खिलाड़ी ब्रायन लारा ने इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस की 20 रन की हार के बाद कहा कि मुंबई के गेंदबाजी आक्रमण में जसप्रीत बुमराह के अलावा अधिक दम नहीं है. उन्हें खेल के इस विभाग में सुधार करने की जरूरत है.

बुमराह (चार ओवर में 27 रन देकर कोई विकेट नहीं) को सुपरकिंग्स के खिलाफ कोई सफलता नहीं मिली जो उनके द्वारा स्थापित शीर्ष मानकों को देखते हुए बेहद सामान्य प्रदर्शन है. मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या के पारी के अंतिम ओवर में महेंद्र सिंह धोनी ने भी लगातार तीन छक्के मारे और रविवार रात अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई. लारा ने कहा कि मुझे लगता है कि जब हम मुंबई इंडियंस को देखते हैं तो बहुत से लोग उन्हें प्रबल दावेदार के रूप में देखते हैं, सिर्फ इसलिए कि वे इतनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे. उन्होंने 230 रन बनाए, उन्होंने 196 रन का लक्ष्य हासिल किया. इसे बहुत आसान बना दिया, 15 ओवर में, इसलिए इस तथ्य के कारण मुझे लगता है कि हम उन्हें प्रबल दावेदार के रूप में चुनते हैं. उन्होंने कहा कि लेकिन उनकी गेंदबाजी खराब है. जसप्रीत बुमराह के अलावा, उस गेंदबाजी आक्रमण में उनका समर्थन करने वाला कोई नहीं है और सुपरकिंग्स के बल्लेबाजों ने उन्हें ध्वस्त कर दिया. आठवें ओवर के बाद मुंबई इंडियन्स ने अपने स्पिनरों का उपयोग नहीं किया.

# अफगानिस्तान में क्रिकेट लोगों के लिए खुशी का एकमात्र तरीका: खान

**एजेंसी । नयी दिल्ली**




अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान ने कहा कि क्रिकेट उनके देशवासियों को खुशी के पल मुहैया कराता है, लेकिन अगर कोई देश उनके साथ द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने से इनकार कर दे तो कुछ नहीं किया जा सकता. उन्होंने आस्ट्रेलिया के अफगानिस्तान के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट खेलने से इनकार के बाद तर्क देते हुए कहा कि ऐसा करने से उनके देशवासी खुशी से महरूम हो गये. क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने तालिबान शासित देश में महिलाओं के साथ व्यवहार में गिरावट के चलते 2023 में अपने ही देश में अफगानिस्तान के साथ होने वाली वनडे श्रृंखला रद्द कर दी थी. इस साल के अंत में संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली टी20 श्रृंखला में खेलने से भी इनकार कर दिया. लेकिन राशिद सहित अफगानिस्तान के अन्य खिलाड़ियों का 'बिग बैश लीग' में खेलना जारी है. राशिद ने कहा कि मैं और सभी खिलाड़ी क्रिकेट खेलना चाहते हैं. क्योंकि अफगानिस्तान में लोगों के लिए खुशी का एकमात्र तरीका यही है. अगर आप इसे भी छीन लोगे तो लोग किसी भी चीज का जश्न नहीं मना सकेंगे. लुत्फ नहीं उठा पायेंगे. पिछले साल राशिद ने आस्ट्रेलिया के उनके साथ द्विपक्षीय क्रिकेट खेलने से इनकार के बाद बिग बैश लीग से हटने की धमकी दी थी. इस 25 साल के गेंदबाज के कई आस्ट्रेलियाई मित्र हैं. लेकिन उन्होंने उनसे इस मुद्दे पर बात नहीं की है. उन्होंने कहा कि मैंने किसी के साथ इसके बारे में चर्चा नहीं की, क्योंकि मुझे उनके साथ ये सारी चीजें चर्चा करने का मौका नहीं मिला. क्योंकि ये आपके हाथ में नहीं है, बल्कि इस पर आपका कोई नियंत्रण ही नहीं है. आप कुछ नहीं कर सकते. राशिद ने कहा कि यह दो मुल्कों की बात है और बतौर खिलाड़ी आप इसके बारे में कुछ नहीं कर सकते. बल्कि हम यही कर सकते हैं कि जब भी हमें क्रिकेट खेलने का मौका मिले.

### ओलंपिक में बैंगनी रंग का होगा एथलेटिक ट्रैक

**पेरिस ।** एथलीट इस साल पेरिस ओलंपिक खेलों में जब नए रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करेंगे तो दर्शकों को बैंगनी रंग का एथलेटिक ट्रैक देखने को मिलेगा. पारंपरिक ईंट जैसे लाल रंग से हटकर पहली बार ओलंपिक ट्रैक इस बार बैंगनी रंग का होगा. 'वल्केनाइज्ड रबर ट्रैक' (रासायनिक प्रक्रिया से तैयार होने वाला बेहतर कृत्रिम रबर) के टुकड़ों का उत्पादन उत्तरी इटली की एक फैक्ट्री में किया गया है और कर्मचारी उन्हें ट्रैक स्पर्धाओं की मेजबानी करने वाले राष्ट्रीय स्टेडियम 'स्टेड डी फ्रांस' में बिछा रहे हैं. ट्रैक को कवर करने के लिए 'वल्केनाइज्ड रबर' के 1,000 से अधिक रोल का उपयोग किया जाएगा. इसमें लगभग एक महीने का समय लगेगा और कुल मिलाकर गोंद के 2,800 डब्बे लगेंगे. 'मोंडो' ने 1976 में मॉन्ट्रियल के बाद से हर ग्रीष्मकालीन खेलों का एथलेटिक ट्रैक तैयार किया है और कंपनी को पेरिस में और भी बेहतर ट्रैक बनाने की उम्मीद है.

# स्टेडियम में हो सकता है ओलंपिक उद्घाटन समारोह : इमैनुअल मैक्रों

**एजेंसी । पेरिस**



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने सोमवार को कहा कि योजना के अनुसार सीन नदी पर होने वाले पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह को सुरक्षा कारणों से राष्ट्रीय स्टेडियम 'स्टेड डि फ्रांस' में कराया जा सकता है. पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक से पहले फ्रांस में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये जा रहे हैं क्योंकि इस दौरान लाखों दर्शकों के देश पहुंचने की उम्मीद है.

उद्घाटन समारोह में करीब 10,500 खिलाड़ियों को नावों में बिठाकर सीन नदी पर छह किलोमीटर (3.7 मील) दूर तक परेड करायी जायेगी और दर्शक किनारे से बैठकर उन्हें देखेंगे. लेकिन 26 जुलाई को होने वाले इस समारोह के लिए सुरक्षा के कई स्तरों की जरूरत होगी और अगर ऐसा होता है तो स्टेडियम के बाहर होने वाला यह पहला ओलंपिक उद्घाटन समारोह होगा. फ्रांस की मीडिया 'बीएफएम-टीवी' और 'आरएमसी' से बात करते हुए मैक्रों ने कहा कि अगर हमें लगता है कि जोखिम होगा जो हमारे सुरक्षा विश्लेषकों के आकलन पर निर्भर करेगा तो हमारे पास 'बी' और 'सी' योजना भी है. सुरक्षा जोखिम को कम करने के लिए मैक्रों ने कहा कि आयोजक सीन नदी पर परेड के कार्यक्रम को छोटा करने का फैसला कर सकते हैं और यहां तक कि समारोह को राष्ट्रीय स्टेडियम 'स्टेड डि फ्रांस' में कराया जा सकता है.

शतरंज

गुकेश व प्रज्ञानानंदा के बीच ऑल इंडियन मुकाबला ड्रॉ रहा, किसी अन्य का नतीजा भी नहीं निकला

# ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने फिर हिकारू नाकामूरा को हराया

**भाषा । टोरंटो**



शतरंज टूर्नामेंट

- रूस के इयान ने फ्रांस के फिरोजा के साथ अंक बांटे
- नेपोमनियाची व गुकेश 5 .5 अंक के साथ शीर्ष पर

भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने पिछले मैच में शिकस्त के बाद जोरदार वापसी करते हुए रविवार को टोरंटो में चल रहे कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में अमेरिका के दूसरे वरीय हिकारू नाकामूरा को हरा दिया. डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा के बीच ऑल इंडियन मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि किसी अन्य बाजी का भी नतीजा नहीं निकला.

रूस के इयान नेपोमनियाची ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के साथ अंक बांटे जबकि अजरबेजान के निजात अबासोव ने अमेरिका के फाबियानो करूआना को बराबरी पर रोका. साल के इस सबसे बड़े टूर्नामेंट में अब पांच दौर का खेला बाकी है. नेपोमनियाची और गुकेश संभावित नौ में से 5.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं. प्रज्ञानानंदा पांच अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं. नाकामूरा, गुजराती और करूआना 4.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं. अलीरेजा 3.5 अंक के साथ सातवें जबकि अबासोव तीन अंक के साथ आठवें स्थान पर हैं. पहले हाफ में नाकामूरा को हराने वाले विदित ने दूसरे हाफ में भी अपनी इस सफलता को दोहराया. गुकेश और प्रज्ञानानंदा के बीच ऑल इंडियन मुकाबला 41 चाल के बाद ड्रॉ पर समाप्त हुआ. अलीरेजा के खिलाफ नेपोमनियाची मुश्किलों में घिरा होने के बावजूद वापसी करते हुए मुकाबला ड्रॉ कराने में सफल रहे. अबासोव ने भी सफेद मोहरों से खेलते हुए करूआना को कोई मौका नहीं दिया.

अंततः दोनों खिलाड़ी बाजी ड्रॉ कराने पर सहमत हो गए. महिला वर्ग में आर वैशाली की वापसी की उम्मीदों को झटका लगा जब उन्हें चीन की झोंगयी टैन के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा. चीन की इस खिलाड़ी ने संभावित नौ में से छह अंक साथ एकल बढ़त बना ली है. रविवार को टैन और वैशाली की बाजी के अलावा अन्य किसी बाजी का नतीजा नहीं निकला. भारत की कोनेरू हंपी ने रूस की कैटरीना लेगनो के साथ अंक बांटे जबकि कल तक शीर्ष पर चल रहीं टिंगजी लेइ और बुल्गारिया की नुर्गयुल सेलिमोवा की बाजी भी ड्रॉ रही. यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक ने रूस की एलेक्सांद्रा गोरयाचकिना के साथ ड्रॉ खेला. टिंगजी और गोरयाचकिना 5.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं जबकि लेगनो उनसे आधा अंक पीछे पांच अंक के साथ चौथे पायदान पर है. सेलिमोवा और हंपी चार अंक के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थार पर हैं.

# माइकल स्लेटर मारपीट के आरोप में पुलिस हिरासत में

**एजेंसी । ब्रिसबेन**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर माइकल स्लेटर को मारपीट और पीछा करने सहित अन्य आरोप लगने के बाद पुलिस हिरासत में भेज दिया गया. 54 वर्षीय स्लेटर पर एक दर्जन से अधिक अपराधों का आरोप लगाया गया है.

जिसमें गैरकानूनी तरीके से पीछा करना या डराना, मारपीट, रात में किसी इरादे से घर में घुसना, शारीरिक नुकसान पहुंचाने वाला हमला और दम घोटना शामिल है. स्लेटर का मामला सोमवार को क्वींसलैंड के मारूचिडोर मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया गया. वह पिछले साल पांच दिसंबर से 12 अप्रैल के बीच विभिन्न तारीखों पर सनशाइन तट पर कथित अपराधों के कुल 19 आरोपों का सामना कर रहे हैं. स्थानीय पुलिस ने 'कई दिनों तक' कथित घरेलू हिंसा की घटनाओं के बाद पिछले शुक्रवार को सनशाइन तट पर नूसा हेड्स से एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने की पुष्टि की. स्लेटर पर जमानत का उल्लंघन करने और 'घरेलू हिंसा आदेश' का उल्लंघन करने के 10 आरोप भी लगाए गए हैं. दाएं हाथ के पूर्व ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज स्लेटर ने 1993 से 2003 के बीच 74 टेस्ट और 42 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेले.

### ▼ ब्रीफ खबरें

### ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**पटना ।** अररिया के बेला में बसमतिया पुलिस और एसएसबी ने संयुक्त रूप से गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए 45 ग्राम ब्राउन शुगर और नशीली इंजेक्शन सहित अन्य दवाइयों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है. इस कार्रवाई में एक बाइक व दो मोबाइल भी बरामद किया गया है. बसमतिया पुलिस ने बताया है की तस्कर का नाम रुपेश कुमार जो की बेला गांव के वार्ड संख्या-8 निवासी है. पुलिस गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ कर रही है.

### राजग प्रत्याशी राम प्रीत ने किया नामांकन

**मधुबनी ।** झंझारपुर संसदीय क्षेत्र के राजग प्रत्याशी रामप्रीत मंडल ने सोमवार को नामांकन दाखिल किया. निवर्तमान जदयू सांसद रामप्रीत मंडल के नामांकन के समय एनडीए घटक दल के विधायक मंत्री नीतीश मिश्रा की अगुवाई में भाजपाइयों की काफी संख्या में भीड़ देखा गया. वहीं जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार झा ने बताया कि प्रत्याशी रामप्रीत मंडल के नामांकन दाखिल के समय राजग कार्यकर्ताओं का अभूतपूर्व जुटान सापेक्ष चुनाव परिणाम का द्योतक है.

### पूर्णिया में आज होगी मोदी की जनसभा

**पटना ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पूर्णिया पहुंच रहे हैं. वे यहां रंगभूमि मैदान में बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे. प्रधानमंत्री के पूर्णिया आगमन को लेकर प्रशासनिक अमला से लेकर राजग कार्यकर्ता ने तैयारी पूरी कर ली है. आगमन को लेकर रंगभूमि मैदान में बड़ा सा मंच बना है. जहां एनडीए के तमाम बड़े नेता मौजूद रहेंगे. आगामी 19 अप्रैल को राहुल गांधी का कार्यक्रम किशनगंज में संभावित है. ऐसे में राहुल गांधी के दौरे से पहले पीएम मोदी का पूर्णिया आना सीमांचल की राजनीति की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है. प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर तैयारी का जायजा लेने पहुंचे मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि पीएम मोदी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की अलग पहचान बनाई है.

# भाजपा नेता खुलेआम संविधान बदलने की बातें कर रहे हैं : लालू

**संवाददाता । पटना**

- देश के सामने रुख उजागर होने के बाद से वह हार को लेकर आशंकित हैं
- ये लोगों को आरएसएस और पूंजीपतियों को गुलाम बनाना चाहते हैं

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने सोमवार को आरोप लगाया कि भाजपा के नेता लोकसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत मिलने पर संविधान को बदलने की बातें खुलेआम कर रहे हैं लेकिन पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसको लेकर चुप्पी साधे हुए हैं. लालू ने सवाल किया कि आखिर वे अपने दल के ऐसे नेताओं के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं? राजद की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, पार्टी सुप्रीमो ने कहा, दरअसल प्रधानमंत्री डरे हुए हैं. देश के सामने रुख उजागर होने के बाद से वह हार को लेकर आशंकित हैं. इस डर को छिपाने के लिए वह भाजपा को 270 से अधिक सीटें मिलने का दावा कर रहे हैं.



उन्होंने सवाल किया, ये भाजपा वाले चाहते क्या हैं? इन्हें संविधान, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और ग़रीबों से समस्या क्या है? प्रसाद ने कहा, संविधान बदल कर ये इस देश से समता, स्वतंत्रता, बंधुता, सामाजिक न्याय और आरक्षण खत्म करना चाहते हैं. ये लोगों को आरएसएस और पूंजीपतियों को गुलाम बनाना चाहते हैं.

प्रसाद ने कहा, बार-बार संविधान बदलने की बात कर ये क्या साबित करना चाहते हैं. हमारा संविधान बाबा साहब आंबेडकर ने लिखा है. संविधान बदलने का कोई प्रयास बर्दाश्त नहीं होगा. जो भी संविधान को बदलने का इरादा रखता है, उसकी (जनता द्वारा) आंखें निकाल ली जाएंगी. उन्होंने कहा, देश की जनता माफ नहीं करेगी. ये तानाशाही लाना चाहते हैं, संविधान को बदलने का मतलब है लोकतंत्र को बदलना.

अपने प्रतिद्वन्द्वी नीतीश कुमार पर तंज करते हुए राजद प्रमुख ने कहा नीतीश ने कह दिया कि राजग को 4000 वोट मिलेंगे. कुछ दिन बाद उन्होंने वही गलती दोहराई और खुद को सही बताने के लिए जुबान फिसलने का दावा करते हुए माफी मांग ली.

### आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला
## दारोगा का हाथ तोड़ा, केस दर्ज

**संवाददाता । बेतिया**

बेतिया पुलिस जिला के शिकारपुर थाना स्थित चेगौना गांव में रविवार की रात्रि में एक अभियुक्त को पकड़ने गई पुलिस पर अभियुक्त समेत उसके परिजनों ने हमला कर दिया. घटना में दारोगा अमित कुमार का हाथ टूट गया है तो कुछ पुलिस कर्मियों को हल्की चोटें आई है.

घटना के बाद पहुंचे अन्य पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर ली है. जबकि अन्य हमलावर भागने में सफल रहे. पुलिस ने बताया कि बीते मार्च माह में घटी मारपीट व जानलेवा हमले के आरोपित छोटन दीक्षित उर्फ मधुकेश दीक्षित को पुलिस टीम गिरफ्तार करने गई थी. इसी बीच अभियुक्त के परिजनों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया. इसमें दारोगा अमित कुमार चोटिल हो गए. हालांकि बाद में पहुंचे पुलिस अधिकारी व जवानों ने अभियुक्त छोटन को गिरफ्तार कर लिया. किंतु घटना में शामिल अन्य लोग भागने में सफल रहे. उन्होंने बताया कि दारोगा के बयान पर भी एक अलग एफआईआर अभियुक्त समेत उसके परिजनों पर की जा रही है.

### योगी ने भाजपा प्रत्याशी सुशील सिंह के पक्ष में की रैली, बोले-
# राजग को वोट दें, जो गुंडाराज व परिवारवाद को खत्म करेगा

**संवाददाता । औरंगाबाद**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बिहार के मतदाताओं से राज्य में गुंडा राज और परिवारवाद की राजनीति को खत्म करने के लिए राष्ट्रीय राजग को वोट देने की अपील की. औरंगाबाद में भाजपा प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के पक्ष में एक रैली को संबोधित करते हुए योगी ने कहा, राजद शासनकाल में बिहार के लोगों के लिए अपनी पहचान का संकट पैदा हो गया था और वही गुंडाराज को फिर से लागू करने का उन्होंने (राजद नेताओं ने) प्रयास किया.

उन्होंने कहा कि देखिए उत्तरप्रदेश में कैसे गुंडों का उपचार हो रहा है. वहां अगर बेटियों और व्यापारियों के साथ कोई छेड़छाड़ और परेशान करता है तो उसे वहां उल्टा लटका दिया जाता है. आज यूपी में माफियाओं की स्थिति क्या है. उन्होंने कहा, हमने एक तरफ अयोध्या में श्रद्धालुओं के लिए भव्य राम मंदिर बनवाया और दूसरी तरफ बड़े-बड़े माफियाओं और गुंडों को राम नाम सत्य की यात्रा पर भेजने का काम किया. यह कार्य केवल भाजपा और राजग ही कर सकता है. इसलिए मोदी जी अपना तीसरा कार्यकाल मांगने के लिए हम इस लोस चुनाव में आपके पास आए हैं.



**हर समस्या का समाधान मोदी जी ने किया**

योगी ने कहा, सारी समस्याओं का समाधान मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा ने किया है. देश को समस्याएं देने वाले कांग्रेस और राजद के ही लोग हैं. आतंकवाद, भ्रष्टाचार, गरीबों की हकमारी और दंगे भी इन्होंने ही दिए. हर प्रकार की समस्याएं इन्होंने दी और समाधान मोदी जी ने दिया है इसलिए आप राजद से कोई उम्मीद मत कीजिए. उन्होंने इस चुनाव को 'नेशन फर्स्ट' बनाम 'फैमली फर्स्ट' बताया और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद पर प्रहार करते हुए कहा, आपने देखा होगा कि वह परिवार तक की सीमित रहते हैं. परिवार के बाहर उनकी सोच है ही नहीं. सीट मिलनी है तो उनके परिवार के किसी को मिलनी है, योजना का लाभ मिलना है तो उनके परिवार को मिलना है. योगी ने कहा कि कांग्रेस और राजद के लोग पहले तो राम के अस्तित्व पर प्रश्न खड़ा करते थे और अब जबकि अयोध्या में रामलला विराजमान हो गए तो वे कहते हैं कि राम सबके हैं, इसलिए उनपर विश्वास नहीं कीजिए, ये धोखा देंगे.

**उत्तरप्रदेश में कोई कर्फ्यू नहीं होता है :** सपा का नाम लिये बिना उसकी ओर इशारा करते हुए योगी ने कहा, यहां के राजद की तरह हमारे उत्तरप्रदेश में भी शासन करने वाला एक परिवार था, जिसने राज्य में गुंडाराज फैलाया था. हमने इसे समाप्त कर दिया है. आज उत्तरप्रदेश में कोई कर्फ्यू नहीं है, कोई दंगा नहीं है, वहां सब कुछ ठीक है. योगी ने कहा, मोदी जी के तीसरे कार्यकाल का मतलब विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाना है. कांग्रेस, राजद और उनके अन्य सहयोगी दलों ने देश में जो बड़े-बड़े गड्ढे बनाए थे, अब तक तो हम लोगों ने उन्हें पाटने और उनके कचरों को साफ करने में समय लगाया है और अब रफ्तार बढ़ा करके भारत को वैश्विक नेता के तौर पर स्थापित करने का समय आ गया है. उन्होंने कहा, वैश्विक नेता के तौर पर भारत बनने का मतलब एक आत्मनिर्भर भारत होगा जहां युवा आत्मनिर्भर होंगे, महिलाएं स्वावलंबी होंगी, व्यापारी सुरक्षित होंगे और उनका व्यापार फल रहा होगा. दुनिया के अंदर उनकी अपनी धमक होगी तथा भारत दुनिया का पिछलग्गु नहीं, बल्कि सबसे अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में विश्व को नेतृत्व प्रदान कर रहा होगा. ऐसे भारत के लिए मोदी जी को तीसरा कार्यकाल दिया जाना आवश्यक है.

### सम्राट चौधरी ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान बोले
## विस चुनाव से पहले 10 लाख नौकरी देंगे

**संवाददाता । पटना**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने सोमवार को प्रेस वार्ता की. इस दौरान उन्होंने भाजपा के घोषणापत्र और लालू परिवार पर जमकर हमला बोला. उन्होंने रोजगार पर बात करते हुए कहा कि कुछ लोग समझते हैं सरकारी नौकरी देना ही रोजगार होता है. बिहार की जनता निश्चिंत रहे 2025 विधानसभा चुनाव से पहले 10 लाख नौकरी सरकार देगी. कुछ लोग ख्वाब दिखाने की कोशिश कर रहे हैं. वह जमीन लूटने की योजना बना रहे हैं. उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब है गारंटी पूरा होना है. 2014 का घोषणा पत्र या 2019 का घोषणा पत्र सभी पूरा किया गया है. गरीब कल्याण, नारी शक्ति, युवा और किसान का संकल्प पत्र है. विकसित भारत बनाने के लिए यह संकल्प पत्र जारी किया गया है. डबल इंजन सरकार ने बिहार जैसे प्रदेश में विकास करने का काम किया है. साढ़े 8 करोड़ बिहारी को 5 लाख का इलाज और 5 किलो अनाज देने की गारंटी है. नरेंद्र मोदी की सरकार ने तीन तलाक की कुप्रथा को समाप्त किया है.



उन्होंने कहा कि लालू-राबड़ी के शासनकाल में उनके परिवार के लोग राजा की तरह रहे हैं. तेजस्वी यादव के पास पांच विभागों के मंत्री रहे, कितनी विभाग में कितनी नौकरियां दी गईं? 'इंडिया' योजना बनाती है उस पर काम क्या होता है? बिहार के लोगों को ठगना राजद परिवार का प्रथम धर्म है. सनातन का मजाक लालू परिवार हमेशा करते आए हैं. लालू सावन में मटन बनाते हैं, तेजस्वी नवरात्र में मछली खाते हैं. बिहार में जातीय सर्वे का पॉलिसी एनडीए सरकार ने बनाई थी.

### मुंडन कार्यक्रम में गई छात्रा की डूबने से मौत

**आरा ।** जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के केशवपुर घाट पर गंगा नदी में डूबने से एक छात्रा की मौत हो गई. छात्रा इंटर की पढ़ाई करती थी. वह अपने पड़ोसी की बेटी के मुंडन कार्यक्रम में गई थी. मृत छात्रा की पहचान पीरो थाना क्षेत्र के तिलाठ गांव निवासी राजेंद्र राम की बेटी शारदा कुमारी (17) के रूप में हुई है. मृत छात्रा के चाचा विक्की ने बताया कि उनके पड़ोसी संटू की बेटी अनुष्का का मुंडन कार्यक्रम था, जिसको लेकर सभी लोग केशवपुर घाट पर गए थे. जहां पर शारदा गंगा नदी में नहाने चली गई. नहाने के दौरान गहराई का पता नहीं चल पाया, जिसकी वजह से वह नदी में डूब गई. पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गयी है.

## राजभवन के बुलावे पर भी नहीं पहुंचे केके पाठक

**संवाददाता । पटना**

शिक्षा विभाग और राजभवन के बीच मतभेद गहराता जा रहा है. राजभवन की ओर से शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के कार्यालय में सोमवार को उपस्थित रहने को कहा गया था. लेकिन राज्यपाल के बुलावे को नजरअंदाज करते हुए पाठक राजभवन नहीं पहुंचे.

दरअसल, 9 अप्रैल को राजभवन में राज्यपाल की अध्यक्षता में कुलपतियों की बैठक हुई थी. इस बैठक में पाठक को भी आमंत्रित किया गया था. लेकिन इस बैठक में पाठक अनुपस्थित थे. इसके बाद 10 अप्रैल को राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चोंग्थू ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखा. इस पत्र में कहा गया कि राज्यपाल सह कुलाधिपति ने बैठक में पाठक की अनुपस्थिति पर खेद व्यक्त किया है. राज्यपाल ने पाठक से यह भी जानना चाहा कि किन परिस्थितियों में वे बैठक में शामिल नहीं हुए. इसी सिलसिले में पाठक 15 अप्रैल को राज्यपाल के कक्ष में उपस्थित होने को कहा गया था.बता दें कि शिक्षा विभाग और राजभवन लंबे समय से आमने-सामने हैं.

## कारोबार

### अंबुजा 'ग्राइंडिंग' इकाई का करेगी अधिग्रहण

**नयी दिल्ली ।** अंबुजा सीमेंट्स तमिलनाडु के तूतीकोरीन में माई होम समूह की सीमेंट ग्राइंडिंग इकाई का कुल 413.75 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करेगी. अडाणी समूह का हिस्सा अंबुजा सीमेंट्स ने सोमवार को बयान में बताया कि माई होम समूह की सीमेंट ग्राइंडिंग इकाई का अधिग्रहण करने के लिए एक निश्चित समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं. इकाई की क्षमता 1.5 एमटीपीए है. वहीं आंतरिक स्रोतों के जरिए 413.75 करोड़ रुपये के कुल मूल्य पर अधिग्रहण से दक्षिणी बाजारों में कंपनी को तटीय पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी.

### शेयरचैट ने 4.9 करोड़ डॉलर जुटाए

**नयी दिल्ली ।** घरेलू सोशल मीडिया कंपनी शेयरचैट ने मौजूदा निवेशकों लाइटस्पीड, टेमासेक और एल्केन कैपिटल तथा अन्य से परिवर्तनीय डिबेंचर के जरिये 4.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं. कंपनी ने बयान में कहा कि जुटाई गई पूंजी से उसे अपनी विज्ञापन लक्ष्यीकरण तकनीक, शेयरचैट लाइव और मोज लाइव की वृद्धि बनाए रखने में मदद मिलेगी. शेयरचैट ऐप पहले ही परिचालन लाभ में है और शॉर्ट वीडियो ऐप मोज को अगले कुछ महीनों में परिचालन लाभ हासिल करने की उम्मीद है.

### चीनी निर्यात की अनुमति देने से किया इनकार

**नयी दिल्ली ।** सरकार ने अक्टूबर में समाप्त होने वाले मौजूदा 2023-24 सीजन में चीनी निर्यात की अनुमति देने की संभावना से सोमवार को इनकार कर दिया. वर्तमान में चीनी के निर्यात पर अनिश्चित समय तक के लिए प्रतिबंध लगा हुआ है. हालांकि, भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने सरकार से 2023-24 सीजन में 10 लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति देने का अनुरोध किया है. उसे सीजन के अंत तक पर्याप्त भंडार होने की उम्मीद है. खाद्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, फिलहाल, सरकार चीनी निर्यात पर विचार नहीं कर रही है, हालांकि उद्योग ने इसका अनुरोध किया है.

### टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स अब टेस्ला के ग्लोबल सप्लाई के लिए चिप मैन्युफैक्चर करेगी
# भारत आने से पहले ही टेस्ला को मिला टाटा का साथ

**भाषा । नयी दिल्ली**

भारत आने के पहले ही एलन मस्क की टाटा के साथ डील हो गई. टेस्ला ने अपनी कारों के लिए टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स से सेमीकंडक्टर चिप खरीदने के लिए यह बड़ी डील की है. यह डील तब हुई है, जब टेस्ला भारत में फैक्ट्री लगाने की कोशिश में है. अमेरिकी इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरर टेस्ला ने इसके लिए टाटा के साथ स्ट्रैटेजिक डील साइन किया है.

**मस्क दो बार पीएम मोदी से मुलाकात कर चुके हैं**




एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस डील के तहत टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स टेस्ला के ग्लोबल सप्लाई के लिए चिप मैन्युफैक्चर करेगी. यह डील ऐसे समय में हुई है जब टेस्ला के मालिक एलन मस्क भारत आने वाले हैं. मस्क प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिलेंगे. जानकारी है कि मस्क 22 से 27 अप्रैल के बीच भारत आ सकते हैं. इस दौरान टेस्ला के मालिक भारत में कार मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाने का ऐलान कर सकते हैं. मस्क ने एक्स पोस्ट में लिखा- पीएम मोदी से मुलाकात का इंतजार है. उनकी यह पहली भारत यात्रा होगी. इससे पहले मस्क दो बार पीएम मोदी से मुलाकात कर चुके हैं.

इससे पहले बताया गया था कि टेस्ला इस महीने भारत में एक टीम भेजेगी, जो देश में दो से तीन बिलियन डॉलर (16 हजार करोड़ से 25 हजार करोड़) के इलेक्ट्रिक कार मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के लिए जगह की तलाश करेगी. इलेक्ट्रिक कार मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के लिए टीम का फोकस महाराष्ट्र, गुजरात और तमिलनाडु जैसे ऑटोमोटिव हब वाले राज्यों पर होगा. इसकी वजह इन राज्यों के पोर्ट हैं, जहां से कारों का एक्सपोर्ट आसान होगा.

बताया जाता है कि टेस्ला भारत में इलेक्ट्रिक कार के साथ बैटरी स्टोरेज सिस्टम भी बनाना और बेचना चाहती है. कंपनी ने इसके लिए भारतीय अधिकारियों के पास एक प्रपोजल दिया था. सूत्रों की मानें तो एलन मस्क भारत में दो से तीन बिलियन डॉलर का निवेश करेंगे. निवेश करने के प्लान की घोषणा करेंगे. टेस्ला न केवल भारत के लिए कारों की मैन्युफैक्चरिंग करना चाहती है, बल्कि यहां से उन्हें ग्लोबल मार्केट में एक्सपोर्ट भी करना चाहती है. इसके अलावा मस्क भारत में जल्द ही सैटेलाइट बेस्ड ब्रॉडबैंड सर्विसेज भी शुरू कर सकते हैं.

जानकारी है कि स्टारलिंक के लिए रेगुलेटरी अप्रूवल्स फाइनल स्टेज में है. कंपनी को जल्द ही लाइसेंस मिलने की उम्मीद है. एक महीने पहले भारत सरकार ने ईवी पॉलिसी में बदलाव किया था. नई पॉलिसी के अनुसार, कुछ मॉडल्स के इंपोर्ट पर इंपोर्ट ड्यूटी 100% से घटाकर 15% कर दिया गया था. इसके लिए निवेशकों को कम से कम 50 मिलियन डॉलर (करीब 4,172 करोड़) निवेश करना होगा. सरकार के इस नई पॉलिसी से लंबे समय से भारत में आने का रास्ता तलाश रही अमेरिकी बिजनेसमैन एलन मस्क की ईवी कंपनी टेस्ला के लिए भारत में एंट्री आसान हो गई. टेस्ला की सबसे सस्ती गाड़ी मॉडल तीन की कीमत अमेरिका में 40,000 डॉलर है. एक बार चार्ज करने पर 263 किलोमीटर तक जा सकती है. इसमें पांच लोगों के बैठने की जगह है. टॉप स्पीड 140 किलोमीटर प्रति घंटा है. 5.3 सेकेंड में 60 मील प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकती है. वहीं मॉडल वाई सात सीट वाली गाड़ी है. इसकी कीमत अमेरिका में 54,000 डॉलर है. यह एक बार चार्ज होने पर 326 किलोमीटर तक जा सकती है. इसकी टॉप स्पीड 135 किलोमीटर प्रति घंटा है. 4.8 सेकेंड में 60 मील प्रति घंटे की स्पीड में आ सकती है.

**मिलाया हाथ**

- 22 से 27 अप्रैल के बीच मस्क भारत आ सकते हैं
- इस दौरान मस्क प्लांट लगाने का ऐलान कर सकते हैं



**सेल्फी**

वाराणसी में एक फैशन शो के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन अपने प्रशंसकों के साथ सेल्फी खिंचवाती हुईं.

## रोज वैली ग्रुप की 22 संपत्तियों की होगी नीलामी

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) रोज वैली ग्रुप द्वारा अवैध योजनाओं के माध्यम से लोगों से जुटाये गये धन की वसूली के लिए समूह की कंपनियों की 22 संपत्तियों की नीलामी करेगा. 20 मई को होने वाली इस नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य 8.6 करोड़ रुपये रखा गया है. सेबी ने सोमवार को एक नोटिस में कहा कि जिन संपत्तियों की नीलामी की जाएगी उनमें पश्चिम बंगाल में स्थित फ्लैट और कार्यालय स्थल शामिल हैं. ई-नीलामी 20 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे के बीच आयोजित की जाएगी. इन संपत्तियों का कुल आरक्षित मूल्य 8.6 करोड़ रुपये रखा गया है.





भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने कहा कि उसने संपत्तियों की बिक्री में मदद के लिए क्विकर रियल्टी की सेवा ली है. समिति परिसंपत्तियों की बिक्री की निगरानी करेगी और धन का उपयोग निवेशकों को भुगतान करने के लिए किया जाएगा. कलकत्ता कोर्ट के मई, 2015 में पारित एक आदेश के बाद समिति का गठन किया गया था. नोटिस के अनुसार, बोली लगाने वालों को अपनी बोली जमा करने से पहले नीलामी में रखी गई संपत्तियों की देनदारी, कानूनी विवाद जैसी पूरी जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिए.

**बढ़ोतरी** — देश में सब्जियों, आलू, प्याज और कच्चे तेल की कीमतों में हुई बढ़ोतरी के कारण
# थोक मुद्रास्फीति मार्च में मामूली बढ़त के साथ 0.53% हुई

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

देश में सब्जियों, आलू, प्याज और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण थोक मुद्रास्फीति मार्च में मामूली रूप से बढ़कर 0.53 प्रतिशत हो गई, जो फरवरी में 0.20 प्रतिशत थी. थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी. नवंबर में यह 0.26 प्रतिशत थी. दिसंबर, 2022 में यह 5.02 प्रतिशत के स्तर पर थी. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा, अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आंकड़ों पर आधारित मुद्रास्फीति की वार्षिक दर मार्च 2024 में 0.53 प्रतिशत



(अस्थायी) रही. आलू की मुद्रास्फीति मार्च 2023 में 25.59 प्रतिशत थी जो मार्च 2024 में 52.96 प्रतिशत रही. प्याज की मुद्रास्फीति 56.99 प्रतिशत रही जो मार्च 2023 में शून्य से नीचे 36.83 प्रतिशत थी. आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों के बढ़ने से इस साल मार्च में कच्चे पेट्रोलियम खंड में मुद्रास्फीति 10.26 प्रतिशत बढ़ गई. हालांकि, मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट के कारण इस साल मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई. सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति मार्च में बढ़कर 5.66 प्रतिशत हो गई. यह फरवरी में 5.09 प्रतिशत थी. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा पिछले सप्ताह खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति मार्च में 8.52 प्रतिशत रही.

### रियल एस्टेट का मामला
## पिछले वित्त वर्ष में निवेश 16% घटा

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

विदेशी निवेशकों की कमजोर भावनाओं के बीच रियल एस्टेट क्षेत्र में निजी इक्विटी (पीई) निवेश पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 16 प्रतिशत घटकर 3.67 अरब अमेरिकी डॉलर रहा. रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने अपनी रिपोर्ट 'कैपिटल फ्लक्स' में बताया कि भारतीय रियल एस्टेट में निजी इक्विटी (पीई) सौदों का आकार 2023-24 में घटकर 367.4 करोड़ अमरीकी डॉलर हो गया. यह वित्त वर्ष 2022-23 में 435.8 करोड़ अमरीकी डॉलर था. रियल एस्टेट में पीई प्रवाह 2019-20 में 513.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर, 2020-21 में 637.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर, 2021-22 में 423.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर था. एनारॉक कैपिटल के प्रबंध निदेशक शोभित अग्रवाल ने कहा, भारतीय रियल एस्टेट में पीई निवेश में गिरावट की प्रमुख वजह वैश्विक वृहद आर्थिक कारक और भू-राजनीतिक अस्थिरता के कारण विदेशी निवेशकों की कम गतिविधि रही.

### भारतीय शेयर बाजार में मचा हाहाकार
## सेंसेक्स 845 अंक लुढ़का निफ्टी भी 247 अंक टूटा

**एजेंसी । मुंबई**

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 845 अंक और लुढ़क गया. पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई. तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 845.12 अंक यानी 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ दो सप्ताह के निचले स्तर 73,399.78 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान एक समय यह 929.74 अंक तक लुढ़क गया था. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 246.90 अंक यानी 1.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,272.50 अंक पर बंद हुआ. इससे पहले, शुक्रवार को सेंसेक्स 793.25 अंक और निफ्टी 234.40 अंक के नुकसान में रहा था. कुल मिलाकर दो कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 1,638 अंक यानी 2.19 प्रतिशत और निफ्टी 481 अंक यानी 2.13 प्रतिशत टूटा है. व्यापक बाजार में, बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 1.54 प्रतिशत और मिडकैप में 1.50 प्रतिशत की गिरावट आई. विश्लेषकों के अनुसार, एफआईआई की पूंजी निकासी और अमेरिका में मुद्रास्फीति अनुमान से अधिक बढ़ने से बाजार नुकसान में रहा. इसके अलावा, पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने तथा भारत-मॉरीशस कर संधि में प्रस्तावित बदलाव से भी बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा.

▼ ब्रीफ खबरें

## अफगानिस्तान में बाढ़ से 33 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद ।** अफगानिस्तान में भारी बारिश के कारण अचानक आयी बाढ़ के कारण तीन दिन में कम से कम 33 लोगों की मौत हो गयी और 27 अन्य घायल हो गए हैं. प्राकृतिक आपदा प्रबंधन मंत्रालय के लिए तालिबान के प्रवक्ता अब्दुल्ला जनान सैक ने बताया कि राजधानी काबुल और कई प्रांतों में अचानक बाढ़ आ गयी है. उन्होंने बताया कि बाढ़ के कारण 600 से अधिक मकान नष्ट या क्षतिग्रस्त हो गए हैं जबकि करीब 200 मवेशियों की मौत हो गयी है.

## इंडोनेशिया में भूस्खलन से 18 लोगों की मौत

**इंडोनेशिया।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर हुए भूस्खलन के बाद खोज एवं बचाव दल ने 18 लोगों के शव मलबे से निकाल लिये हैं जबकि दो लापता लोगों की तलाश की जा रही है.बचाव दल के प्रमुख मेक्सियानुस बीकाबेल ने बताया कि बचावकर्मियों ने मकाले गांव में करीब 14 शवों को मलबे से बाहर निकाला, वहीं दक्षिण मकाले में चार शवों को मलबे से बाहर निकाला गया. स्थानीय पुलिस प्रमुख गुनार्डी मुंडू ने बताया कि दक्षिण सुलावेसी द्वीप पर बारिश के कारण पहाड़ों से मिट्टी खिसक कर चार घरों पर आ गिरी.

## सपा उम्मीदवार आदित्य यादव ने नामांकन भरा

**बदायूं (उप्र) ।** बदायूं संसदीय सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) के उम्मीदवार आदित्य यादव ने सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. इस मौके पर बदायूं के पूर्व सपा सांसद धर्मेंद्र यादव भी मौजूद थे. सपा ने रविवार को बदायूं सीट पर सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव की जगह उनके पुत्र आदित्य यादव को उम्मीदवार घोषित किया. सोमवार को आदित्य यादव ने पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव, जिलाध्यक्ष आशीष यादव आदि नेताओं की मौजूदगी में नामांकन पत्र दाखिल किया.

## तंजानिया में बाढ़ में 58 लोगों की मौत

**नैरोबी :** तंजानिया में बाढ़ के कारण पिछले दो सप्ताह में कम से कम 58 लोगों की मौत हो गयी. इस पूर्वी अफ्रीकी देश में जबरदस्त बारिश जारी है. सरकार ने इसकी जानकारी दी. सरकार ने बताया कि तटीय इलाकों में बारिश से सबसे अधिक कहर ढाया और करीब 126,831 लोग प्रभावित हुए हैं. सरकारी प्रवक्ता मोभारे मतिन्यी ने बताया कि प्रभावित लोगों के लिए रविवार को भोजन समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया.

## पाकिस्तान की यात्रा करेंगे ईरानी राष्ट्रपति

**इस्लामाबाद ।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच, ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी 22 अप्रैल को पाकिस्तान की यात्रा करने वाले हैं. यह जानकारी सोमवार को पाकिस्तानी मीडिया ने दी. खबर के अनुसार इस दौरान रईसी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और सैन्य नेतृत्व के साथ बैठक करेंगे. 'जियो न्यूज' की खबर के अनुसार रईसी की यह अपेक्षित यात्रा ऐसे समय होगी जब तेहरान ने कुछ दिन पहले ही सीरिया में दमिश्क स्थित अपने वाणिज्य दूतावास पर कई ड्रोन दागे गए हैं.

## धर्मशाला में कंगना रनौत ने दलाई लामा से की मुलाकात

**धर्मशाला।** बॉलीवुड अभिनेत्री और मंडी लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार कंगना रनौत ने सोमवार सुबह यहां तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा से मुलाकात की. इस मुलाकात के दौरान हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी उनके साथ थे. रनौत ने कहा, दलाई लामा से मिलना एक अद्भुत अनुभव है. यह एक ऐसा अनुभव है जिसे मैं जीवन भर याद रखूंगी. मुलाकात के बाद कंगना ने अपना चुनाव अभियान जारी रखा और चंबा जिले के भरमौर क्षेत्र की यात्रा की. हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच बेहद करीबी मुकाबला हो सकता है, यहां कंगना का मुकाबला प्रदेश सरकार में मंत्री विक्रमादित्य सिंह से है.



### जेल में केजरीवाल से मिले भगवंत मान, कहा-

## उनके साथ कट्टर अपराधी जैसा व्यवहार कर रहा है प्रशासन

एजेंसी। नयी दिल्ली

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को तिहाड़ जेल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की और आरोप लगाया कि आप प्रमुख को वह सुविधाएं भी नहीं दी जा रही हैं जो कट्टर अपराधियों को उपलब्ध होती हैं. मान ने कहा कि वह केजरीवाल से आधे घंटे के लिए मिले लेकिन उनके बीच एक कांच की दीवार थी, और दोनों नेताओं के बीच फोन कॉल के जरिये बातचीत हुई. मान ने कहा, मैं उन्हें देखकर भावुक हो गया. उनके साथ एक कट्टर अपराधी की तरह व्यवहार किया जा रहा है. उनकी गलती क्या है? क्या यह उनकी गलती है कि उन्होंने



मोहल्ला क्लीनिक बनाए? मुख्यमंत्री ने कहा कि केजरीवाल ने उन्हें विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के उम्मीदवारों के प्रचार के लिए विभिन्न स्थानों पर जाने के लिए कहा है. उन्होंने दावा किया कि चार जून को लोकसभा चुनाव परिणाम घोषित होने पर आम आदमी पार्टी एक मजबूत राजनीतिक ताकत बनकर उभरेगी. मौके पर आप सांसद संदीप पाठक ने कहा कि केजरीवाल को दिल्ली के लोगों की चिंता है.

### मोदी ने अट्टिंगल लोस क्षेत्र के कट्टकडा में जनसभा को किया संबोधित, बोले

# भाजपा के घोषणापत्र में समाज के हर वर्ग के लिए खाका पेश किया

एजेंसी ।तिरुवनंतपुरम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि एक दिन पहले जारी भाजपा के घोषणापत्र में भारतीय समाज के हर वर्ग के लिए एक विस्तृत खाका (रोडमैप) पेश किया गया है. मोदी ने अट्टिंगल लोकसभा क्षेत्र के कट्टकडा में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करने के दौरान केरल के तटीय समुदाय तक पहुंच बनाने के लिए उन्होंने समुद्र तट की सुरक्षा, उनकी आजीविका की रक्षा और उनके लिए एक सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने का वादा किया. प्रधानमंत्री ने केरल में 'एलडीएफ' और कांग्रेस की साख और विश्वसनीयता पर भी सवाल उठाया और कहा कि वे तिरुवनंतपुरम में एक-दूसरे से लड़ते हैं, लेकिन तिरुनेलवेली (तमिलनाडु में) में सहयोगी हैं. उन्होंने यह भी कहा कि पिछले सभी वर्षों में कांग्रेस और वाम दलों के निष्प्रभावी शासन के कारण राज्य में राजनीतिक हत्याओं और महिलाओं के खिलाफ अपराधों के कारण केरल में कानून व्यवस्था की स्थिति सुर्खियों में रही है. उन्होंने केरल की वामपंथी सरकार पर हमला करने के लिए राज्य में सोने की तस्करी और सहकारी बैंक घोटालों का मुद्दा उठाया.



### खास बातें

- कांग्रेस व वामदलों के चलते राज्य में हत्याएं हो रही हैं
- आम लोगों से समुद्र तट की सुरक्षा का वादा किया

**हाथ हिलाकर किया अभिवादन :** उन्होंने कहा कि भ्रष्ट लोग उन्हें रोकने के लिए गठबंधन कर रहे हैं, लेकिन वह उनसे डरने वाले नहीं हैं. जब प्रधानमंत्री कट्टकडा पहुंचे, तो उन्होंने अपने स्वागत के लिए सड़क किनारे एकत्र जनता का हाथ हिलाकर अभिवादन किया और इसके लिए वह अपने वाहन के पायदान खड़े थे, एक रोड शो की तरह. राज्य की राजधानी से हेलीकॉप्टर के माध्यम से कट्टकडा पहुंचे मोदी अट्टिंगल लोकसभा क्षेत्र में आयोजित भाजपा की सार्वजनिक सभा में शामिल होने के लिए आए थे. बता दें कि केरल की 20 लोकसभा सीट के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा.

### आदिवासी क्षेत्रों का विकास हमारी प्राथमिकता: शाह

**अगरतला ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि त्रिपुरा में आदिवासी इलाकों का विकास भाजपा की प्राथमिकता है. शाह ने कुमारघाट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि टिपरा मोथा के साथ ऐतिहासिक समझौते में राज्य के आदिवासी समुदाय के सभी मुद्दों का ध्यान रखा गया था. शाह ने माकपा के नेतृत्व वाले वाम मोर्चा पर दुष्प्रचार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि समझौते में समुदायों के बीच सद्भाव और राज्य के विकास के उपाय सुनिश्चित किए गए हैं. उन्होंने कहा, कांग्रेस और वामदलों ने कभी भी आदिवासी समुदाय से किसी को भी उच्च पद पर नहीं रहने दिया. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहली बार भारत को इस समुदाय से राष्ट्रपति देकर आदिवासियों का सम्मान किया. उन्होंने कहा, 2014 से पहले जनजातीय मामलों के मंत्रालय का बजट 24,000 करोड़ रुपये था. प्रधानमंत्री मोदी के तहत यह बढ़कर 1,25,000 करोड़ रुपये हो गया.



### दिल्ली आबकारी घोटाला

## के. कविता को 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजा

एजेंसी। नयी दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के संबंध में भ्रष्टाचार के एक मामले में गिरफ्तार बीआरएस की नेता के. कविता को सोमवार को 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया. कविता को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था, जिसके बाद से वह तिहाड़ में बंद थीं. न्यायाधीश द्वारा पूर्व में दी गई तीन दिन की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद सीबीआई ने आरोपी को अदालत में पेश किया और न्यायिक हिरासत की मांग की. सीबीआई ने अदालत को बताया कि कविता को हिरासत में लेकर पूछताछ करने की जरूरत नहीं है. कविता के साथ-साथ दीपक नागर का पक्ष रख रहे वकील नितेश राणा ने पुलिस की अर्जी का विरोध किया और कहा कि कविता को हिरासत में रखने के लिए पर्याप्त आधार नहीं है क्योंकि अब उन्हें हिरासत में रखकर पूछताछ की आवश्यकता नहीं है. बीआरएस नेता से मामले में सह-आरोपी बुच्ची बाबू के फोन से मिले व्हाट्सऐप चैट और एक भूमि सौदे से संबंधित दस्तावेजों के बारे में पूछताछ की गई थी.



## 60 से 70 प्रतिशत सीट जीतेंगे : शरद पवार

**सतारा ।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के नेता शरद पवार ने सोमवार को कहा कि एमवीए लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की 60 से 70 प्रतिशत सीट पर जीत दर्ज कर सकती है. पवार एमवीए उम्मीदवार शशिकांत शिंदे द्वारा यहां से नामांकन पत्र दाखिल किए जाने के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे. शिंदे ने पवार और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. एमवीए में शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस घटक हैं और महाराष्ट्र की कुल 48 लोस सीट में से क्रमशः 21, 10 और 17 सीट पर तीनों दल चुनाव लड़ रहे हैं. राज्य में आम चुनाव के परिदृश्य पर पवार ने कहा, इस बार आश्चर्य नहीं होगा अगर एमवीए कुल 60 से 70% सीट पर जीत दर्ज करेंगे.

## निर्वाचन आयोग ने डीआईजी को हटाया

**नयी दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने सोमवार को मुर्शिदाबाद के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) को हटाने का आदेश दिया. सूत्रों ने बताया कि आयोग ने और घटनाओं को तुरंत रोकने में अधिकारी की ओर से निगरानी की कमी को लेकर उन पर यह कार्रवाई की है. उन्होंने कहा कि मुर्शिदाबाद में दो हिंसक घटनाएं दर्ज की गयीं जिसमें हथियारों और विस्फोटकों का इस्तेमाल किया गया. सूत्रों ने बताया कि लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले पश्चिम बंगाल का दौरा करते हुए निर्वाचन आयोग ने कहा था कि चुनावी हिंसा को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

### राबर्ट वाड्रा ने बांकेबिहारी के दर्शन किये, कहा-

## अयोध्या हो या मथुरा, हम हर जगह को एक तरह से देखते हैं

एजेंसी। मथुरा (उप्र)



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाद्रा सोमवार को वृंदावन के बांकेबिहारी का दर्शन करने पहुंचे. उन्होंने स्थानीय सेवायतों के सानिध्य में ठाकुरजी की श्रृंगार आरती के दर्शन किये और कहा कि अयोध्या हो या फिर मथुरा, वह हर जगह को एक तरह से देखते हैं. उन्होंने कहा, इसमें राजनीति की कोई बात नहीं होनी चाहिए. जब भी किसी को कोई परेशानी होती है तो वह अपने भगवान को याद करता है. वह किसी नेता या पार्टी को याद नहीं करता. उन्होंने भाजपा पर भेदभाव की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस को सनातन विरोधी कहना भाजपा का प्रचार का अपना तरीका है. उन्होंने दावा किया कि उनका पूरा परिवार भेदभाव से दूर धर्मनिरपेक्ष है.

### संदेशखाली केस

## कोर्ट ने शाहजहां को 14 दिनों के लिए भेजा जेल

**कोलकाता ।** उत्तर 24 परगना के संदेशखाली केस में पहले सीबीआई फिर ईडी के द्वारा गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. राशन घोटाले, मनी लॉन्ड्रिंग, जमीनों पर कब्जा, महिलाओं के यौन शोषण और ईडी की टीम पर हमला करवाने के आरोपी शेख को पीएमएलए कोर्ट ने ईडी के वकील के अनुरोध पर अपना फैसला सुनाया. बता दें कि शेख को ईडी ने 30 मार्च को गिरफ्तार किया था. उससे पहले वो सीबीआई की हिरासत में था. उसे पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश प्रशांत मुखोपाध्याय ने न्यायिक हिरासत में भेजा है. ईडी के वकील अभिजीत भद्रा ने उसकी न्यायिक हिरासत की मांग की थी.

### मणिपुर में हिंसा का मामला

## कुकी संगठनों ने चुनाव के बहिष्कार की घोषणा की

एजेंसी। चुराचांदपुर (मणिपुर)

कुकी-जो समुदाय के कुछ संगठनों ने घोषणा की है कि वे संघर्ष प्रभावित राज्य में हिंसा की ताजा घटनाओं के बाद 'न्याय नहीं तो वोट नहीं' का आह्वान करते हुए आगामी लोकसभा चुनावों का बहिष्कार करेंगे. शनिवार को इम्फाल पूर्वी जिले में दो सशस्त्र समूहों के बीच हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई, वहीं शुक्रवार को तेंगनौपाल जिले में सशस्त्र ग्रामीण स्वयंसेवकों और अज्ञात लोगों के बीच हुई गोलीबारी में तीन लोग घायल हो गए. कुकी समुदाय के लोगों ने घोषणा की है कि वे बहिष्कार के रूप में संसदीय चुनाव में कोई उम्मीदवार नहीं उतार रहे. वैश्विक कुकी-जोमी-हमार महिला समुदाय ने पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार को पत्र लिखकर चुनाव बहिष्कार के फैसले की जानकारी दी थी. यह महिलाओं का एक समूह है जिसमें पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता, बाहरी मणिपुर के पूर्व सांसद किम गांगटे और दिल्ली में कुकी-जोमी-हमार महिला मंचों के नेता शामिल हैं. इसके बाद कुकी नेशनल असेंबली और कुकी इन्पी नामक संगठन ने भी संसदीय चुनाव के बहिष्कार की घोषणा की.

कुकी नेशनल असेंबली के मांगबोई हाओकिप ने कहा कि हम चुनाव में भाग लेना नहीं चाहते. यह बहिष्कार भारत और दुनिया में हमारे दुख और पीड़ा को जताने का तरीका है.

### सलमान के घर पर गोलीबारी का मामला

## पुलिस ने बाइक मालिक से की गहन पूछताछ

**मुंबई ।** महाराष्ट्र के बांद्रा में अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कथित तौर पर इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल के मालिक से पुलिस पूछताछ कर रही है. अधिकारी ने बताया कि हमलावरों ने मोटरसाइकिल सलमान के घर से लगभग एक किलोमीटर दूर माउंट मैरी गिरजाघर के पास छोड़ दी थी. उन्होंने बताया कि यह मोटरसाइकिल नवी मुंबई के पनवेल इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति के नाम पर पंजीकृत है. पनवेल के सहायक पुलिस आयुक्त अशोक राजपूत ने बताया कि उस व्यक्ति ने हाल ही में मोटरसाइकिल किसी दूसरे व्यक्ति को बेच दी थी. बांद्रा के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर दो लोगों ने सुबह करीब पांच बजे चार गोलियां चलाईं और मौके से भाग निकले. सलमान खान गैलेक्सी अपार्टमेंट में रहते हैं.

## जीएसटी गरीबों का 'शोषण' करने वाला : एमके स्टालिन

एजेंसी। चेन्नई

तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने सोमवार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को गरीबों का शोषण करने वाला करार दिया. उन्होंने साथ ही जानना चाहा कि क्या सेल्फी लेने को भी भविष्य में इस कर के दायरे में लाया जाएगा. स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर आश्चर्य व्यक्त किया कि जीएसटी अधिनियम के तहत सभी चीज पर कर है, फिर वह होटल हो या दो पहिया वाहनों की मरम्मत. उन्होंने कहा, रेस्तरां में खाने के बिल में जीएसटी का अंश देखने के बाद मध्यमवर्गीय परिवार गब्बर सिंह टैक्स पर विलाप कर रहे हैं. आगे क्या? क्या सेल्फी लेने पर भी जीएसटी लागू होगा? क्या भाजपा (शासन) गरीबों के प्रति दया



नहीं दिखा सकती, जिसने 1.45 लाख करोड़ रुपये का कॉरपोरेट टैक्स माफ कर दिया? स्टालिन ने कहा, जीएसटी कर प्रणाली के तहत लगभग 64 प्रतिशत कर आम लोगों से आता है. 33 प्रतिशत मध्यम वर्ग से और केवल तीन प्रतिशत अति अमीरों से आता है. गरीबों के इस शोषण को बदलने के लिए 'इंडिया' (गठबंधन) के लिए वोट करें.

## पुलिस ने कांग्रेस विधायक के घर की तलाशी ली

**छिंदवाड़ा (मध्य प्रदेश) ।** नकदी और शराब की जमाखोरी की शिकायत के बाद पुलिस और आबकारी विभाग के कर्मियों ने मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में कांग्रेस के एक विधायक के आवास और अन्य परिसरों की तलाशी ली, लेकिन ऐसी कोई बरामदगी नहीं हुई. अधिकारी ने सोमवार को बताया कि कांग्रेस ने इसे भाजपा सरकार द्वारा सत्ता के दुरुपयोग के माध्यम से अपने आदिवासी विधायक नीलेश उइके का उत्पीड़न करार दिया. पुलिस अधीक्षक मनोज खत्री ने कहा कि नकदी और शराब की जमाखोरी की शिकायत के बाद, पुलिस और आबकारी कर्मियों ने रविवार की देर रात राजोला रैयत गांव में कई स्थानों पर तलाशी ली. उन्होंने बताया कि उन जगहों पर कुछ नहीं मिलने पर टीम वापस लौट गयी. छिंदवाड़ा में पांढुर्ना के विधायक उइके ने कहा कि पुलिस और विभाग की टीम ने रविवार देर रात उनके घर और कृषि क्षेत्रों पर छापेमारी की.

### कॅरियर-काउंसिलिंग

# मेकट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर बना सकते हैं कॅरियर

रजनीश प्रसाद ।रांची

मेकट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग. इंजीनियरिंग की उप-शाखा है, जो मुख्य रूप से इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल दोनों का मिला रूप है. इसमें रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर, संचार, सिस्टम, नियंत्रण एवं यांत्रिक इंजीनियरिंग और कई अन्य विषयों को भी शामिल किया गया है. मेकट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग का उपयोग जटिल, विद्युत और सॉफ्टवेयर कंपोनेंट्स को इकट्ठा करने के लिए किया जाता है. मेकट्रॉनिक्स इंजीनियर सिस्टम की क्षमता को बढ़ाते हैं. मेकट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने बाद आप मेकट्रॉनिक्स आर्किटेक्ट, ऑटोमेशन इंजीनियर, रिसर्च असिस्टेंट आदि के रूप में काम कर सकते हैं.



### मेकट्रॉनिक्स इंजीनियर की जिम्मेवारियां

- एक मेकट्रॉनिक्स इंजीनियर फैक्ट्री प्रोडक्शन, माइक्रो-कंट्रोलर, सेंसर, ऑटोमेटेड हेवी मैकेनिकल स्ट्रक्चर, प्रोग्रामेबल लॉजिक, इलेक्ट्रिक ड्राइव, हाइड्रोलिक सिस्टम आदि की डिजाइनिंग सिस्टम के लिए जिम्मेदार होता है.
- प्रोटोटाइप का आइडिया, डिजाइन और विकास करने की जिम्मेदारी होती है.
- मशीनों की जांच करने के साथ ही साथ नए उत्पाद विकास करने के लिए जिम्मेदार होता है.
- इंटेलिजेंट उपकरणों की डिजाइन में सहायता प्रदान करना.
- भारी मशीनरी के डिजाइन और विकास में सहायता करना.

### मेकट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के लिए भारत के टॉप कॉलेज

- नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) सुरथकल, कर्नाटक
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) पटना, बिहार
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी (आईआईआईटी) भागलपुर, बिहार
- वेल्लोर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) वेल्लोर, तमिलनाडु
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग साइंस एंड टेक्नोलॉजी हावड़ा, पश्चिम बंगाल
- मणिपाल अकादमी ऑफ हायर एजुकेशन मणिपाल, कर्नाटक
- थापर इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी थापर, पंजाब
- जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी हैदराबाद, तेलंगाना
- गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी नई दिल्ली
- सत्यबामा इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी चेन्नई, तमिलनाडु

### मेकट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के लिए एंट्रेंस एग्जाम

- जेईई मेन्स
- जेईई एडवांस्ड
- एमएचटी सीईटी
- ओजेईई
- बीसीईसीई
- असम सीईई
- यूपीएसईई
- केईएएम
- केसीईटी

### कॅरियर स्कोप

- अमेजन
- एप्पल
- कमिंस
- बेनडिक्स
- कैटरपिलर
- अलायंस मेकट्रॉनिक्स
- स्टार्टअप- टॉनबो इमेजिंग
- लुना बियरिंग्स
- ग्रीन थंब्स

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - दीपक कुमार अम्बष्ठ*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)